आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 145 | उज्जैन, बुधवार 10 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 10 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### गुजरात में 13 खातों से 398 करोड़ की ठगी मामले में 14 गिरफ्तार

**पाटण।** गुजरात के पाटण जिले में पुलिस ने ऑपरेशन म्यूल हंट 2.0 के तहत बड़े साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। जांच में सामने आया कि 13 बैंक खातों के जरिए 398.43 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन किए गए। इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, यह नेटवर्क देशभर में दर्ज 228 साइबर ठगी शिकायतों से जुड़ा हुआ है। कार्रवाई राज्य सरकार के ऑनलाइन धोखाधड़ी पर रोक लगाने और साइबर अपराधियों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने के अभियान के तहत की गई। जांच में सामने आया कि कुछ लोग कमीशन का लालच देकर व्यक्तियों से उनके नाम पर फर्म और बैंक खाते खुलवाते थे। बाद में इन खातों का नियंत्रण बिचौलियों और साइबर ठगों को सौंप दिया जाता था।

### ईरानी बोट्स पर हमले के लिए तैनात अमेरिकी हेलिकॉप्टर क्रैश

**तेल अवीव।** अमेरिकी सेना का एक अपाचे हेलिकॉप्टर सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास क्रैश हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूयॉर्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण गिरा या किसी हमले का शिकार हुआ। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर कल रिपोर्ट जारी की जाएगी। अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट में अपाचे हेलिकॉप्टर, एमक्यू-9 रीपर ड्रोन, एफ/ए-18 और एफ-35 लड़ाकू विमानों की मदद से सुरक्षा अभियान चला रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अपाचे हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल छोटे हथियारबंद बोट्स और ड्रोन के हमले रोकने के लिए किया जाता है।

### दोस्त के अंतिम संस्कार में रो पड़े सलमान खान



**मुंबई।** एक्टर सलमान खान परिवार के साथ मंगलवार को अपनी फैमिली फ्रेंड कुमुद राणे के अंतिम संस्कार में पहुंचे। इस दौरान सलमान के भाई सोहेल, अरबाज और उनकी मां सलमा खान भी मौजूद थीं। अंतिम संस्कार के दौरान सलमान काफी इमोशनल नजर आए। अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आई है कि कुमुद राणे का निधन किस वजह से हुआ। कुमुद दुबई में साल 2005 में स्थापित लग्जरी ब्यूटी लाउंज और सैलून 'रेन ब्यूटी बार' की मालकिन थीं। वो सलमान खान, सीमा सजदेह, महीप कपूर और संजय कपूर जैसे कई फिल्मी सेलेब्स की करीबी दोस्त थीं। उनके निधन पर संजय कपूर ने पोस्ट करते हुए लिखा, आप हमेशा हमारे दिल में रहोगी। पिछले महीने सलमान खान ने अपने 42 साल पुराने करीबी दोस्त सुशील कुमार के निधन पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दुख जताया था। सलमान ने बताया था कि सुशील उनके लिए सिर्फ दोस्त नहीं बल्कि एक भाई की तरह थे। सुशील के लिए सलमान ने एक लंबा और इमोशनल नोट लिखा था।

### महिला को नशीला पदार्थ देकर गैंगरेप, 10 आरोपी गिरफ्तार

**दावणगेरे।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले में 41 साल की महिला के साथ नशीला पदार्थ देकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि 3 जून की शाम दो लोगों ने मदद के बहाने महिला को सॉफ्ट ड्रिंक दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे गांव के बाहर एक खेत में ले जाया गया, जहां उसके साथ रेप किया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपियों का बनाया हुआ महिला का वीडियो सोशल मीडिया ग्रुपों में वायरल हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल जब्त कर लिए हैं।

### जलगांव में कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में 6 की मौत, एक घायल

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7 बजे अमलनेर के लोंढे फाटा के पास हुआ। कार में सवार लोग गुजरात से एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार की मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सामने से आ रही एक बस से जा टकराई। हादसे में कार सवार नंदलाल महाजन, अनीता महाजन, सुरेश महाजन और निर्मला महाजन की मौत हो गई। वहीं, मोटरसाइकिल सवार निलेश तावड़े और फाल्गुनी भोई ने भी दम तोड़ दिया। कार चालक आदित्य महाजन के पैर में फ्रैक्चर हुआ है।

---

भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए

## 2 साल में देश के एटमी हथियार 180 से बढ़कर 190 हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात किए हैं। देश का परमाणु हथियारों का भंडार भी 180 से बढ़कर 190 हो गया है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में यह बताया गया है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 की तैनाती की गई।

**2025 में भारत ने एक भी परमाणु हथियार तैनात नहीं किया था, लेकिन 2026 में 12 मोर्च पर तैनात किए**



पाकिस्तान के परमाणु हथियारों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। उसके पास अभी 170 परमाणु हथियार हैं। उसके कितने हथियार तैनात हैं, यह स्पष्ट नहीं है। रूस-अमेरिका की तरह भारत अपने परमाणु हथियारों की सटीक संख्या, क्षमता और नाम आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं करता। एसआईपीआरआई और दूसरी संस्थाएं केवल अनुमान के आधार पर रिपोर्ट जारी करती हैं।

### दुनिया के 9 देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार

एसआईपीआरआई इयरबुक 2026 के अनुसार दुनिया एक नए परमाणु प्रतियोगिता के दौर में पहुंच रही है। अमेरिका, रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान समेत सभी परमाणु संपन्न देश अपने हथियारों और डिलीवरी सिस्टम को तेजी से अपग्रेड कर रहे हैं। 2026 की शुरूआत में दुनिया के 9 देशों अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं। इसमें से 9,745 परमाणु हथियार सेना के भंडार गृह में हैं, जो इस्तेमाल के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

---

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का भूकंप आया

## इमारतें गिरीं, 37 लोगों की मौत

### 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए

एजेंसी ▶▶ मनीला

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 37 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5.07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया।



अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया।

### उज्ज्वला योजना में 9 की जगह अब सिर्फ चार सिलेंडर मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में गहराते युद्ध संकट के बीच भारत सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को लेकर एक बेहद बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की आसमान छूती कीमतों को देखते हुए सरकार ने सालाना सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की रिफिल की संख्या को सीधे 9 से घटाकर अब मात्र 4 कर दिया है।

## जयपुर में पटाखा गोदाम में आग से बच्चे समेत 7 की मौत

### जलने के बाद सड़क पर तड़पते रहे, लोग देखते रहे

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर के खोह नागोरियान इलाके में स्थित पटाखों के गोदाम में मंगलवार सुबह 11 बजे भीषण आग लग गई। अग्निकांड में बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में रामंगज निवासी अब्दुल वाहिद शामिल है। छह की शिनाख्त नहीं हुई है। एक मजदूर झुलसा है, जिसका एमएमएस हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में इलाज चल रहा है। एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर आरके जैन ने बताया- समीर और नासिर 95% झुलस गए। बिलाल 75% और आदिब 65% जल गया। जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने बताया पटाखों का गोदाम खोह



नागोरियान में आयशा नगर तलाई क्षेत्र आईटीआई कॉलेज के पास है। कोई ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग लगी है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया जहां हादसा हुआ, वो पटाखे रखने का गोदाम है। इसकी फैक्ट्री कुछ दूर है। पूरी जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। रिहायशी इलाके में गोदाम अवैध रूप से था तो इसके मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी।

---

### पाक सेना की बर्बरता पर भारत ने पाकिस्तान को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की सरकार और सेना का अपने ही लोगों पर गोलियां बरसाना और उनका दमन करना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के मुजफ्फराबाद में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की ओर से 30 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को मौत के घाट उतारे जाने की अपुष्ट खबरें आई हैं। भारत ने पाकिस्तान की इस बर्बरता की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और संबंधित मुद्दों पर भारत की चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रही फर्जी खबरों और वीडियो के पैटर्न पर भारत की पैनी नजर है। रणधीर जायसवाल ने इसे पाकिस्तान की अपनी विफलताओं को छिपाने और मानवाधिकारों के हनन से ध्यान भटकाने का एक हताश प्रयास बताया।

मानसून ने 13 राज्य कवर किए

### यूपी के उन्नाव में पेड़ उखड़े

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मानसून 5 दिन में 13 राज्यों तक पहुंच गया है। सोमवार को तेलंगाना में एंट्री कर चुका है। फिलहाल यह मुंबई से करीब 150 किमी दूर है और अगले 48 घंटे में शहर में दस्तक दे सकता है। वहीं, अगले सप्ताह तक यह गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और ओडिशा तक पहुंच सकता है।

मानसूनी हवाओं के असर से कई मैदानी राज्यों में गर्मी कम हुई है। साथ ही प्री-मानसून के कारण कई जगह 50-60 किमी प्रतिघंटे रफ्तार से आंधी और तेज बारिश हो रही है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में मंगलवार को आंधी से कई जगह पेड़ उखड़ गए। केरलम और कर्नाटक में पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश जारी है। मंगलवार को बेंगलुरु और बेलगावी में भारी बारिश के बाद कई सड़कों पर पानी भर गया। कुछ जगहों पर गाड़ियां पानी में बहती नजर आईं।

बड़वाह, ओंकारेश्वर, खेड़ीघाट को मिलाकर बनेगा विकास प्राधिकरण

### ओंकारेश्वर में हेलीपैड और अस्पताल बनाने को मंजूरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सिंहस्थ 2028 के लिए बनाई गई मंत्रिमंडलीय समिति ने ओंकारेश्वर में बड़वाह, ओंकारेश्वर और खेड़ी घाट क्षेत्र को मिलाकर नया विकास प्राधिकरण गठित करने को मंजूरी दे दी है। इससे खंडवा और खरगोन जिले के विकास कार्यों में तेजी आएगी। इसके साथ ही समिति ने ओंकारेश्वर में हेलीपैड और अस्पताल बनाने को भी स्वीकृति दी है। यह निर्माण कार्य किसी भी तरह की आपदा के दौरान सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

यह निर्णय आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सिंहस्थ 2028 के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की छठवीं बैठक में लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में सिंहस्थ के लिए 17 नए कार्यों को स्वीकृति दी गई। इनमें उज्जैन सहित ओंकारेश्वर के कार्य भी शामिल हैं।

#### आपदा के स्थिति में सहायक होंगे

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर में बड़ा अस्पताल बनाने और हेलीपैड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह निर्माण आपदा के स्थिति में विशेष रूप से सहायक होंगे। मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वाह, ओंकारेश्वर, खेड़ी घाट क्षेत्र के आसपास होने वाले निर्माण कार्यों के लिए अलग से प्राधिकरण गठित किया जाए।

---

## विधायकों की शिकायत पर ममता के घर पहुंची सीआईडी

### पुलिस आने के बाद एंट्री मिली, नेता विपक्ष के प्रस्ताव पर फर्जी साइन का आरोप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी में चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को सीआईडी की टीम ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंची। इसी परिसर में पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी है। शुरूआत में टीम को अंदर जाने से रोक दिया गया, लेकिन बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में अधिकारियों ने परिसर में प्रवेश किया।

टीएमसी के पूर्व सांसद सुभाषिश चक्रवर्ती ने कहा कि अभिषेक बनर्जी की गैरमौजूदगी में तलाशी की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि अभिषेक के आने के बाद एजेंसी जांच कर सकती है। दरअसल, पार्टी के कुछ बागी विधायकों ने स्पीकर को शिकायत भेजी थी। उनका आरोप है कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता विपक्ष बनाने के प्रस्ताव पर अभिषेक बनर्जी के लेटरहेड का इस्तेमाल किया गया और उस पर फर्जी साइन किए गए। विधायकों ने अभिषेक पर ही फर्जी दस्तखत कराने का आरोप लगाया है।





#### अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने के जांच शुरू हुई

- सीआईडी के पहुंचने के बाद कालीघाट थाने के सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्हें सुरक्षा कर्मियों से बातचीत की। इसके बाद जांच टीम परिसर के अंदर घुसी।
- सीआईडी अधिकारियों ने दस्तावेजों की जांच और सत्यापन की प्रोसेस शुरू की। इसी मामले में सीआईडी की एक अन्य टीम ने अभिषेक बनर्जी के कैमैक स्ट्रीट स्थित कार्यालय का भी दौरा किया।
- ममता बनर्जी ने पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी को टीएमसी विधायक दल का नेता मानने और उन्हें नेता विपक्ष के मान्यता देने के स्पीकर के फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसकी सुनवाई कल 10 जून को होनी है।

#### अभिषेक के जवाब के आधार पर पहुंची टीम

- सीआईडी अधिकारियों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने एजेंसी के नोटिस के जवाब में बताया था कि विधायकों के हस्ताक्षर 30बी हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित टीएमसी के केंद्रीय कार्यालय में जुटाए गए थे।
- यह कार्यालय ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास परिसर में ही है। इसी जानकारी के आधार पर जांच टीम वहां पहुंची। इससे पहले सोमवार को सीआईडी की टीम अभिषेक बनर्जी के घर भी पहुची थी।
- सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक ने जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा था। उन्होंने एजेंसी को बताया था कि वह पहले से तय अपने राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, जिनमें सोमवार को इंडिया ब्लॉक की बैठक शामिल है। सीआईडी ने उन्हें मंगलवार शाम 5 बजे तक एजेंसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था।

खान सर कोचिंग विवाद

## पटना में छात्रों का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ पटना

खान सर की कोचिंग पर हमले के मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की रिहाई की मांग को लेकर छात्र तीसरी बार सड़क पर उतरे हैं।

पटना कॉलेज के बाहर छात्र जुटे हैं। स्टूडेंट्स पटना के कारगिल चौक तक मार्च निकालने की तैयारी में हैं। मौके पर भारी संख्या में पुलिस तैनात है। छात्रों ने कहा, बिना किसी जांच कमिटी के आप किसी को जेल में डाल देते हैं। जांच कीजिए फिर एक्शन लीजिए। रौशन सर के हजारों सर के जीवन का सवाल है। सरकार को इसमें दखल करना चाहिए। एक को जेल एक को बेल ये कैसी कार्रवाई। जो गोली चलवाता है वो बाहर है। जिसने



कुछ नहीं किया, मौके पर मौजूद भी नहीं था वो जेल में है। आज कोर्ट में रौशन आनंद की बेल पर सुनवाई हुई थी। अदालत ने सुनवाई के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी है। इधर, फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर भी मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जलस्त्रोतों में डाली जाए दवाई




शहर में जलस्त्रोतों का रख रखाव अभियान के तहत किए गए हैं। इसके तहत कुछ जलस्त्रोतों में सुधार हुआ है। इससे वर्षा के मौसम में उनमें अच्छा जल संचय होना तय है। जलस्त्रोतों में जल संचय को लेकर इस बार अच्छी स्थिति बारिश के दौर में रहना है। जलस्त्रोतों के साथ ही भूमिगत जल की स्थिति भी इससे सुधरने के हाल बनेगें ही। गर्मी के समय में जलस्त्रोतों में पानी के कम होने और इसके साथ ही जलस्त्रोतों में कई तरह के जीवों के उत्पन्न होने की स्थिति बारिश होने के साथ ही बनेगी। हर बार मौसम के साथ ही पीलिया की बीमारी भी तेजी से उभरती है और इसके साथ ही उल्टी एवं दस्त जैसी बिमारी भी तेजी से फैलती है। जलजनित रोगों में मानसून के साथ ही बढ़ोतरी होना शुरू हो जाती है। जलजनित बिमारियों की रोकथाम के लिए अब जलस्त्रोतों के साथ ही पानी की टंकियों में भी दवाइयों का उपयोग किया जाना चाहिए। शहर में अन्यानेक स्थानों पर पानी की टंकिंयां लगी हुई हैं जिनसे आमजन बराबर पानी पीते हैं। अधिकांश मंदिरों के आसपास यही स्थिति है तो कई सार्वजनिक स्थानों पर भी यही हाल हैं। पेयजल के लिए अत्याधुनिक यंत्र भी लगे हैं तो उन्हें भी इन्हीं पक्की एवं प्लास्टिक टंकियों से जोडा गया है। इन सार्वजनिक प्याऊ से सैंकड़ों आमजन प्रतिदिन पानी ग्रहण करते हैं। शहर की बडी टंकियों में तो वैसे भी शोधित पानी पहुंचता है और रोज खाली हो जाता है। उनमें तो वैसे भी ब्लीचिंग, क्लोरिन, चूना आदि का नियमित उपयोग होता ही है। शहर के अन्य जलस्त्रोतों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों की टंकियों में भी समयानुकूल दवाई डलवाने के लिए शहर की संस्था को अभी से शुरूआत कर देना चाहिए। खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब मानसून के पहले नालियों की सफाई करने के साथ लाल दवाई का उपयोग कीट मकोडों के लिए किया जाता था। मानसून से पहले पेयजल सप्लाय में ब्लिचिंग की तेज गंध मिलती थी। अब तो पिछले लंबे समय से ऐसा देखने एवं सूंघने में अहसास ही नहीं होता है। समय रहते अगर ऐसा होता है तो लोगों को मर्ज नहीं होगा और इससे अस्पताल की मुफ्त दवा जो सरकार को खरीदना पड़ती है उस पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। समय रहते इस पर अमल होगा तो ही इसका लाभ आमजन को मिल सकेगा।

## न्यूज कॉलम

### श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस 17 जून को निकालेगी रैली

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क पर श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों के लंबित भुगतान तथा श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना को लेकर चर्चा की गई। संयोजक एवं ऑगेनाईजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि सभी पदाधिकारियों की सहमति से 17 जून को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी।

### 40 गर्भवतियों का परीक्षण, खून की कमी पर लगाया आयरन सुक्रोज

**उज्जैन।** आरोग्य भारती उज्जैन ग्रामीण की ओर से चलाए जा रहे 'हर घर स्वस्थ, हर गांव आरोग्य' संकल्प के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर में स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 40 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक जांचें की गईं। इस दौरान खून की कमी से पीड़ित महिलाओं को तुरंत आयरन सुक्रोज लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ने गर्भवतियों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सुपोषण, स्वस्थ जीवनशैली और घरेलू उपचार के विषय में सरल जानकारी दी गई। साथ ही, सभी को अपने परिवार और गांव को निरोग रखने के लिए दैनिक जीवन में छोटे-छोटे स्वास्थ्य उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**उज्जैन।** सिंधु सेना उज्जैन द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा और कथावाचक ज्योतिषाचार्य श्री मुकुंदाचार्य महाराज की शोभायात्रा के साथ हुआ। झूलेलाल मंदिर में आयोजित इस कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।कलश यात्रा सिंधी धर्मशाला से प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहनकर सिर पर कलश लिए आगे चल रही थीं, जबकि पुरुष श्वेत कुर्ता-पजामा पहने शामिल हुए। बैंड-बाजे और ढोल-ढमाकों की थाप पर श्रद्धालु भगवान झूलेलाल और राधे-राधे के भजनों पर जमकर थिरके। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा कथा स्थल झूलेलाल मंदिर पहुंची। मार्ग में समाजजनों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।

### रेलवे स्टेशन क्षेत्र की होटलों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी की जांच

# सिंहस्थ से पहले शहर में अग्निशमन की तैयारी तेज

## फायर आफिसर ने 20 होटल जांचे, 2 में अग्नि सुरक्षा के लिए कुछ नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम के फायर आफीसर एवं कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहु ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र की 20 होटलों की फायर सेफ्टी जांच एवं निरीक्षण किया है। 18 होटलों में अग्निशमन के छोटे मोटे यंत्र मिले हैं। 2 होटलों में किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण नहीं मिले। दोनों को नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई को क्षेत्र में एलिवेटेड ब्रिज के लिए दबाव के रूप में देखा जा रहा है। बकौल श्री साहू हमने शहर में 5 पिक स्पाट तय किए हैं जहां फायर सेफ्टी के पालन की तैयारी सिंहस्थ के मान से करवा रहे हैं।

स्टेशन क्षेत्र की होटलों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन आडिट रिपोर्ट की जांच की गई है। फायर आफीसर की इस कार्रवाई को लेकर होटल वालों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यह एलिवेटेड ब्रिज के लिए दबाव की कार्रवाई है। क्षेत्र में ब्रिज को लेकर विरोध चल रहा है। अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फायर सेफ्टी नियमों के पालन की जांच का क्रम तय किया गया है। शहर में रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित विभिन्न होटलों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान होटल संचालकों को बताया गया कि फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र के साथ वार्षिक अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।



### होटल संचालकों को जानकारी भी दी

होटलों पर पहुंचे फायर आफीसर ने फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं उसके नवीनीकरण की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र की वैधता 03 वर्ष की होती है तथा इसकी अवधि समाप्त होने के 02 माह पूर्व नवीनीकरण हेतु आवेदन करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 30 जून तक अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट अग्निशमन अधिकारी को प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है।

- **इन होटलों की जांच-** फायर आफीसर ने होटल गुजरात पैलेस, होटल विराज, होटल कलश, होटल शिव महिमा, होटल आमंत्रण, होटल ड्रीम पैलेस, होटल आमंत्रण एवेन्यू, होटल रॉयल व्यू एवं होटल एटलस सहित अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी, भवन अनुज्ञा एवं विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया है। दो होटलों में अग्निशमन को लेकर कुछ भी साधन नहीं मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। अगर तैयारी आगे नहीं मिली तो इन्हें सिल किया जाएगा।
- **फायर आफीसर ने बताए नियम-** फायर ऑफिसर श्री साहू के अनुसार 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी भवनों, एक तल पर 500 वर्गमीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले भवनों, बड़े होटल, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य मिश्रित अधिभोग वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं 50 से कम बिस्तरों वाले होटल एवं अस्पतालों को पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना होगा।

### आडिट में इनकी जांच

फायर सेफ्टी ऑडिट के दौरान अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन योजना, मॉक ड्रिल तथा फायर एनओसी से संबंधित अभिलेखों की जांच की जाती है।

### शहर में 5 पिक स्पाट

श्री साहू के अनुसार सिंहस्थ 2028 के तहत अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता की आवश्यकता है। इसी को लेकर शहर के 5 पिक स्पाट तय किए गए हैं। इनमें महाकाल मंदिर के चारो और का क्षेत्र, देवासगेट-रेलवे स्टेशन क्षेत्र, हरिफाटक-इंजीनियरिंग कालेज रोड के होटल, नानाखेडा बस स्टैंड का पूरा क्षेत्र, फ्रीगंज क्षेत्र आगररोड पर स्थित होटल इसके तहत हैं। यहां पर अग्निशमन के लिए तैयारी करवाने की प्रक्रिया का पालन किया जाना है। छोटे एवं बड़े सभी होटलों में अग्निशमन के मुवेबल यंत्र लगवाए जाना है। इसके साथ जहां जरूरत है वहां पूरा प्लांट लगवाया जाना है।

### कालभैरव मंदिर में भक्त खिड़की खुलने का कर रहे इंतजार

# रसूखदारों के प्वाइंट फोन पर हो रहे क्लियर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कालभैरव मंदिर में आम भक्तों की जमकर फजीहत हो रही है। सामान्य दर्शनार्थियों को भगवान कालभैरव के दर्शन में तीन से चार घंटे का समय लग रहा है। भक्त 500 रुपये का शुल्क चुकाकर अगर शीघ्र दर्शन करना चाहें, तो वह भी संभव नहीं हो पा रहा है। दिन में अधिकांश समय टिकट काउंटर बंद रहता है। भक्त खिड़की खुलने के इंतजार में घंटों काउंटर पर खड़े रहते हैं। इधर निर्गम द्वार पर रसूखदारों के पाइंट फोन पर मिनटों में क्लियर हो जाते हैं।

मंदिर में भक्तों के साथ हो रही इस धांधली को जानने और समझने के लिए मंगलवार को कालभैरव मंदिर गई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। भक्तों को रुपये देने के बावजूद टिकट नहीं मिल पाना और रसूखदारों को फोन पर वीआइपी प्रवेश कैसे हो रहा है यह समझने के लिए निर्गम द्वार पर तैनात गार्डों से पूछताछ की। गार्ड का जवाब था कि आपकी वरिष्ठ अधिकारियों से पहचान है तो आप भी फोन लगवा लो, वर्ना गेट छोड़कर साइड में खड़े हो जाओ।




### कंटेनर को बनाया काउंटर, भीतर गंदगी

जिला प्रशासन ने कालभैरव मंदिर के निर्गम द्वार के समीप लोहे के कंटेनर में टिकट काउंटर बनाया है। इसमें दो खिड़की है। अंदर की बदहाली देखकर लगता है, काउंटर कम खुलता है और प्रोटोकाल दर्शन की सारी व्यवस्था फोन पर चलती है। जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### पेयजल के इंतजाम नहीं, खरीदकर पीना पड़ रहा

कालभैरव मंदिर परिक्षेत्र में कहीं भी भक्तों के लिए पेयजल के इंतजाम नजर नहीं आए। दर्शनार्थी भीषण गर्मी में पानी को तरसे हुए दर्शन की कतार में खड़े थे। आसपास के दुकानदार दर्शन की कतार में अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेड पर चढ़कर ठंडे पानी की बोतलें बेच रहे थे। भक्तों को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा था।

### छांव के इंतजाम नहीं, पेड़ बने आसरा

कालभैरव मंदिर में भक्तों के लिए छांव के इंतजाम भी नहीं है। भक्तों को चिलचिलाती धूप व झुलसा देने वाली गर्मी में दर्शन की कतार में खड़े रहना पड़ रहा है। मंदिर प्रशासन ने मेटिन के इंतजाम भी नहीं किए हैं। धूप व गर्मी से परेशान भक्तों को मंदिर के आसपास पेड़ों की छांव में आसरा लेना पड़ रहा है।

### जूता स्टैंड की व्यवस्था भी बदहाल

कालभैरव मंदिर में दो से तीन स्थानों पर जूता चप्पल स्टैंड बनाए गए हैं। लेकिन सभी की व्यवस्था चौपट है। जूता स्टैंड के बाहर ही जूते चप्पलों के ढेर लगे हुए हैं। अफसरों का ध्यान मंदिर के बाहर की व्यवस्थाओं पर बिल्कुल नहीं है। सूत्र बताते हैं गर्भगृह में कितने लोग पहुंच रहे हैं जिम्मेदार दिनभर इसी का हिसाब किताब लगाते रहते हैं।

### बिचौलिए सक्रिय

सूत्र बताते हैं कालभैरव की दर्शन व्यवस्था में बिचौलिए सक्रिय हैं। शीघ्र दर्शन काउंटर खुला रहने पर दर्शनार्थी टिकट खरीदते हैं और सीधे मंदिर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में दलालों का धंधा मंदा पड़ जता है और यह लोग येनकेन प्रकारेण व्यवस्था में हस्तक्षेप कर काउंटर बंद करा देते हैं। इधर जिम्मेदार भी भीड़ अधिक होने तथा व्यवस्था बिगड़ने का डर दिखाकर टिकट काउंटर बंद कर देते हैं। इसके बाद फोन पर पाइंट क्लियर करने का काम शुरू हो जाता है। गार्डो को अफसरों की इतनी शह है कि वे अपमान जनक तरीके से धमकाने वाली भाषा में बात करते हैं। बात दें मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए भी कोई इंतजाम नहीं है।

# शहर से बाहर लगेगी मांस-मछली की दुकानें

### वाराणसी की तर्ज पर एमआईसी में आज आएगा प्रस्ताव

### मुहर लगते ही निगम सीमा के बाहर जाएंगी दुकानें




दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पवित्र नगरी उज्जैन में शराबबंदी के बाद अब मांस-मटन और मछली की दुकानों को भी शहर से बाहर करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में नगर निगम की बुधवार को होने वाली एमआईसी बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पर मुहर लगते ही नगर निगम सीमा के भीतर संचालित सभी मांस-मटन और मछली की दुकानों को बाहर शिफ्ट किया जाएगा।

गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2025 से उज्जैन सहित प्रदेश के धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू की गई थी। इसके बाद से ही शहर में मांस-मटन और मछली की दुकानों को लेकर भी लगातार मांग उठ रही थी। हाल ही में वाराणसी में ऐसी दुकानों को शहर से बाहर करने के आदेश के बाद अब उज्जैन में भी इसी दिशा में पहल तेज हो गई है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि उज्जैन एक पवित्र नगरी है। जब यहां शराबबंदी लागू हो सकती है तो मास-मटन और मछली की दुकानें भी शहरी सीमा से बाहर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम कमिश्नर को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर के मुताबिक प्रस्ताव में नगर निगम सीमा के बाहर मास-मटन और मछली की दुकानें संचालित करने का प्रावधान रखा गया है। यह प्रस्ताव बुधवार को होने वाली एमआईसी बैठक में रखा जाएगा। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## आकाशवाणी केंद्र एक ही समय में संस्कार, संस्कृति, देशभक्ति, भारतीय गीत - संगीत का एनसाइक्लोपीडिया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ऑल इंडिया रेडियो के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हास्य योग एवं आनंद का प्रभावी आयोजन आकाशवाणी केंद्र उज्जैन पर किया गया। आकाशवाणी केंद्र की कार्यक्रम प्रमुख अनामिका चक्रवर्ती ने आकाशवाणी के विभिन्न कार्यक्रमों एवं लोकप्रियता की जानकारी प्रदान कर आकाशवाणी को सरकार एवं श्रोताओं के मध्य का जरिया निरूपित किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने आकाशवाणी की 90 वर्ष की सेवा को बखान करते हुए कहा कि आकाशवाणी समन्वय, संस्कृति, देशभक्ति, कृषि, युवाओं, नारी शक्ति का ऐसा केंद्र है, जिसने भारत को समरसता का स्वर प्रदान किया है।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई में दिए

# निजी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए।

चिमनगंज मंडी निवासी देवी प्रसाद ने आवेदन दिया कि वे काफी वृद्ध हो चुके हैं और शारीरिक रूप से भी अक्षम हैं। अतः उन्हें शासन की ओर से पेंशन दिलवाई जाए। इस पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण को प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। घट्टिया के ग्राम कालूखेड़ी निवासी रमेश पिता उमराव ने आवेदन दिया कि उनकी निजी भूमि पर गांव में रहने वाले कुछ अन्य लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। तहसीलदार द्वारा कब्जा दिलवाए जाने के बाद पुनः भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस पर एसडीओ राजस्व घट्टिया को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। झारड़ा के ग्राम सेकली निवासी चंदन लाल पिता ओमकार ने आवेदन दिया कि पड़ोसी कृषक द्वारा उनकी शासकीय पट्टे पर प्रदाय की गई 0.50 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर लिया गया है तथा विरोध करने पर आवेदक के साथ झगड़ा और मारपीट की जा रही है। इस पर तहसीलदार झारड़ा को शीघ्र प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बड़नगर के ग्राम बंगरेड़ निवासी नेहरू बोड़ाना ने आवेदन दिया कि कुछ लोगों द्वारा उनके घर के कुछ मवेशियों को चुरा लिया गया है, जिसके कारण उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। इस पर एसडीओपी पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। घट्टिया के ग्राम झितरखेड़ी निवासी राधेश्याम ने आवेदन दिया कि स्थानीय सहकारी बैंक में उनका खाता है। उनके द्वारा आवश्यकता पड़ने पर कुछ ऋण लिया गया था, जिसे समय पर चुका भी दिया गया था, परंतु बैंक द्वारा अभी भी उनके ऊपर बकाया राशि निकाली जा रही है। इस पर सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एडीएम अत्येन्द्र सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा और अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

### चरक अस्पताल में फिर फैला चेंबर का गंदा पानी, मरीजों और स्टाफ की बढ़ी परेशानी

# लंबे समय से बनी समस्या का नहीं निकला स्थायी समाधान, जिम्मेदार मौन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर का सबसे बड़ा सरकारी चरक अस्पताल इन दिनों खुद ही बदहाल व्यवस्थाओं का शिकार नजर आ रहा है। अस्पताल परिसर में एक बार फिर चेंबर चोक होने से गंदा पानी परिसर में फैल गया है, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पिछले कई महीनों से बार-बार सामने आ रही है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

**अस्पताल पहुंचने से पहले ही गंदगी और बदबू का सामना कर रहे**

चेंबर चोक होने के कारण उसका गंदा पानी अस्पताल परिसर में फैल रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को प्रवेश से पहले ही गंदगी, दुर्गंध और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में फैला गंदा पानी कई दिनों तक जमा रहता है, जिससे आने-जाने में भी परेशानी होती है।





### पहले भी कई बार हो चुकी है ऐसी स्थिति

अस्पताल आने वाले मरीजों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब चेंबर चोक होने से गंदा पानी परिसर में फैला हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी स्थिति बन चुकी है। हर बार अस्थायी सफाई कर दी जाती है, लेकिन मूल समस्या का समाधान नहीं होने से कुछ समय बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। चेंबर और सीवरेज व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में अस्पताल परिसर में इस तरह की गंदगी और जलभराव की समस्या दोबारा न हो।

### स्टाफ भी परेशान, रोजाना करना पड़ता है गंदगी का सामना

अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को भी इस समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। अस्पताल आने-जाने के दौरान उन्हें परिसर में फैले गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

### जलभराव से बढ़ रहा संक्रमण और मच्छरों का खतरा

परिसर में कई दिनों तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। इससे संक्रमण और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर ऐसी स्थिति मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमानक बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

**इंदौर।** कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में इंदौर के एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में सोमवार को रबी 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ-2026 की तैयारी हेतु इंदौर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के सचिव श्री निशांत वरवड़े, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री डी.पी. आहूजा, उद्यानिकी विभाग के सचिव श्री जान किंग्स ली, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, उद्यानिकी संचालक श्री अरविंद दुबे सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपायुक्त सपना लोवंशी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री अशोक वर्णवाल ने कृषि , उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता एवं अन्य संबंधित संस्थाओं की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों के संबंध में समीक्षा की।

### मत्स्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया जायेगा विशेष ध्यान

**इंदौर।** प्रदेश में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त आधार बनाने के उद्देश्य से कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में पशुपालन, डेयरी एवं मछुआ कल्याण विभाग की संयुक्त संभागीय समीक्षा बैठक इंदौर में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव, सचिव मत्स्य पालन स्वतंत्र कुमार सिंह, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुपालन को केवल सहायक व्यवसाय न मानकर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनाया जाए।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का एक दशक पूर्ण

**इंदौर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ढटरटअ) भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रसव पूर्व जांच सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में तथा 25 तारीख को ई-पीएमएसएमए का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2026 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस अवसर पर इंदौर जिले में पहली बार सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही पूर्ववत चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी सेवाएं प्रदान की गई। अभियान के अंतर्गत सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण एएनसी एवं पीएनसी जांच, नई एवं छूटी हुई गर्भवतियों का पंजीयन, उच्च जोखिम वाली गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की पहचान और उपचार किया गया। । चिन्हित महिलाओं का अनमोल पोर्टल के माध्यम से नियमित फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वी.सी. से किया यूनिट का भूमि-पूजन

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया में 'फामेर्सी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र, वैश्विक सप्लाई चेन पार्टनर और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में मध्यप्रदेश की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। मध्यप्रदेश आज हर क्षेत्र में निवेश के नये युग में प्रवेश कर आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है। हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मध्यप्रदेश के पीथमपुर को चुना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भूमि सफलता की धरती भी है। मध्यप्रदेश सरकार और हेलियन कंपनी के बीच आज परस्पर विश्वास की और असीम संभावनाओं की नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीतियों के कारण देश-दुनिया सभी मध्यप्रदेश पर भरोसा कर रहे है। सबका यही विश्वास ही हमारी पूंजी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह (वर्चुअल ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदक विजेताओं को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 के पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने विश्व पटल पर भारत की योग शक्ति का 'स्वर्णिम' परचम लहराया है। विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 102 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 114 पदक जीतकर देशवासियों को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सफलता भारत की समृद्ध ऋषि परंपरा, योग साधना और सांस्कृतिक चेतना की वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी हो रहे शामिल, कृषि के विस्तार और व्यापार पर हुई बात

# इंदौर में ब्रिक्स कृषि सम्मेलन शुरू, भारत-रूस की हुई बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में आज 9 से 13 जून तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट्स भाग ले रहे है।

मंगलवार को चले पहले सत्र में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। चर्चा का मुख्य केंद्र द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, कृषि व्यापार का विस्तार करना और सतत कृषि विकास को गति देने के लिए तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक में खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने, बाजार पहुंच और जलवायु-लचीली खेती में सहयोगात्मक अनुसंधान सहित पारस्परिक प्राथमिकताओं पर रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ, जो रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि ब्रिक्स समूह आज वैश्विक कृषि और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रभावशाली मंच बन चुका है। दुनिया की लगभग 42% कृषि भूमि, 68% कृषि जोतें और 42% खाद्य उत्पादन ब्रिक्स देशों के पास है।

### मेहमानों को दिखेगी इंदौर की संस्कृति

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी प्रतिनिधियों को इंदौर और मालवा की सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराया जाएगा। इसके तहत उन्हें राजवाड़ा, छप्पन दुकान, सराफा और मांडू जैसे प्रमुख पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा यह सम्मेलन केवल एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश को वैश्विक कृषि, निवेश और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने का भी अवसर है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे प्रदेश की कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं को नई पहचान मिलेगी। सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि कृषि, खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल कृषि, नवाचार, किसानों की आय वृद्धि और वैश्विक कृषि सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतिनिधियों को इंदौर की सांस्कृतिक विरासत और प्रमुख पर्यटन स्थलों से भी परिचित कराया जाएगा।

### कृषि कार्य समूह की बैठकें

सम्मेलन की शुरूआत 9 जून से कृषि कार्य समूह की बैठकों के साथ होगी। तीन दिनों तक विभिन्न देशों के अधिकारी और विशेषज्ञ खाद्य सुरक्षा, पोषण, कृषि व्यापार, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अनुसंधान और किसानों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे बैठकों में विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों की चुनौतियों, कृषि ऋण, बाजार तक पहुंच और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर फोकस रहेगा।

### भविष्य की कृषि और खाद्य सुरक्षा पर मंत्री स्तरीय संवाद

कृषि मंत्रियों का विशेष संवाद आयोजित होगा। इसका विषय होगा ह्यलघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा। इस सेशन में कृषि क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं की भूमिका, डिजिटल तकनीकों का उपयोग, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियां और टिकाऊ खेती के मॉडल पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# विदेशों से आए मेहमान बोले- इंदौर का स्वाद लाजवाब

56 दुकान क्षेत्र को सजाया, मेहमानों ने स्थानीय संस्कृति और व्यंजनों का लुत्फ उठाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में मंगलवार से शुरु हुआ ब्रिक्स सम्मेलन के एक दिन पहले के लिए विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवार को मेहमानों के लिए 56 दुकान क्षेत्र को खूब सजाया गया और राउंड टेबल पर उन्होंने इंदौरी व्यंजनों का स्वाद लिया। मेहमानों को खोपरा पेटिस, रबड़ी, बंगाली मिठाई, हॉट डॉग, साबूदाने की खिचड़ी, भुट्टे का किस सहित अन्य व्यंजन परोसे गए।



इंडोनेशिया, इथियोपिया, नाइजीरिया और जर्मनी के प्रतिनिधि 56 दुकान पहुंचे थे। 56 दुकान को भारतीय शैली में सजाया गया था। सेल्फी प्वाइंट को फूलों से सजाया गया था। इसके अलावा फूड जोन के सामने कलाकार वायलिन और बांसुरी वादन कर रहे थे। मेहमान ज्यादा नहीं थे, इस कारण 56 दुकान में अन्य लोगों को भी आने दिया गया। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने मेहमानों का स्वागत किया।

### कॉलेज के छात्रों ने गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत किया

जब मेहमान 56 दुकान पहुंचे तो कॉलेज के छात्रों ने गुलाब की पंखुड़ियों से उनका स्वागत किया। मेहमानों को खोपरा पेटिस का स्वाद पसंद आया। इतिहासकार जफर अंसारी और श्रवण जोशी ने मालवी व्यंजनों से जुड़े इतिहास की जानकारी साझा की। साथ ही देवी अहिल्या की नगरी इंदौर के इतिहास से भी रूबरू कराते हुए बताया कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है। 56 दुकान संघ के पदाधिकारियों ने आतिथ्य परंपरा के अनुसार सभी मेहमानों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें मालवी व्यंजन परोसे। मेहमानों के स्वागत के लिए 56 दुकान परिसर को विशेष तौर पर सजाया गया। विदेशी मेहमानों ने मालवी व्यंजनों का लुत्फ उठाने के साथ 56 दुकानों के इतिहास के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

### डीएवीवी के कुलपति कुंभकर्णीय नींद से कब जागेंगे ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारियों के मामले में हटधर्मिता अपनाए हुए हैं। कर्मचारी कई बार कुलपति राकेश सिंघाई के साथ अन्य अधिकारियों को भी सूचना के माध्यम से अपने विषय संज्ञान में ला चुके हैं। कर्मचारियों के अनुकंपा नियुक्ति से लेकर तो उनमें मिलने वाले फंड से लेकर अन्य सुविधाओं से भी उन्हें सालों से वंचित कर रखा है। सेल्फ फाइनेस के कर्मचारियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। सेल्फ फाइनेंस विभाग के अनुकंपा प्राप्त 6 कर्मचारियों के आज तक स्टाय फंड का भुगतान नहीं हुआ है। वे कर्मचारी अभी भी परेशान हो रहे है। इसमें मुख्यतः मनोज माथुर , साधना देशमुख, विनय परदेसी , रानी भरवे , अंजलि रंगारी , आयुष यादव , वही संविदा कर्मचारी राजेश नागर के निधन के बाद उसके बेटे धर्मेंद्र नागर की अनुकंपा नियुक्ति अभी तक नहीं की गई।

आवासीय क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा

# मेट्रो विस्तार से बढ़ेगी रफ्तार, रेडिसन तक 20 से शुरू होगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर मेट्रो परियोजना के पहले चरण के विस्तार का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। बीते वर्ष सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में लगभग 6 किलोमीटर लंबे प्राथमिक कॉरिडोर पर मेट्रो संचालन शुरू होने के बाद अब 20 जून से मेट्रो सेवा सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक आमजन के लिए शुरू हो जाएगी।

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि पहले इस विस्तार के शुभारंभ की तिथि 18 जून निर्धारित की गई थी, लेकिन बाद में इसमें संशोधन करते हुए 20 जून तय की गई है। इसी दिन विस्तारित कॉरिडोर का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उपस्थित रहने की पुष्टि है। वहीं केंद्रीय शहरी विकास कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के भी कार्यक्रम में शामिल होने की प्रबल संभावना है। इसे इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। सांसद लालवानी ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो की कनेक्टिविटी गांधीनगर से टीसीएस तक सीमित होने के कारण यात्री संख्या अपेक्षाकृत कम रही है। लेकिन अब रेडिसन चौराहा तक सेवा विस्तार होने से शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भविष्य में एयरपोर्ट से रेडिसन चौराहा तक कनेक्टिविटी पूरी होने पर मेट्रो का उपयोग और अधिक बढ़ेगा। परियोजना के अन्य चरणों पर भी तेजी से कार्य जारी है और निर्धारित योजना के अनुसार नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है।



सिंहस्थ से पहले चमकेगी बाबा महाकाल की नगरी

# 450 एकड़ में बनेगा उज्जैन का नया एयरपोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में अब जल्द ही देश-दुनिया से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ने जा रही है। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन ने यहां 450 एकड़ भूमि पर एक भव्य नया एयरपोर्ट बनाने की कवायद तेज कर दी है। इसके लिए एमओयू की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मुताबिक, परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए जल्द ही निर्माण एजेंसी को ऑन बोर्ड कर काम शुरू कराया जाएगा। प्रभावित किसानों की जमीनों का सर्वे जारी है और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों के बढ़े हुए गाइडलाइन मूल्य व निर्धारित फैक्टर के तहत बेहतर मुआवजा दिया जाएगा। महाकाल की नगरी में बनने वाला यह एयरपोर्ट न केवल देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों का सफर आसान करेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, निवेश और रोजगार को भी एक नई उड़ान देगा।



### सिंहस्थ में एयरपोर्ट गेम चेंजर साबित होगा

सिंहस्थ-2028 के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह एयरपोर्ट 'गेम चेंजर साबित होगा। 147 करोड़ के इस शुरूआती निवेश से उज्जैन में न केवल हवाई यातायात शुरू होगा, बल्कि यह आपदा प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट का मुख्य केंद्र भी बनेगा। अगले कुछ महीनों में दताना हवाई पट्टी पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा, जो उज्जैन के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो सिंहस्थ से काफी पहले उज्जैन के आसमान में बड़े विमानों की गूंज सुनाई देगी, जो मालवा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### 590 करोड़ हो चुके मंजूर

उज्जैन एयरपोर्ट के लिए मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल पिछले महीने 590 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कर चुका है। राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ से पहले इस एयरपोर्ट को पूर्णतः क्रियाशील बनाना है। इस राशि से टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार, आधुनिक एटीसी टावर, फायर स्टेशन और यात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यह निवेश उज्जैन को मालवा क्षेत्र के एक प्रमुख लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के रूप में स्थापित करेगा। राज्य सरकार के इस कदम से स्पष्ट है कि उज्जैन अब केवल एक धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि भविष्य का एक आधुनिक स्मार्ट एविएशन हब बनने की ओर अग्रसर है। अनुमान है कि सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से करीब 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे।

# 42 हजार दूध उत्पादक किसानों का डेटा होगा ऑनलाइन

दुग्ध संग्रहण को पारदर्शी बनाने के लिए एनडीडीबी का मोबाइल मिल्क टेस्टिंग ऐप लागू किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और दूध उत्पादक किसानों को अधिक आर्थिक लाभ दिलाने के साथ ही गुणवत्ता सुधार के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में विगत दिनों संभागायुक्त सुदाम खाडे ने एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देशित किया था कि दूध संग्रहण का कार्य गांवों में घर-घर पहुंचकर किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता और भुगतान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के भी निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के पालन में संघ ने सोसायटियों से होने वाले दूध संग्रहण की व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाते हुए एप आधारित मॉनिटरिंग व्यवस्था की शुरूआत कर दी है। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा वर्तमान दूध संग्रह व्यवस्था को अधिक प्रभावी और किसान हितैषी बनाया जा रहा है। नई सोसायटियों की स्थापना करने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों से सीधे उनके घर पहुंचकर दूध लेने की एक वृहद योजना भी तैयार की जा रही है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से किसानों को परिवहन और समय की परेशानी से पूरी तरह राहत मिल जाएगी।



संभागायुक्त द्वारा यह भी विशेष निर्देश दिए गए हैं कि सभी दूध उत्पादकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अब महीने में कुल तीन बार भुगतान किया जा रहा है। यह भुगतान हर महीने की तीन, तेरह और तेईस तारीख को सीधा किया जा रहा है। इस व्यवस्था से किसानों को नियमित रूप से नकदी प्रवाह मिल रहा है और उन्हें पशुपालन के क्षेत्र में नया निवेश करने में काफी सुविधा हो रही है।

### रिकॉर्ड नई दुग्ध समितियों का हुआ गठन

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा अब तक रिकॉर्ड 232 नई दुग्ध समितियों का गठन किया जा चुका है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से दूध संग्रहण को बेहतर और सुचारू बनाने के लिए नौ नए मिल्क रूट भी शुरू किए गए हैं। इंदौर जिले में वर्तमान समय में 1679 से अधिक मिल्क सोसायटियां सक्रिय रूप से संचालित हैं और लगभग 42 हजार से अधिक दूध उत्पादक किसान सीधे इस पूरी व्यवस्था से जुड़े हुए हैं।

### बढ़ेगी दुधारू पशुओं की संख्या

जिले के दूध उत्पादकों को क्षेत्र में कुल दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रेरित किया जाएगा। दुधारू पशुओं की संख्या में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से राज्य शासन की महत्वाकांक्षी डा भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पशुपालक किसानों को शासकीय अनुदान और आसान बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे बेहतर नस्ल के दुधारू पशु खरीदकर अपने यहाँ दुग्ध उत्पादन को आसानी से बढ़ा सकें। दूध की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने और संग्रह प्रणाली को पहले से अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा विशेष रूप से विकसित मोबाइल आधारित मिल्क टेस्टिंग ऐप को भी पूरी तरह लागू कर दिया गया है।

### शौर्या दल 22 लाख महिलाओं की देश की सबसे बड़ी साइलेंट आर्मी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गांवों और शहरों की गलियों से गुजरते हुए अगर आपको साड़ी का पल्लू संभाले या कॉलेज का बैग टांगे महिलाओं की कोई टोली दिखाई दे, तो उन्हें सिर्फ राहगीर समझने की भूल मत कीजिएगा। यह मध्यप्रदेश की 'शौर्या दल' सेना है–बिना वर्दी के समाज की वो 'गार्डियन' जो आज देश में महिला सशक्तिकरण की सबसे बुलंद हुंकार बन चुकी है ,जिसने महिला सशक्तिकरण की परिभाषा को कागजों से निकालकर धरातल पर साकार कर दिखाया है। वर्ष 2013 में महज 6 जिलों से शुरू हुआ यह कारवां आज प्रदेश के कोने-कोने में फैल चुका है, जिसे देखते हुए सरकार ने इसे अगले 5 साल तक लगातार जारी रखने का महत्वपूर्ण फैसला किया है।

## न्यूज कालम



### सेवानिवृत शिक्षक से 10 हजार की रिश्वत लेते बाबू रंगे हाथों गिरफ्तार

**जावरा ।** शासकीय कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 बाबू अनिल वर्मा ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपिपलिया से सेवा निवृत शिक्षक लक्ष्मी नारायण लोट से सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र एवं पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश )जारी करवाने के एवज में बाबू वर्मा 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों लोकायुक्त टीम के हाथों ट्रेप हुए । पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद कुमार यादव के मार्गदर्शन में डीएसपी दिनेश चंद पटेल ,निरीक्षक हीना डावर ,प्रधान आरक्षक हितेश ललावत ,उमेश जाटव, श्याम शर्मा ,नीरज राठौर ,संदीप कदम, टीम ने फरियादी की शिकायत पर लोकायुक्त टीम ने आरोपी बाबू अनिल वर्मा को रिश्वत की राशि 10 हजार रुपए को अपने हाथों में लेकर टेबल की दराज के ऊपर रखे रजिस्टर के नीचे रख लिए थे जो की टीम ने रजिस्टर के नीचे रखी रिश्वत की राशि बरामद की आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### शिक्षा के स्तंभ नहीं रहे : मास्टर साब चांदमल जैन का निधन



**सनावद।** पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज सनावद के वयोवृद्ध सदस्य एवं नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद चांदमल जैन 'मास्टर साब का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। सन्मति जैन काका ने बताया कि स्व. चांदमल जी ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा को समर्पित कर दिया। उन्होंने नगर के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित मयाचंद दिगंबर जैन स्कूल में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक के रूप में दशकों तक सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा। एक आदर्श व्यक्तित्वः चांदमल जी सिर्फ एक शिक्षक ही नहीं, बल्कि समाज के लिए एक आदर्श थे। उन्होंने हमेशा निडरता, निर्भीकता और तटस्थता से जीवन जिया। एक ओजस्वी वक्ता के रूप में भी उनकी अलग पहचान थी। उनके विचार सुनने के लिए लोग दूर-दूर से आते थे। उनका अंतिम संस्कार मंगल वार को जैन मुक्तिधाम, सनावद में किया गया। इस दौरान समाज के मनोज जैन, मनीष पंचोलिया रमेश चंद खेड़े, पंकज जटाले, सुनील जैन, सुकेश जैन,गजेंद्र सोलंकी, पार्षद सुदीप वर्मा, पुष्पेंद्र चौकड़ा, श्याम नीमा, डॉ रविश जैन, अखिलेश जैन ष्ट.,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पूर्व छात्र एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 70 आवेदकों की समस्याएं



**बड़वानी ।** प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 70 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को आसानी हो। जनसुनवाई में बड़वानी नगर के वार्ड क्रमांक 22 के निवासियो ने सामुहिक रूप से उपस्थित होकर बताया कि बड़वानी नगर के राजेन्द्र मार्ग खदान मोहल्ला पोस्टमार्टम कक्ष से भवानी माता मंदिर तक मुख्य सड़क के दोनो तरफ प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोडिंग वाहन खड़े रहते है। इस कारण आवागमन में परेशानियो का सामना करना पड़ता है। कही बार पोस्टमार्टम के लिये आने वाले वाहनो को भी जाम का सामना करना पड़ता है।

### मूंग उत्पादक कृषक 15 जून तक करवा सकते है पंजीयन

**बड़वानी।** जिले में ग्रीष्मकालीन विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य 8780 रुपए प्रति क्विंटल पर ग्रीष्मकालीन मूंग विक्रय के लिए पंजीयन किसानों द्वारा स्वयं के मोबाईल अथवा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र से निशुल्का पंजीयन की व्यनवस्था है। एमपी ऑनलाईन, कामन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है । किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रीष्मकालीन मूंग पंजीयन 25 मई से 15 जून तक पंजीयन किया जाना है। पंजीयन में खाता खसरा या पावती की छायाप्रति, समग्र आईडी, मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड लगाना होगा।

### बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण शुरू

**बड़वानी।**जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने और परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने के लिए कलेक्टर द्वारा एक महत्वपूर्ण और कड़ा कदम उठाया गया है। कलेक्टर के निर्देशों के तहत, कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण 8 जून से 9 जून तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बड़वानी जिले के सभी 7 विकासखंडों के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण में जिन शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों का पिछले वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम कम रहा है, वहां के शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षकों को कठिन अध्यायों को सरल और रोचक तरीके से समझाने, डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग करने तथा परीक्षाओं के दौरान छात्रों के मानसिक तनाव को दूर करने के गुर सिखाए गए।

# पिछली जनसुनवाई में प्राप्त पेयजल समस्या का हुआ समाधान

## ग्रामीणों ने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर का जताया आभार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लगभग 10 वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहे ग्राम गोलापलवी के भील फलिया के ग्रामीणों की समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणजन जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर से मिलने पहुंचे और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पानी के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही है और उनके जीवन में बड़ी राहत मिली है। इस दौरान ग्रामीणों ने जनजातीय समाज की पारंपरिक सामग्री चोमल और टोकरी भेंट कर कलेक्टर का सम्मान किया तथा कहा कि वर्षों से चली आ रही उनकी पेयजल समस्या का त्वरित संज्ञान लेकर उसका निराकरण किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 वर्षों से वे अपने फलिये में हैंडपंप की मांग कर रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया था।

दरअसल, पिछली जनसुनवाई में आलीराजपुर जिले के विकासखंड सोंडवा अंतर्गत ग्राम पंचायत अम्बाजा के ग्राम गोलापलवी के भील फलिया निवासी श्री केवसीय पिता अगरिया ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि भील फलिया में १२ से 15 परिवार निवास करते हैं और वहां पेयजल की अत्यंत गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित अम्बाजा गांव से पेयजल लाना पड़ता था। वहीं पशुओं को भी पानी पिलाने के लिए इतनी ही दूरी तय करनी पड़ती थी।

शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री सुखराम मेडा को शीघ्र कार्रवाई कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर के निदेशों के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर भील फलिया में नवीन हैंडपंप स्वीकृत कर उसका खनन कराया गया, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध होने लगा।



# ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने खकनार में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा जनपद पंचायत खकनार, तहसील खकनार, जिला बुरहानपुर में 9 जून मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक दिवेश लाड, मोनिश गुप्ता, पीयूष सूर्यवंशी, अपूर्वा यादव और अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों की संबंधित समस्याओं परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। साथ ही सभी का नि:शुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में और नेपानगर विधायक मंजू दादू के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# बुरहानपुर में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर सड़क हादसा, एपे ऑटो में सवार स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेटर की मौत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। निंबोला और रईपुरा के बीच तेज रफ्तार आयशर वाहन ने एक एपे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में ऑटो सवार बसाड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के 25 वर्षीय ऑपरेटर सुमित गिगनारे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एपे ऑटो और उसमें सवार सुमित करीब 50 फीट दूर जाकर गिरे। हादसे के दौरान ऑटो में बैठे दो अन्य यात्री डर के कारण मौके से भाग गए, हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई थी। हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत निंबोला थाना पुलिस को अवगत कराया।

**सरकारी काम से जा रहे थे निंबोला**

मृतक सुमित गिगनारे धुलकोट का रहने वाला था। मंगलवार सुबह वह किसी विभागीय काम के सिलसिले में बसाड़ से निंबोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहा था। वह एपे ऑटो में आगे ड्राइवर के पास बैठा था, तभी रास्ते में सामने से आ रहे आयशर ने उनके वाहन को चपेट में ले लिया।

**एक महीने पहले ही जॉइन की थी नौकरी**

सुमित ने करीब एक महीने पहले ही बसाड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेटर के पद पर नौकरी जॉइन की थी। उसकी मौत की खबर से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों में शोक की लहर है। निंबोला स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और पुलिस की मदद से मृतक का शव और घायल ऑटो चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# खरगोन की सबसे पुरानी वैध कॉलोनी ओल्ड विश्वसखा में अब खुलेंगे विकास के द्वार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

नगर की सबसे पुरानी वैध कॉलोनी ओल्ड विश्वसखा कॉलोनी में सड़क निर्माण एवं बगीचे में कालम बिंब की बाउंड्री वाल और पेवर्स लगाने एवं प्रतिदिन साफ सफाई की मांग को लेकर स्थानीय कालोनी वासियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने एल्डरमैन अनिल गुप्ता और पवन सेन एवं जल समिति सभापति प्रतिनिधि किशोर पुजारी की अगुवाई में मंगलवार दोपहर 12 बजे नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल को एक ज्ञापन देकर कॉलोनी में अविलंब विकास कार्य प्रारंभ कराने की मांग की जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल गम्भीरता से संबंधित विभाग के कर्मचारी को बुलाकर कार्य का इस्टीमेट बनवाकर पीआईसी की बैठक में स्वीकृति हेतु रखने का आदेश पारित किया । और प्रतिनिधि मंडल को समस्या का शीघ्र समाधान करवाने का अश्वासन दिया।

तदपरांत प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ अधिकारी प्रकाश चिते से भेंटकर कॉलोनी में प्रतिदिन साफसफाई का अनुरोध किया जिस पर स्वास्थ अधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कॉलोनी की साफ सफाई का दायित्व नए दरोगा को देते हुए दो सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाई ।

जनता की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर तत्काल समाधान का प्रयास करने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वास्थ अधिकारी की कार्यप्रणाली की ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल ने भूरि भूरी प्रशंसा की ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री नारायण कुमरावत, गुरुदत्त परसाई, आलोक भावसार, सावन पावना, प्रफुल्ल पंधानें एवं दीप जोशी शामिल थे।

# कलेक्ट्रेट पहुंचा बिना अनुमति ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का मामला

**खरगोन।** जिले के वन क्षेत्र के ग्राम बड़ी, तहसील भगवानपुरा में वन भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति के अवैध खुदाई कर ऑप्टिकल फइबर केबल बिछाने का मामला सामने आया है। जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन ने इस मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर और वन मंडलाधिकारी को शिकायती आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायती आवेदन सौंपते हुए जयस के राजेंद्र पंवार, सुभाष डावर ने बताया ६ जून को वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वन ग्राम बड़ी से मोहन नदी पुल तक वन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि एक कंपनी द्वारा वन विभाग की पूर्व अनुमति और आवश्यक स्वीकृतियों के बिना ही वन भूमि पर खुदाई कर केबल पाइप डालने का काम किया गया। काम के दौरान कई जगह खुदाई के बाद गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं। इससे वन्यजीवों और राहगीरों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। अवैध खुदाई से वन भूमि की प्राकृतिक संरचना भी प्रभावित हुई है। शिकायतकताओं ने ज्ञापन में बताया कि 6 जून को रेंजर राजेश रंन्धावा की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया। मौके पर एक पोकलेन मशीन का ब्रेकर, केबल और एक पोकलेन बकेट मिला। हालांकि खुदाई में इस्तेमाल की गई मशीन मौके पर नहीं मिली। पंचनामे में घटनास्थल की स्थिति दर्ज की गई है। आवेदन में कहा गया है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 और भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना वन भूमि पर किसी भी तरह की खुदाई या निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। शिकायतकताओं ने आवेदक में कलेक्टर एवं डीएफओ से मांग की है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कराई जाए।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का किया आयोजन

## कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जन सुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में श्रीमती लिली किकरिया पति राजेश निवासी ग्राम रिछवी पटेल फलिया तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि परिवार के सदस्यों के नाम समग्र आईडी में जोड़ने की मांग की।

उन्होने बताया कि उचित मूल्य दुकान की मशीन में परिवार के सदस्यों के नाम प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें खाद्यान्न का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है परिवार का पालन पोषण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है परिवार के सदस्यों का समग्रआईडी में नाम जुड़वाया जाए ताकि मुझे खाद्यान्न का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभाग को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार एक अन्य आवेदक श्री अशोक पिता अमर सिंह अवासीया निवासी ग्राम पंचायत अम्बाजा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कराने के लिए आवेदन दिया उन्होंने बताया कि मैं कच्चे मकान में निवास करता हूं और शासकीय योजना के लिए पात्र होने के बावजूद भी मुझे आज दिनांक तक आवास स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना अतंर्गत आवास स्वीकृत करवाया जाए।

उक्त आवेदन को कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवाद, अतिक्रमण, जमीनी कब्जा, हैंडपंप खनन एवं तालाब निर्माण जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, एडीएम श्री सोहन कनाश, डिप्टी कलेक्टर श्री तपिस पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बड़वानी की बेटी स्नेहा दावदे ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में लहराया तिरंगा, जीता कांस्य पदक

## खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिल्ली में किया सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



सपनों से लेकर पोडियम तक के साहस, दृढ़ संकल्प और ऐतिहासिक पलों से भरे एक कड़े मुकाबले में बड़वानी शहर की होनहार बेटी स्नेहा दावदे ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर तिरंगे का मान बढ़ाया है।

जापान के काकामिगहारा में 29 मई से 6 जून 2026 तक आयोजित अंडर-18 एशिया कप महिला हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस गौरवशाली टीम में बड़वानी की स्नेहा दावदे ने बतौर श्रेष्ठ मिडफील्डर की भूमिका निभाते हुए देश और अपने गृह नगर को गौरवान्वित किया है।

इस ऐतिहासिक जीत के बाद आज भारतीय महिला हॉकी टीम ने देश की राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से विशेष भेंट की। खेल मंत्री ने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 1-1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया।

हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया कि दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री से मुलाकात के बाद टीम की स्टार खिलाड़ी स्नेहा दावदे आज मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर पहुंच रही हैं। इसके बाद,गुरुवार को स्नेहा का अपने गृह नगर बड़वानी में आगमन होगा। स्नेहा की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन,जिला हॉकी संघ एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# ब्लॉक एवं नगरीय निकायों में 12 से 14 जून तक आयोजित होंगे जनकल्याण शिविर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

जिले के विभिन्न विकासखंड एवं नगरीय निकायों के मुख्यालयों पर आगामी 12 से 14 जून के बीच जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड नगरीय निकाय मुख्यालयों पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण हेतु शिविर आयोजित होंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि ये शिविर 3 दिवसीय रहेंगे। मैदानी अमले के सहयोग से जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूट गए पात्र लाभार्थियों को शिविर तक लाने का प्रयास किया जायेगा। इन शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी-जी-रामजी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों की राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उनका पंजीयन कराया जायेगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने जन कल्याण शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश अनुसार जनपद पंचायत खंडवा, पंधाना, पुनासा, छनेरा, खालवा, छैगांवमाखन एवं बलड़ी के कार्यालय परिसर में 12 से 14 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। सम्बंधित क्षेत्र के एसडीएम इसके लिए नोडल अधिकारी रहेंगे तथा सम्बंधित क्षेत्र के तहसीलदार एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसके अलावा मूंदी एवं ओंकारेश्वर के नगरीय निकाय कार्यालय परिसर में भी जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मूंदी एवं ओंकारेश्वर के लिए सम्बंधित सीएमओ नोडल अधिकारी रहेंगे, जबकि खण्डवा नगर निगम कार्यालय परिसर में 12 से 14 जून तक आयोजित होंगे।

# अवैध शराब ने बिगाड़ी खेड़ी खुर्द की फिजा, युवा नशे में, घरों में हो रही कलह

## ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, कलेक्टर से लगाई कार्रवाई की गुहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



गोगांवा तहसील के ग्राम खेड़ी खुर्द में अवैध शराब की बिक्री ने गांव का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ दिया है। थाना जैतापुर क्षेत्र के इस गांव में खुलेआम बिक रही शराब से रोज झगड़े, चोरी और घरेलू कलह की घटनाएं बढ़ रही हैं। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को सरपंच कविता के नेतृत्व में अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोला। बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद कराने की मांग की।

सरपंच कविता, यशवंत, पदमा, नर्मदा, प्रेमलाल सहित ३० से अधिक ग्रामीणों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव और आसपास के इलाके में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैल रहा है। सुबह से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। दिनभर मजदूरी करने वाले युवा शाम को कमाई का पैसा शराब में उड़ा देते हैं। इसके बाद घर पहुंचकर पत्नी और बच्चों से मारपीट करते हैं। बुजुर्ग माता-पिता बेटों की इस हालत से परेशान हैं। शराब के कारण गांव में शांति नहीं है। बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। शाम होते ही गाली-गलौज और मारपीट आम बात हो गई है।

ज्ञापन देने पहुंची महिला पदमा और नर्मदा ने कहा कि शराबियों के डर से महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रास्तों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों की संख्या बढ़ गई है। कई बार छेड़छाड़ की नौबत आ जाती है। शराब की खाली बोतलें और गंदगी जगह-जगह पड़ी रहती है।

सरपंच कविता ने बताया कि कई बार पुलिस और आबकारी विभाग को सूचना भी दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर से मांग की गई है कि विशेष टीम बनाकर गांव में दबिश दी जाए और अवैध शराब के कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए।

## न्यूज -कॉलम

### फांसी लगाने से पहले सुसाइड नोट में लिखा आर्मी लवर

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलियाडाबी में मंगलवार सुबह फांसी के फंदे पर घर में मुकेश पिता रूगनाथ बागरी 55 साल परिवार को लटका मिला। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की तो मृतक के पास से चंद लाइनों का लिखा सुसाइड नोट मिला। जिसमें अपनी मर्जी से मरने और किसी को परेशान नहीं करने की बात लिखी गई थी। अंत में लिखा था आर्मी का लवर। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि कुल्फी बेचने का काम करता था और उसकी आर्मी में जाने की काफी इच्छा थी। लेकिन जा नहीं पाये थे। थाना प्रभारी के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आ पाया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### क्षिप्रा नदी से मिली लाश, शाम तक नहीं हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी रामघाट से मंगलवार सुबह एक युवक की लाश महाकाल पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद की। तैराक दल के सदस्यों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतक के शरीर पर सिर्फ अंडवियर था। जिसके चलते आशंका जताई गई कि नहाने के दौरान डूबा है। घाट पर आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये। लेकिन किसी ने भी उसकी शिनाख्त नहीं की। घाट पर कपडों की तलाश करने पर कुछ नहीं मिला। जिसके चलते शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। थाना एएसआई श्रवण कुमार चौहान ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। आसपास के थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेज पहचान के प्रयास किये जा रहे है, गुमशुदा लोगों की जानकारी भी मांगी गई है। बुधवार दोपहर तक शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम कराकर दफनाने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

### नागदा में क्राइम ब्रांच की दबिश

**उज्जैन।** नागदा में संजय उर्फ सोना जैन की खाली बिल्डिंग लकडदास मंदिर की गली में बडे पैमाने पर सट्टा खाईवाली होने की खबर मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने नागदा पुलिस के साथ दबिश मारी। मौके से दिलीप उर्फ सावन पिता बाबूलाल 50 साल निवासी जवाहर मार्ग दीनदयाल चौक नागदा को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से लाखों का सट्टा हिसाब लिखी 31 डायरी, पांच कैलकुलेटर, मोबाइल और 1750 रूपये नगद बरामद किये गये। क्राइम ब्रांच ने सट्टा खाईवाल को नागदा पुलिस के सुपुर्द किया गया। जहां मामले में सट्टा एक्ट अधिनियम की धारा 4 (क) का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। डायरी में मिले हिसाब का आकंलन किया जा रहा है।

### कलयुगी पुत्र ने 70 साल के पिता का फोड सिर

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम कालूखेडी में रहने वाला 70 वर्षीय हीरालाल पिता भैरूलाल सोमवार को मवेशी बेचने घौंसला हाट बाजार गया था। जहां से देर शाम वापस लौटा। रात में पुत्र छतरसिंह घर आया और मवेशी बेचने पर मिले रूपयों में शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगा। बुजुर्ग पिता ने रूपये देने से मना किया तो पुत्र ने विवाद करते हुए पत्थर से सिर फोड दिया और भाग निकला। लहूलुहान हीरालाल को परिजनों ने देखा तो रात में उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में पुलिस का कहना था कि पिता-पुत्र के बीच विवाद की सूचना मिली है। अस्पताल में भर्ती घायल के बयान दर्ज कर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगी।

### पांड्याखेडी चौराहा पर दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**उज्जैन।** पांड्याखेडी चौराहा पर उद्योगपुरी की ओर जाने वाले मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घायल को निजी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उसकी मौत होना सामने आया। पंवासा थाना पुलिस सूचना मिलने अस्पताल पहुंची और मृतक की शिनाख्त के लिये उसके पास दस्तावेजों की तलाशी ली गई। आधार कार्ड मिलने पर मृतक का नाम गजेन्द्र पिता सोहनसिंह राजपूत 38 साल निवासी पांड्याखेडी सामने आया। रात में ही परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर सामने आया कि प्रायवेट काम करता था, पुलिस ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।

### उज्जैन के युवक सांवेर में हुई दुर्घटना में गंभीर घायल

**उज्जैन।** तिलकेश्वर कालोनी में रहने वाला देवराज पिता नानूराम 22 साल अपने दोस्त विजय के साथ परिचित को इंदौर अस्पताल देखने गया था। दोनों रात में वापस बाइक से उज्जैन लौट रहे थे। सांवेर के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों को उज्जैन लाया गया। विजय की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं देवराज का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 240-6 | 390-2 |
| मेन बाजार | 588-1 | 459-8 |
| कल्याण नाइट | 170-8 | 335-1 |
| मिलन डे | 267-5 | 779-3 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 269-7 |
| मधुर डे | 690-5 | 234-9 |
| मधुर नाइट | 250-7 | 156-2 |
| शुभांक | 2 7 | 8 |

नशे के कारोबार पर पुलिस का बड़ा प्रहार.... 5 माह में 70 आरोपियों से 2 करोड़ की ड्रग्स बरामद

# ड्रग्स के साथ नागपुर-बिहार के 2 युवक गिरफ्त में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





नशे से जिले के साथ प्रदेश को मुक्त करने के अभियान में कदम बडा रही उज्जैन पुलिस को सोमवार-मंगलवार रात बडी सफलता मिली। नागपुर और बिहार के युवकों को गिरफ्तार कर 1 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स (मेफेड्रोन)जप्त की गई। दोनों को 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस को गरोठ हाइवे ब्रिज के नीचे सर्विस रोड के पास अंधेरे में स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 13 एफआर 2515 खडी दिखाई दी। गश्त में शामिल एसआई लिबिन खेस, एएसआई दिनेश सारोठिया, आरक्षक तेजकरण हिरवे, जगदीश गेहलोत, संदीप चौधरी ने टीम के साथ कार के पास पहुंचकर जांच शुरू की। उसमें 2 युवक सवार थे, पूछताछ करने पर उनके नाम पंकज पिता श्यामराव चरडे 34 साल निवासी प्रभासिटी पवनगांव नागपुर महाराष्ट्र और अमित पिता महेन्द्र तिवारी 20 साल निवासी बिहार हाल मुकाम जयसिंहपुरा सामने आये। बाहरी युवक होने पर संदेह हुआ और कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखा एक बॉक्स मिला। जिसे मौके पर ही पुलिस टीम द्वारा खोला गया तो प्लास्टिक की थैली में हल्के भूरे रंग का पाउडर नुमा पदार्थ रखा पाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने एमडी ड्रग्स होना कबूल कर लिया। कार जप्त कर मादक पदार्थ सहित दोनों को थाने लाया गया। दोनों के खिलाफ मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। मादक पदार्थ ड्रग्स 1 किलो 15 ग्राम था। जिसकी कीमत 15 लाख रूपये सामने आई है। कार 5.50 लाख कीमत की है। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है।

**160 दिन में 70 आरोपी गिरफ्त में-** एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिये चलाये जा रहे अभियान में इस वर्ष के 160 दिनों में जिले की पुलिस द्वारा करीब 70 आरोपियों को 2 करोड से अधिक की एमडी ड्रग्स के साथ पकडा जा चुका है। पिछले पांच सालों में जो भी अवैध मादक पदार्थ कारोबार से जुडे होना सामने आये है। उनके खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। कुछ को जिलाबदर किया गया है। वहीं 160 दिन में 8 आरोपियों के खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। जिसमें 2 के खिलाफ मंगलवार को वारंट जारी कराकर गिरफ्तार किया गया है।

### मंदसौर से लाये थे, नागपुर में थी खपाना

थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों मंदसौर से ड्रग्स लेकर आये थे और नागपुर सप्लाय करने के लिये लेकर जा रहे थे।

दोनों ने ड्रग्स उपलब्ध करने वाले मंदसौर के एक व्यक्ति के साथ नागपुर में मादक पदार्थ कारोबार से जुडे 2 लोगों के नाम बताये है। मंदसौर के ड्रग्स तस्कर की तलाश में एक टीम रवाना की गई है। नागपुर के दोनों लोगों के संबंध में भी जांच जारी है। संभावना है कि रिमांड अवधि में मादक पदार्थ तस्करी से जुडे कुछ ओर लोगों की जानकारी सामने आ सकती है।

## यातायात आरक्षक से झूमा झटकी करने वालों को भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था संभाल रहे यातायात आरक्षक से बाइक सवार पिता-पुत्र और रिश्तेदार द्वारा अभद्रता करते हुए झूमाझटकी की गई। आरक्षक की शिकायत पर महाकाल पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर दोपहर में जेल भेजा गया है।

महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कन्नोजिया ने बताया कि यातायात आरक्षक देवीलाल ने सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई कि उसकी ड्युटी महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की आवागमन व्यवस्था को संभालने के लिये कोर्ट मोहल्ला चौराहा से यादव धर्मशाला के बीच ड्युटी लगी थी। उसी दौरान बाइक पर सवार तीन लोग रॉग साइड आते दिखाई दिये। बाइक को रोका गया और गलत दिशा में जाने की बात कहीं गई तो तीनों ने अभ्रदता शुरू कर दी, उनका कहना था कि हमारा घर इसी रास्ते पर है हम यहीं से गुजरेगें। आरक्षक देवीलाल ने विरोध किया तो तीनों ने मिलकर झूमाझटकी करते हुए वर्दी पकड ली। यातायात आरक्षक की शिकायत पर मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया और बाइक नम्बर के आधार पर तीनों की तलाश करते हुए मंगलवार सुबह कोर्ट मोहल्ला क्षेत्र के रहने वाले आवेश खान उसके पिता बाबूल खान और रिश्तेदार अमन पिता जाकिर खान को गिरफ्तार कर बाइक जप्त की गई। तीनों को दोपहर में कोर्ट पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## वृद्धा को जाप का झांसा देकर बदमाशों ठगे आभूषण

**उज्जैन।** जैन परिवार की वृद्धा को मंत्र जाप का झांसा देकर 2 बदमाशों ने आभूषण ठग लिये। वृद्धा को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ तो परिवार को घटनाक्रम बताया। मामला माधवनगर पुलिस के पास पहुंचा है।

प्रियदर्शनी चौराहा से कुछ दूरी पर रहने वाली 70 वर्षीय मनोरमा जैन सोमवार सुबह देवासरोड पर संतमुनि से मिलने पहुंची थी। जहां से वापस लौटते समय प्रियदर्शनी चौराहा पर 2 युवकों ने रोका और बातों में उलझाकर कहाकि आपके बेटे पर घात है। जिसकी वजह से नुकसान हो रहा है। बुजुर्ग मनोरमा जैन उनकी बातों को समझ नहीं पाई और बातों में आ गई। दोनों ने मंत्र जाप करने को कहा। उन्होने मंत्र जाप करना शुरू किया तो दोनों ने आभूषण उतारने की बात कहीं। मनोरमा जैन ने अपनी चेन औ अंगूठी उतार ली। युवकों ने आभूषण लिये और आंखे बंद कर 51 बार जाप करने को कहा। जाप के बाद उन्होने आंखे खोली तो दोनों युवक गायब थे। मनोरमा जैन ने घर पहुंचकर घटनाक्रम बताया। पुत्र कपिल जैन जो मोबाइल गैलरी का संचालन करता है। वह माधवनगर थाने पहुंचा और शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। प्रियदर्शनी चौराहा के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। विदित हो कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। कुछ मामलों में ही पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाई है। बावजूद ठगी करने वाले बदमाश बाहर से आकर शहर में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे है।

## यूनिक नम्बर से मिला आटो चालक का पता

### ओवरलोड का वायरल हुआ था वीडियो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर ओवरलोड आटो का वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने यूनिक नम्बर से चालक का पता लगाया और उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की आटो जप्त कर लिया।

यातायात पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर आटो क्रमांक एमपी 41 आर 1854 का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें चालक द्वारा आटो में सवारी बैठाने के बाद पीछे 3 सवारियों को लटका दौडता हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो संज्ञान में आने पर आटो का यूनिक नम्बर ट्रेस किया गया। जिसके आधार पर चालक जितेन्द्र चंदेल निवासी पिपलीलाका चौराहा होना सामने आया। पुलिस ने आटो जप्त किया और चालक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस दौरान चालक कान पकडकर माफी मांगता रहा और आगे से ओवरलोड नहीं चलाने की बात कहता रहा। पहले भी सोशल मीडिया पर यात्रियों के साथ खुद की जान जोखिम में डालने के साथ रील बनाने के लिये घातक स्टंट करते वीडियो सामने आ चुके है। जिनके खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा जुर्माने की कार्रवाई कर नियम नहीं तोडने की हिदायत दी जा चुकी है। बावजूद शहर के आटो-ई रिक्शा चालक नियम तोड वाहन दौडाते दिखाई दे रहे है।

## शादी के पांच दिन बाद दुल्हन ने बुलाई पुलिस

**उज्जैन।** चिंतामण मंदिर में हुई शादी के पांच दिन बाद दुल्हन ने पुलिस को बंधक बनाकर रखने का कॉल डायल 112 पर कर दिया। पुलिस पहुंची तो मामला रूपये देकर शादी करने का सामने आया। दुल्हन कैंसर पीडित होना सामने आई है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि डायल 112 पर विनिता शर्मा द्वारा कॉल कर बताया गया था कि उसे बंधक बनाकर घर में रखा गया है। इवेंट मिलने पर पुलिस अंकपात मार्ग काजीपुरा मीणा परिवार के घर पहुंची। जहां सामने आया कि मीणा परिवार के सुनील पिता नंदकिशोर मीणा से 3 जून को चिंतामण मंदिर में शादी हुई है। विनिता इंदौर की रहने वाली है। शादी के दौरान डेढ़ लाख रूपये दिये गये थे। मामला उलझा हुआ होने पर महिला को थाने लाया गया और वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। मंगलवार को पूछताछ करने पर विनिता ने बताया कि वह कैंसर पीडित है। उसका उपचार भी चल रहा है। वह अपने घर जाना चाहती थी लेकिन उसे बंधक बना लिया गया था। मीणा परिवार से पूछताछ करने पर सामने आया कि सुनील परिवार का एकलौता पुत्र है। शादी की बात चल रहा थी उसी दौरान इंदौर के मैरिज ब्रोकर मंगलसिंह और राकेश नामक व्यक्ति ने रिश्ता दिखाया था। बदले में 1.50 लाख रूपये दिये गये थे। अब विनिता शादी के पांच दिन बाद ही साथ नहीं रहना चाहती है। थाना प्रभारी के अनुसार दुल्हन के परिवार को बुलाया गया।

मंगलवार शाम मामा का लडका उसके उपचार संबंधित दस्तावेज लेकर पहुंचा। इस दौरान सामने आया कि रूपयों का लेनदेन इंदौर में हुआ था। शादी चिंतामण मंदिर में हुई थी। रूपये उपचार के नाम पर लिये गये थे। मामला उनके थाना क्षेत्र का नहीं होने पर मीणा परिवार से चिंतामण गणेश थाना या फिर इंदौर में जिस थाना क्षेत्र में लेनदेन हुआ है। वहां शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है। विनिता शर्मा का कहना था कि उसे रूपये नहीं मिले है। उसकी पहले शादी हो चुकी थी पति का 2022 में निधन हो चुका है। यह उसका दूसरा विवाह है। विनिता के परिवार ने शिकायत दर्ज होने पर संबंधित पुलिस को सहयोग करने की बात भी कही है।

## हिरासत में पुलिस को देख भागा अफीम तस्करों का साथी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रात्रि गश्त में रविवार-सोमवार रात खाचरौद पुलिस ने कार में सवार नाबालिग युवती और 2 युवकों को घेराबंदी कर पकडा था। जिनके पास से 54 किलो के लगभग अफीम के साथ डोडाचूरा बरामद हुआ था।

आरोपियों को बाइक सवार साथी पुलिस को देख भाग निकला था। जिसे रतलाम जिले से मंगलवार को हिरासत में लिया गया है। खाचरोद थाना एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि गश्त के दौरान फर्नाखेडी फंटा नागदा जावरा रोड से कार क्रमांक एमपी 09 सीवी 8313 को पकडा गया था। जिसमें सवार 17 साल की युवती और बबलू पिता गोपाल सोनी 35 साल ग्राम खजुरीया सारंग मंदसौर के साथ कृष्णपाल पिता अशोक गौड 23 साल ग्राम हतुनिया मंदसौर को गिरफ्तार कर 53 किलो डोडाचूरा और 608 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। तीनों का एक साथी कार के आगे रैकी करता बाइक से चल रहा था, जो पुलिस को देख भाग निकला था। तीनों से पूछताछ में उसका नाम प्रदीप पिता रामेश्वर पांचाल निवासी ग्राम बडावदा जिला रतलाम सामने आया था। नाबालिग युवती को बाल संप्रेक्षणगृह भेज कृष्णपाल और बबलू को 13 रिमांड पर लिया गया था। मंगलवार सुबह दोनों की निशानदेही पर भागे बाइक सवार साथी की तलाश में बडावदा दबिश दी गई। जहां से प्रदीप को पकडा गया है। जिसे दोपहर में कोर्ट पेश कर 13 जून तक रिमांड पर लिया गया है। चारों मंदसौर से मादक पदार्थ लेकर आये थे। पूछताछ में कुछ लोगों की जानकारी सामने आई है। जिनकी तलाश में एक टीम बुधवार को मंदसौर रवाना की जायेगी।

## कर्मचारी ने किया था 1.60 लाख का ट्रांजेक्शन



**उज्जैन।** पेटीएम कंपनी का कर्मचारी बनकर 2 लोगों के मोबाइल से 1.60 लाख का लोन कंपनी से पास कराकर अपने खातों में ट्रांजेक्शन करने वाले का सुराग पुलिस को मिल गया है। आरोपी पूर्व कर्मचारी होना सामने आया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास में दबिश दी जा रही है।

खाचरौद थाना क्षेत्र के गणेश नगर में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता रामचंद्र जैन 52 साल किराना दुकान संचालित करते है। 5 जून की सुबह उनकी दुकान पर पेटीएम कर्मचारी बनकर एक व्यक्ति पहुंचा और मोबाइल मांगा और कुछ देर में ही 96 हजार का ऑनलाइन लोन कंपनी से लेकर अलग-अलग खाते में ट्रांजेक्शन कर लिया। उक्त व्यक्ति के जाने पर धर्मेन्द्र जैन को अपने साथ धोखाधडी होने का पता चला। उन्होने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस जांच शुरू कर धोखाधडी करने वाले का पता लगा पाती उससे पहले 6 जून को उक्त आरोपी बुध मार्ग खाचरौद में रहने वाले अशोक पिता सत्यनारायण मेहता 45 साल की बड चौराहा चाय की दुकान पहुंच गया। वहां भी पेटीएम कर्मचारी बताकर मोबाइल लिया और ऑनलाइन कंपनी से 64 हजार 400 का लोन लेकर अपने खाते में ट्रांजेक्शन कर लिया। उक्त मामला भी पुलिस के पास पहुंचा तो जांच के बाद 8 जून को दोनों मामले में धोखाधडी की धारा 318 (2), 319 (2) और आईटी एक्ट की धारा 66 में प्रकरण दर्ज किया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने जांच के दौरान उक्त आरोपित का पता लगा लिया है। जो पेटीएम कंपनी का पूर्व कर्मचारी होना सामने आ रहा है। मंगलवार रात पुलिस की एक टीम उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी। मामले में खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया का कहना था कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

# विचार से मुक्ति क्यों जरूरी



हममें से अधिकतर लोगों की दृष्टि से विचार करना असाधारण रूप से महत्वपूर्ण है। क्या ऐसा है? विचार का मर्यादित महत्व अवश्य है, पर विचार उसे नहीं खोज सकता, जो उसकी निर्मिति नहीं है। विचार ज्ञात का परिणाम है। यह उस अज्ञात की थाह नहीं पा सकता। क्या विचार इच्छा नहीं है, चाहे यह भौतिक आवश्यकताओं की इच्छा हो या उच्चतम आध्यात्मिक लक्ष्य की?

यहां हम प्रयोगशाला में कार्यरत वैज्ञानिक या किसी तल्लीन गणितज्ञ के विचार की चर्चा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम उस विचार की बात कर रहे हैं, जो हमारे दैनंदिन जीवन, संपर्कों और प्रतिक्रियाओं में काम करता है। जीवित रहने के लिए हमें विचार करना ही पड़ता है। विचार करना व्यक्ति अथवा राष्ट्र के तौर पर जीवित बने रहने की प्रक्रिया है। विचार करना, जो कि इच्छा है, अपने निम्नतम और श्रेष्ठतम रूप में- सदा ही स्वयं को सीमाबद्ध, संस्कारित करने वाला होता है। चाहे हम ब्रह्मांड का विचार करें, अपने पड़ोसी का करें, स्वयं का विचार करें या ईश्वर का, हमारी समस्त विचारणा सीमित, संस्कारबद्ध होती है। है कि नहीं?

क्या इस संस्कारबद्धता को मिटाने में ज्ञान सहायक होता है? जीवन के कितने ही पहलुओं का ज्ञान हमने एकत्र किया है, औषधि, युद्ध, कानून, विज्ञान आदि का और अपने विषय में, हमारी अपनी चेतना के संबंध में भी थोड़ा-बहुत ज्ञान हमने जुटाया है। सूचनाओं का यह जो विशाल भंडार हमारे पास है, उसके सहारे क्या हम दुख, युद्ध और घृणा से मुक्ति पा सके हैं? क्या अधिक ज्ञान हमें मुक्त कर देगा? भले ही हम जानते हों कि जब तक व्यक्ति, समुदाय या राष्ट्र महत्वाकांक्षी रहेंगे, तब तक युद्ध अनिवार्य है, फिर भी हम युद्ध की ओर ले जाने वाले मार्गों पर बढ़ते रहते हैं। क्या उस केंद्र का, जो वैमनस्य और घृणा को जन्म देता है, ज्ञान द्वारा आमूल रूपांतरण किया जा सकता है? प्रेम घृणा का विपरीत नहीं है; यदि ज्ञान के माध्यम से घृणा को प्रेम में परिवर्तित किया जाता है, तो यह प्रेम है ही नहीं। विचार, संकल्प द्वारा लाया गया यह परिवर्तन प्रेम नहीं है, अपितु स्व-संरक्षण करने की एक और सहूलियत भर है। जो हो चुका है, उसका प्रत्युत्तर है विचार। मन अतीत का, समय का परिणाम है; विचार कई बीते कल की उत्पत्ति है। जब विचार स्वयं को बदलना चाह रहा है, यह या वह होने अथवा न होने की कोशिश में है, तब यह एक भिन्न नाम देकर केवल अपना ही सातत्य कायम रख रहा है। विचार चूंकि ज्ञात की उत्पत्ति है, यह कभी अज्ञात का अनुभव नहीं कर सकता; समय का परिणाम होने के कारण यह कालातीत को, शाश्वत को कभी नहीं समझ सकता। जो वास्तविक है, यथार्थ है, उसके अस्तित्व में आने के लिए विचार का समापन जरूरी है।



सम्पादकीय

## खाड़ी की आशंकाएं

पश्चिम एशिया में एक बार फिर युद्ध का भड़कना बहुत दुखद और चिंताजनक है। रविवार देर रात ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए मिसाइल हमले के जवाब में इजरायली रक्षा बलों ने सोमवार तड़के ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला कर दिया। बीती 8 अप्रैल को हुए फौरी युद्ध-विराम की धज्जियां उड़ गईं। दोनों पक्ष एक-दूसरे के लिए जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, उससे चिंता बहुत बढ़ गई है। युद्ध के मोर्चे पर कभी हां, तो कभी ना का अमेरिकी रवैया जारी है। डोनाल्ड ट्रंप की बातों से ऐसा लग रहा था कि वह इजरायल को किसी भी हमले से रोकेंगे, मगर अब राष्ट्रपति ट्रंप ही नहीं, पूरा अमेरिकी सत्ता-प्रतिष्ठान जल्दी से जल्दी युद्ध को खत्म करने पर आमादा दिख रहा है। इन नए हमलों में न जाने कितने लोग मारे जाएंगे? नए घातक हमलों के मद्देनजर, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को भारतीयों को ईरान की यात्रा से फिलहाल बचने की सलाह दी है। ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों से भी किसी भी साधन से देश छोड़ने के लिए कह दिया गया है। इसका मतलब साफ है, पश्चिम एशिया में एक बार फिर बड़े युद्ध के भड़कने की आशंका है।

युद्ध की ताजा आग के पीछे मुख्य कारण क्या है? गौर करने की बात है, इजरायल 28 फरवरी के बाद से ही लेबनान को लगातार निशाना बना रहा है। लेबनान में मौजूद हिजबुल्लाह को तबाह करने के मकसद से इजरायल लगातार हमले कर रहा है। हालांकि, लेबनान या हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर हमले हो रहे हैं, लेकिन कोई दोराय नहीं कि इजरायल के हमले बहुत घातक हैं, लेबनान में अब तक लगभग 4,000 लोग मारे जा चुके हैं। अभी ईरान ने लेबनान को बचाने के लिए ही इजरायल को निशाना बनाया है। बहरहाल, यह बात छिपी नहीं है कि पश्चिम एशिया में आतंकी प्रवृत्ति के अनेक संगठन हैं, जो लंबे समय से इजरायल को निशाना बनाते रहे हैं, कहीं न कहीं, ऐसे संगठनों को ईरान से प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिलती रही है। यहां सुलह इसलिए भी मुश्किल है कि युद्ध का कोई एक मोर्चा नहीं है, अनेक मोर्चे हैं और कम से कम 10 देश युद्ध में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल हैं। यही कारण है, 100 दिन बीतने के बावजूद पुख्ता तौर पर युद्ध-विराम की सूरत बनती नजर नहीं आ रही है। खाड़ी की नई अशांति ने पूरी दुनिया की आशंकाओं को नए सिरे से बढ़ा दिया है। दुनिया में ऊर्जा संकट कायम है, पर धीरे-धीरे लोग हालात से तालमेल बिठाने लगे थे। कच्चे तेल का भाव भी कमोबेश स्थिर होने लगा था, क्योंकि बीते दिनों में सक्षम देशों ने अपने-अपने तेल की एक नई व्यवस्था खड़ी कर ली है।

### 10 जून 2026 का दिन इसी कारण राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व

## नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज होने जा रहा एक नया रिकॉर्ड

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। यहाँ जनता समय-समय पर अपने नेताओं का चयन करती है और सत्ता परिवर्तन के माध्यम से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती है। स्वतंत्रता के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, लेकिन कुछ नेता ऐसे रहे जिन्होंने केवल शासन नहीं किया बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा और स्वरूप को भी गहराई से प्रभावित किया। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के बाद यदि किसी प्रधानमंत्री ने सबसे अधिक प्रभाव छोड़ा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। 10 जून 2026 का दिन इसी कारण राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे रिकॉर्ड के साथ चर्चा के केंद्र में होंगे जो भारतीय राजनीति में उनके लंबे और प्रभावशाली सफर का प्रतीक माना जा रहा है।



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

नरेंद्र मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। यह जीत इसलिए ऐतिहासिक थी क्योंकि लगभग 30 वर्षों बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला था। उस दौर में देश भ्रष्टाचार, आर्थिक सुस्ती और राजनीतिक अस्थिरता जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। जनता एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में थी जो निर्णायक दिखाई दे और देश को नई दिशा दे सके। नरेंद्र मोदी ने विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के नारों के साथ चुनाव अभियान चलाया और जनता ने उन्हें भारी समर्थन दिया।

2014 की जीत केवल एक चुनावी विजय नहीं थी बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत थी। लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रहने वाली कांग्रेस पार्टी पहली बार इतनी कमजोर स्थिति में पहुँच गई। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इस परिवर्तन का मुख्य केंद्र बन गया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहचान पहले से ही एक विकासवादी नेता की बन चुकी थी और उसी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार मिला।

इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव आया। सामान्यतः किसी सरकार के 5 वर्षों के बाद सत्ता विरोधी लहर देखी जाती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले से भी अधिक सीटें जीत लीं। इस विजय ने यह स्पष्ट कर दिया कि मोदी केवल एक लोकप्रिय नेता नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व बन चुके हैं। 2019 की जीत के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, तीन तलाक कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उनकी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिनका व्यापक राजनीतिक प्रभाव पड़ा।

2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। लगातार तीन बार सत्ता में लौटना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आसान नहीं होता। इसके लिए केवल चुनावी रणनीति ही नहीं बल्कि व्यापक जनसमर्थन, मजबूत संगठन और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि मोदी की तीसरी पारी को भारतीय राजनीति के बड़े घटनाक्रमों में गिना जाता है।

10 जून 2026 को नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन को लेकर चर्चा इसलिए तेज है क्योंकि वे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने वाले नेताओं की सूची में और अधिक मजबूत स्थिति प्राप्त करेंगे। भारतीय राजनीति में लंबे कार्यकाल का विशेष महत्व माना जाता है क्योंकि लोकतंत्र में जनता हर चुनाव में सरकार को बदलने का अधिकार रखती है। ऐसे में यदि कोई नेता लगातार वर्षों तक जनता का समर्थन बनाए रखता है तो यह उसकी राजनीतिक क्षमता और जनस्वीकार्यता को दर्शाता है।

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू लगभग 16 वर्ष 286 दिन तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। यह रिकॉर्ड आज भी सबसे लंबा लगातार प्रधानमंत्रित्व माना जाता है। नेहरू ने 15 अगस्त 1947 से लेकर 27 मई 1964 तक देश का नेतृत्व किया। उनके सामने विभाजन की त्रासदी, आर्थिक कमजोरी, संस्थाओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय पहचान जैसी अनेक चुनौतियाँ थीं। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव मजबूत करने, सार्वजनिक क्षेत्र के विकास और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है।

दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ऐसे समय में प्रधानमंत्री बने जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका था। उनके सामने चुनौती थी कि भारत को आर्थिक, सामरिक और तकनीकी दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए। मोदी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और मजबूत नेतृत्व को अपनी राजनीति का मुख्य आधार बनाया। उन्होंने विदेश नीति में भी सक्रियता दिखाई। अमेरिका, फ्रांस, रूस, जापान और खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों को नई गति मिली। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगी।

मोदी सरकार के दौरान अनेक कल्याणकारी योजनाएँ भी शुरू की गईं। जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। आयुष्मान योजना के जरिए गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का प्रयास हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया। कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन योजना ने करोड़ों लोगों को राहत दी। इन योजनाओं ने गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के बीच मोदी सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई।

हालांकि विपक्ष लगातार सरकार की आलोचना भी करता रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक तनाव जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की गई। कई विश्लेषकों का मानना है कि आर्थिक असमानता अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराना आने वाले समय में सरकार के सामने सबसे कठिन कार्यों में से एक होगा। किसान आंदोलन ने भी यह दिखाया कि बड़े जनसमूह सरकार की नीतियों का विरोध कर सकते हैं। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद नरेंद्र मोदी की राजनीतिक लोकप्रियता लंबे समय तक बनी रही।

### सड़क पर बिखरा साहित्य

सड़कों पर दौड़ते वाहन केवल वाहन नहीं होते, बल्कि चलती-फिरती दर्शनशास्त्र की यूनिवर्सिटी होते हैं। जब कोई नौसिखिया ड्राइवर अपनी चमचमाती कार में बैठकर स्टियरिंग थामता है तो उसे लगता है कि वह सड़क का सिकंदर है लेकिन असली ज्ञान तो उस खटारा ट्रक के पीछे लिखा होता है जो धुएं का गुबार छोड़ते हुए कहता है ₹मालिक की ज़िंदगी, चेले की ऐश... उड़ाओ कैश₹। यह लाइन पढ़ते ही कार के गियर में हाथ लगाए बैठे मध्यमवर्गीय इंसान का सारा घमंड वैसे ही पिघल जाता है जैसे चिलचिलाती धूप में कुल्फी पिघलती है। हमारे देश की सड़कों पर ट्रैफिक रूल्स की कॉपियां भले ही धूल खा रही हों पर इन ट्रकों और ऑटो के पीछे लिखे जीवन के गहरे फलसफे हर आने-जाने वाले की आत्मा को झकझोर कर रख देते हैं। आप किसी भी बड़े शहर के चौराहे पर खड़े हो जाइए आपको यमराज की ड्यूटी और इंसानी मजबूरी का ऐसा लाइव कॉम्बिनेशन कहीं और देखने को नहीं मिलेगा जो इन गाड़ियों के बंपर पर मुफ्त में उपलब्ध रहता है। यह इस देश का सबसे सस्ता और टिकाऊ मनोरंजन है जिसे देखने के लिए किसी मल्टीप्लेक्स का टिकट नहीं कटाना पड़ता बस अपनी आंखें खुली रखनी पड़ती हैं।

सड़क पर निकलते ही पहला मुकाबला उस बिरादरी से होता है जो जीवन को एक रेस समझती है और जिनकी गाड़ियों के पीछे लिखा होता है ₹धीरे चलोगे तो बार-बार मिलोगे, तेज चलोगे तो हरिद्वार मिलोगे₹। इस एक लाइन में जीवन और मृत्यु का जो अद्भुत ककहरा सिखाया गया है उसे पढ़कर बड़े-बड़े संतों की समाधि भंग हो सकती है। लोग सुबह-सुबह ऑफिस जाने की जल्दी में अपनी बाइक को हवाई जहाज बनाने की कोशिश करते हैं तभी उनके सामने कोई ऐसा ही ऑटो आ जाता है जिसके पीछे बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होता है ₹हँस मत पगली, प्यार हो जाएगा... ब्रेक मत मार, एक्सीडेंट हो जाएगा।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 जून 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:36 सूर्यास्त 19:07
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 16:30 तक
तिथि - दसमी 24:58 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - उत्तराभाद्रपदा 09:21 उपरांत रेवती
योग - आयुष्मान 06:30 उपरांत सौभाग्य 04:03 उपरांत शोभन
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 23 तारिख

**मेष-** कम प्रयास से काम बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

**वृषभ-** परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। विरोधी बढ़ेंगे। रुके धन की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी।

**मिथुन-** लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक लाभ होगा।

**कर्क-** धन संबंधी कार्यों में विलंब से चिंता हो सकती है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। कार्य के विस्तार की योजना बनेगी।

**सिंह-** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में सावधानी रखें। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा।

**कन्या-** अधूरे काम समय पर सफलता से होने पर उत्साह बढ़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी।

**वृश्चिक-** परिवार एवं समाज में आपके कामों को महत्व एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है।

**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**मकर-** कानूनी बाधा दूर होगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। कार्य में भागीदार सहयोग करेंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी।

**कुंभ-** शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मीन-** धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी नए कार्य में भाग लेने के योग हैं। विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा।

समसामयिक

## कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर मंतर पर प्रदर्शन

**क्या युवाओं के मन की साध पूरी होगी?**

कॉकरोच जनता पार्टी के हवा में उदय को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। माना कि यह क्षणिक आक्रोश और उत्तेजना का परिणाम है। लेकिन इस तथाकथित दल द्वारा उठाई गई मांगों से अधिकांश नागरिक इत्तेफाक रखते हैं। उसके द्वारा की जा रही मांग को वजनदार बनाने हेतु अब उसे एक नया प्लेटफार्म मिल गया है। जिस तरह देश-प्रदेश के मीडिया ने जंतर मंतर के इस प्रदर्शन / आंदोलन को कवरेज किया है, उसके चलते देश का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ है। यही नहीं अपितु कुछ एक विपक्षी दल भी ऐसे आंदोलन का समर्थन करने की मुद्रा में आ गए हैं। जिसके चलते कॉकरोच जनता पार्टी का नाम जनमानस में तैर गया है।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

अब इसका भविष्य क्या होगा ? यह तो नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसमें कोई दो मत नहीं हो सकते कि आने वाले दौर में सही मुद्दों को लेकर युवाओं के अंतर्मन में कुछ न कुछ कौतुक रचने की भावना जागृत होगी। यह स्थिति तमाम स्थापित राजनीतिक दलों के लिए आने वाले समय में एक प्रकार की चुनौती बन सकती है। दरअसल जेन जेड वह पीड़ित भुक्तभोगी समूह है जो कि व्यवस्था की ₹ व्यवस्था ₹ के प्रति संतुष्ट नहीं है। जो काम सत्तापक्ष को आवश्यक रूप से करना चाहिए और विपक्ष को भी करना चाहिए, उसके प्रति तमाम राजनीतिक दलों में इच्छाशक्ति का अभाव देखा जाता है। यही कारण है कि मजाकिया संगठन उदय में आ रहे हैं और उसके द्वारा उठाए गए मुद्दे जन समर्थन पाने लगे है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा उठाए गए मुद्दे कहीं से कहीं तक गलत नहीं है। दरअसल यह हवाई संगठन यथार्थवादी दृष्टिकोण को लेकर देश के सामने हैं। यह उस व्यवस्था के प्रति मुखर होने का परिचायक है जिसके चलते युवाओं का भविष्य दांव पर लगता जा रहा है। कोई आश्चर्य नहीं यदि आगे जाकर देश के और भी तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर इस संगठन के बैनर तले आम नागरिक एकजुट हो जाएं। वास्तव में देश ने देख लिया है कि लगभग सभी राजनीतिक दल सत्ता को परम लक्ष्य मानकर राजनीति में सक्रिय होते हैं। ऐसे में कौतुक रचने की राजनीति की ओर जनसाधारण का ध्यान आकर्षित होना बहुत लाजिमी है।

इसलिए देश-प्रदेश में निकट भविष्य में समय-समय पर तमाम तरह के जीव जंतु के नाम पर किसी समूह या संगठन के उदय में आने की संभावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। यह स्थिति यह दशार्ती है कि वर्तमान दौर की तमाम तरह की राजनीतिक विसंगतियों और राजनेताओं के आचरण और व्यवहार में जमीन आसमान का अंतर भी एक ऐसा कारण है जिसके चलते सही मुद्दे को लेकर ₹ कुछ तो भी ₹ संगठन उदय में आने लगे। यह सोचा जाना चाहिए कि आखिर कॉकरोच जनता पार्टी जैसे बेतुके संगठन की विचारधारा से लोग क्यों जुड़ते जा रहे हैं ? आखिर कौन है जो उसकी मांगों के प्रति असहमत है ?

आश्चर्य का विषय है कि ऐसा संगठन जिसकी वास्तविकता के धरातल पर कहीं से कहीं तक कोई बुनियाद ही नहीं है। जिसका कोई पृथक संविधान नहीं है, कहीं से कहीं तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं है और यह एक आक्रोश की ही उपज है। लेकिन इसमें दो मत नहीं कि उसके द्वारा उठाए गए मुद्दों में बहुत जान है। इन परिस्थितियों में सत्तापक्ष एवं प्रतिपक्ष को आम नागरिकों के हित में अपनी घोषित रीती-नीति को वास्तव में जमीन पर उतार कर दिखाना होगा। अन्यथा समय समय पर वाजिब मुद्दों को लेकर ऐसे बेतुके तथाकथित संगठन की विचारधारा के साथ आम नागरिकों के खड़े होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मरीज, मशीन और हैकर: स्वास्थ्य व्यवस्था का नया संकट

अस्पतालों की सुरक्षा की पारंपरिक तस्वीर बदल रही है। आज स्वास्थ्य सेवाएँ इंटरनेट, डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित हैं। मरीज की जांच रिपोर्ट से लेकर उपचार रिकॉर्ड तक सब कुछ डिजिटल नेटवर्क से जुड़ा है। चिकित्सा जगत इसे प्रगति का प्रतीक मानता है, लेकिन इसके साथ एक अदृश्य खतरा भी उभर रहा है–साइबर हमलों का। अब अस्पताल के सर्वर में सेंध लगना केवल डेटा चोरी नहीं रह गया। जब चिकित्सा उपकरण और उपचार डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हों, तब कंप्यूटर नेटवर्क पर हुआ हमला सीधे मानव जीवन को प्रभावित कर सकता है। इसलिए जन स्वास्थ्य की सुरक्षा अब चिकित्सा विज्ञान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय बन गई है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

स्वास्थ्य क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ मेडिकल थिंग्स का विस्तार अभूतपूर्व रहा है। पेसमेकर, इंसुलिन पंप, वेंटिलेटर, हार्ट मॉनिटर और एमआरआई जैसी मशीनें अब एक विशाल डिजिटल नेटवर्क का हिस्सा हैं। इससे उपचार और निगरानी बेहतर हुई है, लेकिन जोखिम भी बढ़े हैं। किसी डिवाइस की मामूली तकनीकी खामी साइबर अपराधियों के लिए प्रवेश का मार्ग बन सकती है। विश्व की कई नियामक संस्थाएँ लगातार ऐसी कमजोरियों को लेकर चेतावनी देती रही हैं, फिर भी स्वास्थ्य क्षेत्र का बड़ा हिस्सा उन्हें पर्याप्त गंभीरता से नहीं लेता। जबकि आज चिकित्सा उपकरणों में सुरक्षा कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि जीवनरक्षा की अनिवार्य आवश्यकता है।

जब साइबर हमले अस्पतालों को निशाना बनाते हैं, तब उनके दुष्परिणाम केवल कंप्यूटरों तक सीमित नहीं रहते। वर्ष 2017 में वानाक्राई रैंसमवेयर ने ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को इस तरह प्रभावित किया कि कंप्यूटर ठप पड़ गए, सर्जरियाँ टालनी पड़ीं और स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हो गईं। यह डिजिटल युग की कठोर सच्चाई थी। कोविड महामारी के बाद भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण तेजी से बढ़ा, पर सुरक्षा व्यवस्था उतनी मजबूत नहीं हो सकी। डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन परामर्श और स्मार्ट उपकरणों के बढ़ते उपयोग के बीच अनेक अस्पताल अब भी पुराने सॉफ्टवेयर और असुरक्षित नेटवर्क पर निर्भर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य संस्थान साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनते जा रहे हैं।

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अब केवल अस्पतालों के रिकॉर्ड में नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के मोबाइल ऐप्स में भी सुरक्षित है। फिटनेस, शुगर मॉनिटरिंग, ब्लड प्रेशर और टेलीमेडिसिन ऐप्स व्यक्ति की बीमारी, दवाओं, पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और कई बार आनुवंशिक जानकारी तक संजोते हैं। किंतु अनेक ऐप्स में सुरक्षा मानकों का पालन पर्याप्त नहीं होता। कमजोर पासवर्ड, अपर्याप्त एन्क्रिप्शन और समय पर अपडेट का अभाव उन्हें साइबर हमलों के प्रति संवेदनशील बनाता है। ऐसे में स्वास्थ्य डेटा अपराधियों के लिए बहुमूल्य संपत्ति बन जाता है, जिसका दुरुपयोग ब्लैकमेल से लेकर व्यावसायिक शोषण तक किया जा सकता है।

जब स्वास्थ्य संबंधी गोपनीय सूचनाएँ लीक होती हैं, तब क्षति केवल डेटा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विश्वास की नींव भी हिल जाती है। बैंक खाते का पासवर्ड बदला जा सकता है, पर किसी व्यक्ति की बीमारी का इतिहास नहीं। यदि संवेदनशील स्वास्थ्य जानकारी सार्वजनिक हो जाए, तो उसका असर सामाजिक संबंधों, रोजगार के अवसरों और बीमा सुविधाओं तक पड़ सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य क्षेत्र अन्य क्षेत्रों से भिन्न है। यहाँ डेटा का मूल्य केवल आर्थिक नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान, प्रतिष्ठा और गरिमा से जुड़ा होता है।

धर्म-आस्था

## कृष्ण हर बात पर क्यों मुस्कुराते थे?

अभी तक पौराणिक कथाओं में जितने अवतार या किरदार बताये गए हैं, उनमें हर किसी का एक खास तरह का स्वभाव है और उसके अनुसार उनके चेहरे की भाव-भंगिमा दशार्यी गयी है। लेकिन अगर भगवान श्रीकृष्ण के किरदार की बात की जाए, तो उनका किरदार बहुमुखी स्वभाव लिए हुए था लेकिन जो एक चीज हमेशा उनकी पहचान बनी रही और उनके चरित्र को खास बनाती रही, वो थी उनके चेहरे की मुस्कान। परिस्थिति चाहे कैसी भी रही हो, श्रीकृष्ण के चेहरे पर ये मुस्कान हमेशा बनी रहती थी। पर आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों था? श्रीकृष्ण यूं ही मुस्कुराते रहते थे या फिर इस मुस्कान के पीछे कोई सन्देश था? चलिए समझते हैं...श्रीकृष्ण की मुस्कान का गूढ़ अर्थ

भगवान कृष्ण हर परिस्थिति में मुस्कुराते थे क्योंकि उनके लिए जीवन का मूल सत्य अनित्यता और समभाव था। उनकी मुस्कान करुणा, आत्मविश्वास और दिव्यता का प्रतीक थी, चाहे वह युद्धभूमि हो, अपमान का क्षण हो या मित्रों से मिलन। इस मुस्कान के पीछे क्या भाव और सन्देश थे, चलिए जानते हैं...



**1. समभाव**

महाभारत में जब अर्जुन युद्धभूमि में निराश होकर धनुष छोड़ देता है, तब कृष्ण मुस्कुराते हैं और गीता का उपदेश देते हैं। उनकी यह मुस्कान बताती है कि कठिनाइयाँ केवल माया के भ्रम हैं, जिन्हें उच्च चेतना से पार किया जा सकता है। यहाँ कृष्ण की मुस्कान इस बात का प्रतीक मानी जाती है कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन उनसे टूटने की बजाय उन्हें समझना और स्वीकार करना चाहिए।

**2. करुणा और प्रेम**

कृष्ण की मुस्कान केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि प्रेम की भी प्रतीक है। चाहे वे गोकुल के ग्वाला हों, राधा हो, पांडव हों या सामान्य भक्त, कृष्ण सभी के प्रति स्नेह और करुणा का भाव रखते हैं। युद्धभूमि में भी कृष्ण की मुस्कान अर्जुन को यह आश्वासन देती है कि वह न तो निंदा कर रहे हैं और न ही क्रोधित हैं। यह करुणा का भाव है, जिससे शिष्य को आत्मविश्वास मिलता है कि गुरु उसके साथ हैं। श्रीकृष्ण की मुस्कान उनके व्यक्तित्व की उस सहजता को दर्शाती है, जो लोगों को अपनेपन का अनुभव कराती है।

**3. आत्मविश्वास**

जब दुर्योधन ने भरी सभा में श्रीकृष्ण का अपमान किया था, तब भी उन्होंने मुस्कुराकर प्रतिक्रिया दी थी। वहाँ उनकी यह मुस्कान बताती है कि अपमान या संकट उन्हें विचलित नहीं कर सकता। कृष्ण की मुस्कान इसी आंतरिक संतुलन और आत्मविश्वास का प्रतीक मानी जाती है।

**4. आध्यात्मिक संदेश**

कृष्ण की मुस्कान हमें सिखाती है कि जीवन की समस्याएँ उतनी बड़ी नहीं जितनी हम उन्हें बना लेते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में कृष्ण अर्जुन को सिखाते हैं कि व्यक्ति का अधिकार कर्म पर है, परिणाम पर नहीं। जब कोई व्यक्ति हर परिणाम को नियंत्रित करने की कोशिश छोड़ देता है और अपना ध्यान कर्म पर केंद्रित करता है, तब चिंता कम होने लगती है। उनके अनुसार सच्चा ज्ञानी व्यक्ति सफलता और असफलता, लाभ और हानि, सुख और दुख में समान भाव बनाए रखता है। यही कारण है कि युद्ध जैसी कठिन परिस्थिति में भी कृष्ण विचलित नहीं दिखाई देते। उनकी मुस्कान बताती है कि बाहरी परिस्थितियों से ऊपर उठकर भी जीवन जिया जा सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,500 रवा- 1,48,300 चांदी-टंच- 2,44,000 पाट- 2,43,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## हड़ताल के 14वें दिन आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं ने किया रुद्राभिषेक

### मांगों के शीघ्र निराकरण की लगाई गुहार

**सुसनेर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 26 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं का आंदोलन लगातार जारी है। हड़ताल के 14वें दिन सोमवार को कार्यकताओं ने नगर के प्राचीन मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया तथा अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए प्रार्थना की। आशा एवं ऊषा कार्यकताओं ने बताया कि वे लंबे समय से मानदेय वृद्धि, नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कर रही हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। इसी के चलते प्रदेशव्यापी आह्वान पर वे 26 मई से हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने और जनजागरण जैसे कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं। सोमवार को सभी कार्यकर्ता मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में एकत्रित हुईं, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने और शीघ्र समाधान निकालने की प्रार्थना की। कार्यकताओं का कहना है कि आशा और ऊषा कार्यकर्ता ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और सम्मान नहीं मिल रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने शासन से शीघ्र वार्ता कर समस्या का समाधान निकालने की मांग की।

## हज यात्रा से लौटे हाजी रफीक भाई का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम मोड़ी में पवित्र हज यात्रा संपन्न कर मक्का-मदीना से लौटे हाजी रफीक भाई (बस वाले) का गांववासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके निज निवास पर आयोजित स्वागत समारोह में ग्रामीणों, समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने हाजी रफीक भाई को हज यात्रा पूर्ण कर सकुशल लौटने पर शुभकामनाएं दीं। हाजी रफीक भाई ने भी हज यात्रा के अनुभव साझा करते हुए क्षेत्र एवं देश में सुख, शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ करने की बात कही। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द और उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने हाजी रफीक भाई के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उनका सम्मान किया।

### कांग्रेस की 'संगठन सृजन' बैठक में चुनाव रणनीति पर मंथन

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, पंचायत अध्यक्षों को जिम्मेदारी देने पर जोर



**अकोदिया।** अकोदिया स्थित सलसलाई में आगामी चुनावों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी उद्देश्य से सुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सलसलाई में सोमवार दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कांग्रेस की महत्वपूर्ण 'संगठन सृजन' बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवनारायण परमार ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निदेर्शानुसार संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसका लक्ष्य ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करना और पार्टी की गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाना है। परमार ने बताया कि हाल ही में विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में कांग्रेस के नए पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। बैठक में इन सभी नवनियुक्त अध्यक्षों के साथ वरिष्ठ नेताओं ने सीधा संवाद किया, जिससे क्षेत्रीय परिस्थितियों और संगठन की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई। नेताओं ने पंचायत अध्यक्षों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए गांव स्तर पर कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया। बैठक में सुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रकाश खैरकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह सिकरवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष अजब सिंह पवार, वरिष्ठ नेता आचल सिंह मेवाड़ा, राहुल मंडलोई सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छत्रपति शिवाजी एक दूरदर्शी और कुशल प्रशासक थे : देशमुख

**अकोदिया।** नगर परिषद अकोदिया ने नगर के हृदय स्थल मुख्य बाजार शिवाजी मार्केट में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की। कार्यक्रम में अकोदिया, शुजालपुर, अन्य ग्रामीण क्षेत्र से मराठा महाराष्ट्रीयन समाज के परिवारों को आमंत्रित किया गया। सामाजिक कार्य से प्रेरित होकर जिजाऊ ब्रिगेड के मध्य प्रदेशाध्यक्ष कोमल कुलदीप देशमुख, प्रदेश संघटक प्राजक्ता देशमुख, वंदना देशमुख, हेमलता देशमुख, चित्रा देशमुख सहित समाजजनों ने शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट किए। पुष्प मालाओं से स्वागत किया। कोमल देशमुख ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज किसी एक समाज या क्षेत्र के राजा नहीं थे। वे दूरदर्शी शासक थे। कुशल प्रशासक थे। जनकल्याणकारी राजा के रूप में प्रसिद्ध रहे। उन्होंने अपने शासन में सभी जाति, धर्म, वर्ग के लोगों को समान अवसर दिए। न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित की।

### मां बगलामुखी मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी

# हवन-पूजन कराने का झांसा देकर गुजरात के श्रद्धालु से धोखाधड़ी अज्ञात साइबर ठग पर केस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने हवन-पूजन कराने के बहाने गुजरात के एक श्रद्धालु से 18,799 रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### गूगल से नंबर निकालकर किया था संपर्क

पुलिस के अनुसार, गुजरात के वडोदरा निवासी एक श्रद्धालु ने गूगल पर मां बगलामुखी मंदिर से संबंधित जानकारी खोजी थी। सर्च के दौरान उसे एक लिंक और मोबाइल नंबर मिला। श्रद्धालु ने जब उस नंबर पर संपर्क किया। सामने वाले व्यक्ति ने खुद को मंदिर से जुड़ा हुआ बताकर विशेष हवन-पूजन कराने की बात कही और विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से कुल 18,799 रुपए जमा करवा लिए।

### नलखेड़ा पहुंचने पर खुला फर्जीवाड़ा

रकम जमा करने के कुछ समय बाद जब श्रद्धालु नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचा, तो उसने मंदिर समिति से संपर्क किया। समिति से जानकारी लेने पर पीड़ित को पता चला कि जिस व्यक्ति को उसने पैसे भेजे थे, उसका मंदिर प्रशासन से कोई संबंध नहीं है और पूरी प्रक्रिया फर्जी थी। इसके बाद पीड़ित श्रद्धालु ने तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अधिकृत स्त्रोतों से पुष्टि करने की अपील

इस घटना पर स्थानीय पंडितों ने भी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि फर्जी लोग मंदिर के नाम का दुरुपयोग कर श्रद्धालुओं को भ्रमित कर रहे हैं, जिससे धार्मिक स्थल की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। पुलिस और मंदिर प्रशासन ने संयुक्त रूप से अपील की है कि श्रद्धालु किसी भी प्रकार का ऑनलाइन भुगतान करने से पहले अधिकृत स्त्रोतों से जानकारी की पुष्टि जरूर करें।

### आस्था का फायदा उठा रहे साइबर ठग

सुसनेर एसडीओपी देवनारायण यादव ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों की धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर उन्हें अपना निशाना बना रहे हैं। इससे पहले भी नलखेड़ा के मां बगलामुखी मंदिर और दतिया की पीताम्बरा पीठ के नाम पर फर्जी वेबसाइट व सोशल मीडिया पेज बनाकर श्रद्धालुओं से ठगी की कई वारदातें सामने आ चुकी हैं।

### डोम खाली कराने को लेकर बदनावर मंडी में हंगामा

# अतिक्रमण हटाने के नोटिस से बढ़ा विवाद; व्यापारियों ने नीलामी रुकवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर कृषि उपज मंडी में सोमवार को डोम (शेड) खाली कराने की बात को लेकर मंडी कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। बहस के बाद नाराज व्यापारियों ने एकजुट होकर कुछ समय के लिए मंडी की नीलामी प्रक्रिया को रुकवा दिया, जिससे पूरे प्रांगण में हंगामा हो गया। यह विवाद मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के बाद शुरू हुआ।

### मंडी बोर्ड के आदेश पर जारी हुए नोटिस

मंडी प्रशासन ने भोपाल से प्राप्त निर्देशों के तहत व्यापारियों को डोम और ऑक्शन प्लेटफॉर्म पर रखा अपना माल हटाने के लिए नोटिस जारी किए थे। मंडी बोर्ड के 28 मई 2026 के पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मंडियों के प्रांगण और शेडों में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए।

इसके साथ ही, ऑक्शन प्लेटफॉर्म को नीलामी शुरू होने से पहले पूरी तरह खाली रखना अनिवार्य किया गया है।

### लाइसेंस निलंबन की चेतावनी

बोर्ड के पत्र के अनुसार, यदि कोई व्यापारी नीलामी शुरू होने से पहले ऑक्शन प्लेटफॉर्म से अपना माल नहीं हटाता है, तो उससे 10 रुपये प्रति बोरा की दर से किराया वसूला जाएगा। इसके अलावा, संबंधित व्यापारी को माल हटाने तक नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है और उसका लाइसेंस निलंबित या रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### शेडों में परमानेंट पार्टिशन करने पर आपत्ति

मंडी बोर्ड ने अपने पत्र में चिंता जताई है कि कई मंडियों में व्यापारियों ने शेडों के भीतर स्थायी रूप से सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ स्थानों पर पार्टिशन करके जगह का स्थायी उपयोग किया जा रहा है।

इन्हीं निर्देशों के पालन में सोमवार को जब मंडी कर्मचारी शेड खाली कराने पहुंचे, तो व्यापारियों से उनकी बहस हो गई और कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल रहा।

### चर्चा के बाद दोबारा शुरू हुई नीलामी

काफी देर तक चले हंगामे के बाद मंडी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच हुई चर्चा के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। व्यापारियों का तर्क है कि मंडी के शेडों में माल रखने की व्यवस्था वर्षों से चली आ रही है, जिसे अचानक नहीं बदला जाना चाहिए। दूसरी ओर, मंडी प्रशासन का कहना है कि उच्च स्तर से प्राप्त आदेशों और नियमों का पालन कराना उनके लिए अनिवार्य है।



## तनोड़िया में आवारा सांडों का आतंक राहगीरों और वाहन चालकों में भय

**तनोडिया।** नगर में इन दिनों आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बस स्टैंड, पिपलोन चौराहा, बाजार क्षेत्र, माकडोन मार्ग सहित कई प्रमुख स्थानों पर आवारा सांड खुलेआम घूमतें नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांडों के झुंड आपस में लड़ते रहते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। नगरवासियों के अनुसार कई बार आवारा सांड अचानक लोगों की ओर दौड़ पड़ते हैं, जिससे चौराहा व रोड पर अफरा-. तफरी का माहौल बन जाता है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों में डर बना हुआ है। यदि समय रहते इन आवारा सांडों को नगर से नहीं हटायां गया, तो कालापीपल क्षेत्र जैसी बड़ी दुर्घटना यहां भी हो सकती है। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन और जिम्मेदार विभाग समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वाहन चालक भी इन सांडों से बचने के प्रयास में संतुलन खो बैठते हैं। कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आवारा सांडों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाए, ताकि चौराहा और प्रमुख मार्गों पर लोगों को राहत मिल सके। लोगों बोले-कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म व हत्या के प्रकरण का खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। फरियादी ने सूचना दी कि एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका इमली के पेड़ पर अपने पजामे से फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की। इसके पश्चात पुलिस ने सभी पहलुओं पर गहनता एवं संवेदनशीलता के साथ जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया, शव पंचायतनामा तैयार किया गया, फोटोग्राफी कराई गई तथा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। फरियादी एवं अन्य परिजनों के कथन लेखबद्ध किए। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि नाबालिग बालिका को पूर्व में आरोपी के घर से आते-जाते देखा गया था, जिसके संबंध में परिजनों द्वारा संदेह व्यक्त किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जिनमें नाबालिग बालिका के साथ यौन शोषण किए जाने के संकेत, उसके गर्भवती होने तथा मृत्यु का कारण गला घोंटकर हत्या करना पाया गया। जांच के दौरान संकलित साक्ष्यों, परिजनों द्वारा व्यक्त संदेह तथा प्राप्त तथ्यों के आधार पर संदेही मुकेश पिता चम्पालाल तंवर 26 वर्ष निवासी थाना कोतवाली जिला राजगढ़ को तलब कर पूछताछ की गई। पुलिस द्वारा की गई गहन एवं तकनीकी पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह नाबालिग बालिका के साथ लंबे समय से शारीरिक संबंध बना रहा था। बालिका के गर्भवती होने के पश्चात उसके द्वारा विवाह करने का दबाव बनाए जाने पर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी तथा घटना को आत्महत्या का स्वरूप देने के उद्देश्य से शव को पेड़ पर लटका दिया।


## जाहिर सूचना

अतः एंव सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह प्रकाशित किया जाता है ग्राम चिकली स्थित भूमि सर्वे न. 30/1/1/2 रकबा 0.27 हे. भूमिस्वामी रंजना पाटीदार पति कमलकिशोरं जी पाटीदार जाति पाटीदार निवासी क्र. 13 श्रषिनगर उज्जैन कृषक ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन द्वारा विकय किया जा रहा है सम्पुर्ण रकबा भूमिस्वामी द्वारा विक्रय किया जा रहा है जो मुझ केता सुरेश जोगदिया पिता बगदीराम जोगदिया जाति बलाई निवासी ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा कय किया जा रहा है। इस सबंध मे यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है, तो नियत तिथि 09.06.2026 से 07 दिन तक या उसके पूर्व स्वतः अथवा विधिक अभिकर्ता के माध्यम से भूमिस्वामी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**क्रेता- सुरेश जोगदिया पिता बगदीराम जोगदिया जाति बलाई निवासी ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन से सम्पर्क करे।**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दिनेश कुमार पिता ईश्वरलालजी रावल जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम नरसिंगा तहसील बड़नगर के नाम से भूमि सर्वे नम्बर 221 स्थित हैं, तथा भूमि सर्वे नम्बर 220 हैं जो सावंतसिंह पिता सुरजसिंह व रतनबाई बेवा सुरजसिंह के नाम से स्थित हैं जो त्रुटीपूर्ण तथा बंदोबस्त के समय नक्शें में गलत लाईन अंकित होने कि वजह से त्रुटी की स्थिती निर्मित हुई हैं। मौके पर मेरे पक्षकार काबिज हैं तथा सावंतसिंह व रतनबाई का सर्वे नम्बर 220 पर कोई कब्जा नहीं हैं। तथा नक्शे को सहीं किये जाने बाबत प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय बडनगर के यहाँ विचाराधिन है तथा सर्वे क्रमांक 220 जो त्रुटीपूर्ण हैं को सावंतसिंह व रतनबाई त्रुटीपूर्ण नक्शे के कारण भूमि विक्रय करने के प्रयास में हैं

अतः सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि कोई भी व्यक्ति / संस्था ऐजेंसी भूमि सर्वे 220 रकबा 0.23 हेक्टेयर स्थित ग्राम नरसिंगा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन को क्रय नहीं करे न ही अन्य किसी रिति से अंतरित हस्तांतरित करवाये अन्यथा समस्त जवाबदारी संबंधीत पक्ष की होगी। सूचित हो।

**राधेश्याम सोनगरा एडवोकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 94068-21688**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. धर्मेन्द्र पिता श्री पीरूलाल 2. साचीन पिता पीरूलाल 3. पूजा पुत्री पीरूलाल 4. पवनबाई बेवा पीरूलाल 5. सोदराबाई बेवा पर्वत जी 6. तेजकरण पिता पर्वत जी समस्त जाति बलाई निवासीगण ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 339/1/1 रकबा 0.1000 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 340/1/1 रकबा 0.2500 हेक्टर जो भू-अभिलेख में धर्मेन्द्र पिता पीरूलाल के नाम दर्ज है एवं सर्वे क्रमांक 339/1/2 रकबा 0.1000 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 340/1/2 रकबा 0.2500 हेक्टर जो भू-अभिलेख में साचीन पिता पीरूलाल के नाम दर्ज है एवं सर्वे क्रमांक 340/1/3 रकबा 0.1200 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 779/1 रकबा 0.0200 हेक्टर जो भू-अभिलेख में धर्मेन्द्र,साचीन पूजा पुत्र पुत्री पीरूलाल व पवनबाई बेवा पीरूलाल के नाम दर्ज है एवं सर्वे क्रमांक 339/2 रकबा 0.2100 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 340/2 रकबा 0.6300 हेक्टर जो भू-अभिलेख में सोदराबाई बेवा पर्वत के नाम दर्ज है एवं सर्वे क्रमांक 339/3/1 रकबा 0.0500 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 340/3/1 रकबा 0.1700 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 779/2 रकबा 0.0200 हेक्टर जो भू-अभिलेख में तेजकरण पिता पर्वत के नाम दर्ज है इस प्रकार कुल किता 11 कुल संयुक्त रकबा 1.9200 हेक्टर ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश प.ह.न.0046 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिठ्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः- 09-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन 98264-44002**




## स्कूल में रिन्यू प्राइवेट लिमिटेड ने किए आरो एवं वाटर कूलर भेंट

**खरसौदकलां।** क्षेत्र में पवन ऊर्जा में कार्यरत रिन्यू प्राइवेट लिमिटेड ने शासकीय स्कूल में बच्चों के लिए पानी की शुद्धता में आरो एवं वाटर कूलर निशुल्क प्रदान किए। स्कूल में वितरण सामग्री के दौरान मुख्य रूप से उज्जैन कंपनी के उज्जैन प्रभारी दिनेश परिहार ने बताया कि कंपनी आए दिन समाज और पर्यावरण में बेहतर कार्य करने में लगी है। इसी के तहत विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केन्द्रो पर संसाधन उपलब्ध कराने के अलावा कंपनी निशुल्क स्वास्थ्य सेवा में शिविर आयोजन भी किए हैं ।कंपनी द्वारा प्रदान आरो के शुभारंभ अवसर पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक प्रवीण शर्मा , क्षेत्र प्रभारी रेन्यू मोहिन खान , सेवानिवृत्त शिक्षक कमलनाथ योगी,मोहनलाल चतुवेर्दी उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र सिंह भारद्वाज ने की। कंपनी की विजय गेहलोत ने बताया की कंपनी द्वारा बड़ागांव, चंदरवासला, संदला आदि समीप गांव के स्कूलों में सोलर पैनल भी लगाए गए हैं ।साथ में खरसोदकला स्कूल में पूर्व में एक स्मार्ट बोर्ड भी प्रदान किया गया है।

### सीहोर में संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

## चूल्हे पर चाय बनाकर जताया विरोध, 11 जून को भोपाल में जुटेंगे



**सीहोर।** मध्यप्रदेश में संविदा नीति, वेतन विसंगति और नेशनल पेंशन स्कीम के विरोध में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। सीहोर जिले में अनिश्चितकालीन हड़ताल के आठवें दिन कर्मचारियों ने धरना स्थल पर चूल्हे पर चाय बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल का यह आठवां दिन है। चूल्हे पर चाय बनाकर उन्होंने सरकार तक अपनी मांगों का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने 'संविदा एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए। उनका आरोप है कि वे वर्षों से शोषणकारी संविदा नीति का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रही है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा कि वे नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में कर्मचारी प्रशासन को अपनी मांगों का विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे। इसके अलावा 11 जून को प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल में एकत्र होकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव की तैयारी कर रहे हैं।

### कुसावदा में घर पर तीन-चार राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग

## फोरव्हीलर सवार दोनों बदमाश फरार, अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**बदनावर।** बदनावर के कानवन थाना क्षेत्र स्थित कुसावदा गांव में सोमवार रात घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना सामने आई है। बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर रुककर गोलियां चलाईं। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि गांव में दहशत का माहौल है। हमला गांव निवासी नाहरु पिता रजाक पटेल के घर पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय फोरव्हीलर पर दो युवक घर के सामने आए और बिना किसी बातचीत के अचानक फायरिंग शुरू कर दी।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्याम ठक्कर पिता श्री ब्रजमोहन जी ठक्कर निवासी 30, भागसीपुरा रणछोड गली उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) की क्रयअनुबंधित की हुई कृषि भूमि सेर्व क्रमांक 51/1, रकवा 1.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 134/1 रकबा 1.780 हेक्टर, रार्वे नम्बर 135 रकबा 0.080 हेक्टर, सर्वे नम्बर 136 रकबा 0.470 हेक्टर, सर्वे नम्बर 238 रकबा 2.010 हेक्टर, सर्वे नम्बर 240 रकबा 0.050 हेक्टर, सर्वे नम्बर 261/1 रकबा 0.170 हेक्टर, कुल किता 7 कुल रकबा 5.760 हेक्टर एवं पक्षकार क्रं 2 के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूगि सर्वे नम्बर 249 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 253 रकवा 0.080 हेक्टर, सर्वे नम्बर 257 रकबा 0.030 हेक्टर, सर्वे नम्बर 260 रकबा 0.280 हेक्टर, रार्वे नम्बर 261/2 रकबा 0.130 हेक्टर एवं सर्वे नम्बर 134/2 रकबा 1.760 हेक्टर, सवे नम्बर 250 रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 251 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे नम्बर 256 रकबा 0.870 हेक्टर, सर्वे नम्बर 259 रकबा 0.020 हेक्टर, सार्वे नम्बर 262 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 271 रकबा 0.040 हेक्टर, सर्वे नम्बर 274 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे नम्बर 275 रकबा 0.140 हेक्टर, सर्वे नम्बर 276 रकबा 0.140 हेक्टर, सर्वे नम्बर 277 रकबा 0.180 हेक्टर एवं पक्षकार क्र 2 के हक व हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 50 रकबा 0.410 हेक्टर, सर्वे नम्बर 51/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 52 रकबा 0.800 हेक्टर में से रकबा 0.570 हेक्टर, कुल किता 19 कुल रकबा 5.980 हेक्टर ग्राम रैयापुर तह. उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा करके सौदा चिठ्ठी का संपादन कर लिया है उक्त भूमि के मुलस्वामीगण बद्रीलाल पिता बालूसिंह एवं भेरूलाल पिता मांगलाल जी जाति आंजना निवासीगण ग्राम ग्राम रैयापुर तह. उन्हेल जिला उज्जैन से क्रय करने का अनुबंध का संपादन कर रखा है। उक्त वर्णित कृषि भूमि क्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र/सौदा चिठ्ठी करते हुए मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि भुगतान कर दी गई है और निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । इति दिनांक 09/06/2026

**पीयुष शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा- 99070-21923ष्ट 9009438990**

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

उज्जैन, बुधवार 10, जून 2026 

## सिटी कोतवाली में पदस्थ महिला कांस्टेबल ने लगाई फांसी

**गुना।** शहर के कोतवाली थाने में पदस्थ महिला कॉन्स्टेबल निशा शर्मा ने मंगलवार दोपहर पुलिस लाइन स्थित अपने सरकारी क्वॉर्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही कैंट थाना पुलिस ने गेट तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। महिला कॉन्स्टेबल ने यह आत्मघाती कदम किस वजह से उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि महिला कांस्टेबल 2 दिन की छुट्टी पर अपने घर जिला अशोकनगर गई हुई थी वहां से आने के बाद उसने यह कदम उठाया है। इस मामले में कोई सुसाइड नोट भी निशा शर्मा ने नहीं छोड़ा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दीपयज्ञ करके ज्ञापन देकर किया प्रदर्शन

**गुना।** संपूर्ण मध्य प्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर 32000 संविदा कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के निराकरण के संबंध में अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों का जिले में निश्चित कालीन हड़ताल का आज 8 वाँ दिवस है। मंगलवार को वेदमाता गायत्री को फूल माला चढाकर दीप यज्ञ करके अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश भार्गव ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल नियमितिकरण सहित आठ सूत्रीय मांगे शामिल हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने दीप यज्ञ करके शासन प्रशासन और एमडी मैडम को सद्बुद्धि आए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि हमारी शीघ्र मांगों को पूरा करें।

## शुजालपुर में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आज

**शुजालपुर।** कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में जिले में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति के उद्देश्य से एक दिवसीय एफ एलएन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागियों को मिशन अंकुर के विभिन्न घटकों, कक्षा 1 से 3 के निपुण लक्ष्यों, शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक, जादुई पिटारा, गणित संदर्शिका तथा शिक्षण-अधिगम सामग्री टीएलएम के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 10 जून को शुजालपुर केंद्र पर आयोजित किया जाएगा।

## एबी रोड के ब्लैक स्पॉट पर लगी जीवन रक्षक पाठशाला

**शाजापुर।** सड़क हादसों के दौरान शुरुआती कुछ मिनट यानी गोल्डन आवर किसी भी घायल की जान बचाने के लिए सबसे अहम होते हैं। अक्सर सही समय पर प्राथमिक उपचार और मदद न मिल पाने के कारण कई लोग अकाल मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। दुर्घटनाओं में होने वाली इसी जनहानि को रोकने और आम नागरिकों को मददगार बनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार दोपहर ग्राम पनवाड़ी स्थित एबी रोड के ब्लैक स्पॉट (डेंजर जोन) पर एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने शिरकत कर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया।

## बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से तीन घायल

**शाजापुर।** बाइक के अनियंत्रित होने से तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम पनवाड़ी निवासी मुकेश 35 पिता रामप्रसाद, बंटी 18 पिता पूरू एवं अरुण पिता ओमप्रकाश बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक का नियंत्रण बिगड़ने से वह सड़क किनारे रखे लोहे के रेलिंगों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में तीन बाइक सवार घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 512 राहुल कारपेंटर एवं पायलट किरण मौर्य ने घायलों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई तथा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

## खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की नियमितीकरण की मांग

**शाजापुर।** जिन हाथों ने कोरोना जैसी भीषण महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना हजारों जिंदगियां बचाई, आज वही हाथ अपने हक के लिए खून से खत लिखने को मजबूर हैं। मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे एनएचएम संविदा कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है। लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे इन स्वास्थ्य कर्मियों ने हताश होकर प्रदेश के मुखिया के नाम अपने खून से एक भावुक पत्र लिखा है। मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ माने जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने स्थाईकरण और नियमितीकरण की अपनी पुरानी मांग को लेकर आंदोलन का एक नया और मार्मिक रास्ता अपनाया।

## दो दिवसीय विशेष आधार शिविर का समापन, हुआ सम्मान

**गुना।** गुना डाक संभाग द्वारा गुना एवं अशोकनगर जिले के 12 आधार केंद्रों के साथ-साथ जिला विप्र उत्थान समिति, ब्राह्मण धर्मशाला नजूल कॉलोनी में दो दिवसीय विशेष आधार महाशिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का समापन जनसहभागिता और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। अधीक्षक डाकघर गुना ओ.पी. चतुर्वेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डाक सेवा, जन सेवा के मूल मंत्र को समर्पित इन शिविरों का आम जनता ने बढ़-चढ़कर लाभ उठाया। डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं तथा लोकप्रिय डाक जीवन बीमा योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की। की गई।

# बैंक में अपने ही पैसों के लिए किसानों का इंतजार

### लालघाटी शाखा में लेटलतीफी से फूटा गुस्सा, जमकर हुआ हंगामा

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



अन्नदाता किसान पहले खेतों में पसीना बहाकर अपनी फसल तैयार करते हैं और जब उपज बेचने के बाद भुगतान की बारी आती है, तो उन्हें सिस्टम की लेटलतीफी और लापरवाही का शिकार होना पड़ता है। अपने ही खून-पसीने की कमाई हासिल करने के लिए किसानों को घंटों कतारों में लगना पड़ता है। ऐसा ही एक ताजा मामला शाजापुर के लालघाटी स्थित शाजापुर बैंक मर्यादित शाखा में मंगलवार को सामने आया। यहां कर्मचारियों के समय पर न पहुंचने और गेहूं के भुगतान में हो रही भारी देरी से नाराज किसानों का सब्र आखिरकार टूट गया और उन्होंने बैंक परिसर में ही जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि वे अपने गेहूं के भुगतान और अन्य जरूरी बैंकिंग कार्यों के लिए सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच ही बैंक पहुंच गए थे। उम्मीद थी कि काम जल्दी निपट जाएगा और वे अपने खेतों व घरों को लौट जाएंगे। लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि दोपहर तक भी बैंक की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी। दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच बैंक में लगभग 100 से अधिक किसान जमा हो गए। कैशियर की कुर्सी खाली देखकर किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। घंटों इंतजार के बाद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो गुस्साए किसानों ने बैंक प्रबंधक का घेराव किया और उनके सामने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। किसानों ने बताया कि सुबह से करीब सौ किसान बैंक में मौजूद थे, लेकिन कैशियर के न होने से भुगतान का काम पूरी तरह से ठप पड़ा था। किसानों ने कर्मचारियों की मनमानी और समय पर न पहुंचने की शिकायत करते हुए कहा कि स्टाफ की इस कार्यशैली के कारण किसानों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने मांग की कि बैंक में कर्मचारियों की नियमित और समय पर उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि उन्हें बार-बार इस तरह की मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

किसानों के उग्र विरोध और हंगामे का असर यह हुआ कि आखिरकार दोपहर करीब 12.30 बजे एक कैशियर बैंक पहुंचा। इसके बाद ही किसानों के भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो सकी। वहीं इस पूरे मामले में बैंक प्रबंधक ने सफाई देते हुए कहा कि शाखा में वर्तमान में स्टाफ की कमी है। इसके अलावा, एक कैशियर के अस्थायी रूप से अनुपस्थित रहने के कारण यह देरी हुई।

## शाजापुर पुलिस लाइन में डीआईजी का वार्षिक निरीक्षण

**शाजापुर।** उज्जैन जोन के डीआईजी नवनीत भसीन ने स्थानीय पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली, अनुशासन और मैदानी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति से निपटने के लिए बलवा परेड (मॉक ड्रिल) का आयोजन हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों ने ही उपद्रवी बनकर पुलिस प्रशासन हाय-हाय और हमारी मांगें पूरी करो के नारे लगाए तथा पुलिस बल ने उन्हें खदेड़ने का अभ्यास किया। डीआईजी ने विपरीत परिस्थितियों में पुलिस के त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और भीड़ नियंत्रण कौशल को बारीकी से परखा। मंगलवार को आयोजित इस एक दिवसीय दौरे के दौरान डीआईजी ने पहले सामान्य परेड और उसके बाद बलवा परेड की सलामी ली। निरीक्षण के बाद अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने अपनी परेशानियां अधिकारियों के सामने रखीं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अस्पताल में समुचित इलाज नहीं मिल पाता है और सरकारी आवासों की स्थिति भी जर्जर हो चुकी है, जहां छतों से बारिश का पानी टपकता है। एक पुलिसकर्मी ने अनुकंपा नियुक्ति में प्रमोशन का लाभ न मिलने की बात भी कही। डीआईजी ने इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए जवानों को राहवीर और पीएम राहत योजना की जानकारी दी। साथ ही, साइबर फ्रॉड से बचने के प्रति भी जागरूक किया।

**विवेचना में तेजी लाने के लिए मिले 195 लैपटॉप-** पुलिस के कामकाज में तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से डीआईजी ने बताया कि शासन की ओर से शाजापुर जिले के पुलिसकर्मियों के लिए 195 लैपटॉप प्रदान किए गए हैं। अब जिले के सभी थाना प्रभारी और विवेचना अधिकारी इन लैपटॉप का उपयोग करेंगे, जिससे मामलों के अनुसंधान और कागजी कार्रवाई में तेजी आएगी। निरीक्षण के दौरान आयोजित बलवा परेड ड्रिल में पुलिस बल की कई तकनीकी कमियां उजागर हुईं।

# 1500 प्रतिभागियों के बीच चमके नागदा के नन्हे गणितज्ञ

### हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नागदा।** हैदराबाद में आयोजित मास्टरमाइंड अबाकस नेशनल प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नागदा के मास्टरमाइंड अबाकस क्लासेस के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में लक्षिता पोरवाल ने 3 वॉल्यूम वर्ग में प्रथम स्थान, समृग्या व्यास ने 7 वॉल्यूम वर्ग में प्रथम स्थान तथा शिवांश मेघानी ने 6 वॉल्यूम वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। संस्था की डायरेक्टर उर्वशी राठौर को उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों के लिए एलिट परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। उर्वशी राठौर ने बताया कि मास्टरमाइंड अबाकस केवल बच्चों की गणितीय क्षमता को ही विकसित नहीं करता, बल्कि उनकी एकाग्रता, फोटोग्राफिक मेमोरी, मानसिक दक्षता एवं गणना की गति को भी बढ़ाता है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को मात्र 4 मिनट में गणित के 100 कठिन प्रश्नों को हल करना था, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।




संस्था ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं

## प्रदेश में कृषि उपज पर मंडी शुल्क बढ़ने से व्यापार प्रभावित होगा

### किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने पर भी असर पड़ेगा

**इंदौर/उज्जैन।** मंगलवार को प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में कृषि उपज मंडियों में विक्रय होने वाली कृषि उपज पर मंडी शुल्क में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के निर्णय से प्रदेश के कृषि उपज मंडी व्यापारियों में असंतोष व्याप्त है।

व्यापारियों का कहना है कि मंडी शुल्क बढ़ने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा तथा मंडियों में अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश के व्यापारियों को अन्य राज्यों के व्यापारियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि देश के अधिकांश कृषि उत्पादक राज्यों में मंडी शुल्क 1 प्रतिशत या उससे कम है।

मंडी शुल्क में वृद्धि का अतिरिक्त भार अंततः किसानों पर पड़ेगा, जिससे उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इससे कृषि व्यापार और किसानों दोनों के हित प्रभावित होंगे। इस संबंध में गोपालदास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ एवं जितेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष अनाज तिलहन व्यवसायी संघ उज्जैन ने प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि मंडी शुल्क बढ़ाने संबंधी कैबिनेट के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लिया जाए।

## निर्वाचन आयोग का फूंका पुतला

**पिपलीया स्टेशन।** राज्य सभा सांसद के लिए कांग्रेस उम्मीदवार का मंगलवार को नामांकन फार्म निरस्त कर दिया गया।

इससे आक्रोशित कांग्रेसजनों ने मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, कांग्रेसनेता मुकेश निडर के नेतृत्व में रात्रि 8 बजे नगर कांग्रेस द्वारा ज्योतिबाफुले चौराहे पर निर्वाचन आयोग का पुतला फूंका व निर्वाचन आयोग व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर ने कहा कि भाजपा खरीद फरोख्त नही कर पाई क्योकि ने पूरी एकजुटता दिखाई विधायक गणो को 10-10 करोड रुपये के ऑफर भी दिए इसमें फेल होजाने के बाद निर्वाचन आयोग से मिलीभगत कर कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी जी नटराजन का नामाकंन निरस्त करवा दिया।

## धूमधाम से मना राम विवाह उत्सव

**शाजापुर।** अधिक मास के पावन पर्व पर पुलिस लाइन रोड स्थित राम मंदिर में चल रही संगीतमय राम कथा में राम विवाह उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथा के दौरान जैसे ही राम-जानकी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचने-झूमने लगे।

अधिक मास के कारण कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रीराम विवाह उत्सव के प्रसंग का वर्णन करते हुए नगर के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित लाल शंकर मेहता ने भगवान राम के दूल्हा रूप का अत्यंत सजीव और अलौकिक चित्रण किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान राम दूल्हा बने, तो कामदेव स्वयं घोड़ा बनकर आए। इस दिव्य स्वरूप के दर्शन भगवान शंकर ने अपने 15 नेत्रों से किए। ब्रह्मा जी अपने 8 नेत्रों से दर्शन कर गदगद हुए और अधिक नेत्र न होने पर पछताने लगे। वहीं, कार्तिकेय ने अपने 6 मुखों (12 नेत्रों) और देवराज इंद्र ने 1000 नेत्रों से भगवान के इस मनमोहक रूप को निहारा। इंद्राणी, सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती जैसी देवियां भी सुंदर स्त्रियों का रूप धरकर दूल्हा बने श्रीराम के दर्शन करने आईं और उन पर जमकर पुष्प वर्षा की।

व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को धर्म का मर्म समझाते हुए पंडित मेहता ने कहा कि पुष्प का एक नाम सु-मन भी है, जिसका अर्थ होता है सुंदर मन।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम पक्ष श्री मोहनलाल पिता रायसिंह गुर्जर, निवासी ग्राम खोदरी निपानिया, तहसील तराना, जिला उज्जैन द्वारा द्वितीय पक्ष श्री अरबाज पिता सिकंदर नायता, निवासी ग्राम नरवर, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन के साथ ग्राम खोदरी निपानिया, तहसील तराना, जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 29/1, रकबा 0.86 हेक्टेयर के विक्रय संबंधी करार किया गया है। उक्त भूमि का विक्रय संपादन मेरे पक्षकार श्री अरबाज पिता सिकंदर नायता द्वारा आगामी 7 (सात) दिवस में कराया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा पक्षकार का उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वामित्व, बंधक, ऋण, उत्तराधिकार, कब्जा, रास्ता, विवाद अथवा अन्य कोई वैधानिक दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपने प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित रूप में प्रस्तुत करें। विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि तक पहुंचने हेतु दो अन्य स्थानों से भी गाड़ी-गुजार (आवागमन) मार्ग उपलब्ध हैं। अतः रास्ते या आवागमन संबंधी किसी प्रकार का दावा या आपत्ति रखने वाले व्यक्ति निर्धारित अवधि में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नहीं है तथा विक्रय कार्यवाही नियमानुसार संपादित कर दी जाएगी। इसके पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति या दावे के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होगा। दिनांक 9/6/2026

**सूचनाकर्ता / सेवा प्रदाता**
**कल्याण सिंह तोमर**
**स्थान-बस स्टैंड पुरानी नगर परिषद दुकान क्रमांक 6**
**मो. 8305207111**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन क्रमांक 162. चन्द्रशेखर आजाद मार्ग की दुकान जिसे सुविधा की दृष्टि से दुकान क्र. 5 कहा जाता है जिसके पूर्व मे एहमद खा हिस्सा पश्चिम भवन के शेष भाग उत्तर मे भवन का शेष भाग एवं दक्षिण में चन्द्रशेखर आजाद मार्ग मिला है। जो कि बतौर भूरे मिया उर्फ भूरे खा से उत्तराधिकार मे प्राप्त हुई का सौदा शाहनवाज रंगरेज, अख्तर रंगरेज, अल्लारखा रंगरेज और नौसाद रंगरेज से किया होकर आंशिक विक्रय मूल्य अदा कर दिया है, केवल विक्रय पत्र का निष्पादन शेष है। यदि उक्त भवन पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा संसथा का ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायगी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से पांच दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति सप्रमाणित दसतावेज रखे अन्य दशा में उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति, दिनांक-09-06-2026

**अनिल मालवीय हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**कार्यालय 61/1, वररूचि मार्ग फ्रीगंज उज्जैन म.प्र.**
**मो.नं. 88789-11190**

## NAME CHANGE NOTICE

It is to inform all that earlier my name was **Kalpana Sonaniya D/O Babu Lal Verma.** Further please note that my name is changed as **Kalpna Mandloi W/O Vikas Mandloi** and in future I will be known by my this new name only.
Date: 09-06-2026

**Kalpna Mandloi W/O Vikas Mandloi**
Ward No. 5, Station Road, Maksi, District, Shajapur (M.P.) 456106

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शिवांगी (Shivangi) से बदलकर शिवांगी लढ़ा (Shivangi Ladha) रख लिया है अतः अब से मुझे इसी नाम से जाना जाये।

शिवांगी लढ़ा
(Shivangi Ladha)
निवासी मोडल टाउन,
लालपुर, देवास रोड, उज्जैन
मध्यप्रदेश 456010

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने Aparaa Buildtech Limited (PAN- AAICA9497N) U45201MH201 OPTC244052 द्वारा अधिकृत विक्रेता टोनी यादव पिता दिनेश यादव निवासी 668/34 एम.ओ.जी लाईन के पास समाजवादी इन्दिरा नगर इन्दौर से उपरोक्त पंजीकृत कम्पनी के भूखण्ड क्रमांक 65 जो दर्शन एनक्लेव हामूखेडी देवास रोड उज्जैन में स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 84-50 वर्ग मीटर जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 64 पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 66 उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 78 दक्षिण में कालोनी की सडक मिली है, को खरीद किये जाने का अनुबंध किया होकर उपरोक्त वर्णित प्लट पर उपरोक्त भूमि स्वामीयों द्वारा मोके पर सीमा चिन्ह भी अंकित कराये जा चुके हैं, केवल मात्र अब विक्रय पत्र का सम्पादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष रहा है । अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय के संव्यहार के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, या वित्तीय बैंक आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का स्वत्व, हित, अधिकार, अथवा ऋण भार प्रभार आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सके, उक्त समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा मे मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का सम्पादन व पंजीयन करा लेवेगें, व ततपश्चात कोई आपत्ति मान्य न होकर मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं होगी। 10-6-2026

**धर्मराज जैन ( मारू ) सिनीयर दस्तावेज लेखक**
**115 सुदामा नगर दो टावर के पास उज्जैन**
**मो.9827438477**

## कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन, आगर रोड 456006, टेलीफोन : 0734-2535244, 0734-2550659
ई मेल आई.डी. : nn.ujjain@mpurban.gov.in, वेबसाइट : www.nagarnigamujjain.org

क्रमांक : होर्डिंग सेल / 2026 / 50 — उज्जैन, दिनांक 05/06/2026

### <u>ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना</u>

मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया नियम 2017 के प्रावधान अनुसार Engagement of transaction advisor for identification of places for installation of OMDs and establishment of ujjain municipal corporation outdoor financial analytical tool (OFAT) का कार्य संपादित किये जाने हेतु कंसल्टेंसी ऐजेंसी के चयन हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अमानत राशि | टेंडर डॉक्युमेंट की लागत | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_506758_2 | Engagement of transaction advisor for identification of places for installation of OMDs and establishment of ujjain municipal corporation outdoor financial analytical tool (OFAT) | 1,00,000 रुपये | 5,000 रुपये | 22/06/2026 |

विस्तृत निविदा सूचना, टेण्डर डाक्यूमेन्ट व अन्य जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त (होर्डिंग सेल)
नगर पालिक निगम उज्जैन

## स्वदेशी जागरण मंच में सांगठनिक दायित्वों की घोषणा की

**मन्दसौर।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान मालवा प्रांत के तत्वावधान में रतलाम में प्रांतीय विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस वर्ग में मंच के क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, प्रांत संयोजक विशाल पुरोहित और प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत की उपस्थिति में नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। संगठन के विस्तार और कार्यप्रणाली को गति देने के उद्देश्य से अंकुश पालीवाल को मंदसौर विभाग संयोजक तथा दिलीप व्यास को मंदसौर विभाग पर्यावरण प्रमुख की महत्वपूर्ण सांगठनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंदसौर के जिला संयोजक दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि दोनों ही कार्यकर्ता लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और उनके अनुभवों का लाभ आगामी समय में पूरे विभाग को मिलेगा।

## अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान नगर परिषद सुवासरा में प्रस्तावित ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट कार्यों पर चर्चा की गई और अधिकारियों ने वर्तमान स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद नगरी में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा संचालित की जा रही पेयजल सप्लाई परियोजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति, कार्यों की गुणवत्ता तथा उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

## दो कारो की आमने-सामने भिड़ंत, 5 घायल

**नीमच ।** जिले के जावद क्षेत्र के नानपुरिया रोड पर ग्राम सेतपुरिया के समीप रविवार को दो वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर मे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालाकि मारुति ईको कार के सभी एयरबैग खुल जाने से बड़ा हादसा टल गया और वाहन सवारों की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 तत्काल मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नगर के शासकीय गंभीर घायल को बेहतर उपचार अस्पताल पहुंचाया। जहां से एक हेतु जिला अस्पताल नीमच रेफर किया गया। हादसे में करन सिंह पिता हजारीलाल बंजारा क्षमाबाई पति करनसिंह बंजारा मंजूबाई पति बहादुर सिंह निवासी गंगरार (राजस्थान), शांतिबाई पति केशराम बंजारा तथा केशराम बंजारा (50) घायल हुए हैं।

पश्चिम रेलवे – दाहोद
निविदा सूचना संख्या : M247_MECH_TENDER_26-27_07 दिनांक : 08/06/2026
कार्य का नाम : RSW/DHD के व्हील शॉप में रिपेयर कार्य के दौरान लोको, मेमू, डेमू, TW व BVZI व्हील के विभिन्न घटकों की डिसमेंटलिंग व सफाई का कार्य, निविदा सूचना संख्या : M247_MECH_TENDER_26-27_07, Dated 08/06/2026, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 महीने, कार्य की अंदाजित लागत : ₹ 24,01,892.57/-, बयाना राशि : ₹ 48,000.00/-, परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समय : दिनांक 29/06/2026 को 15:00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 15:30 बजे को खोलना, वेबसाईट का पता व स्थान : वेबसाईट www.ireps.gov.in. ADM/17/1/94
Follow us on: twitter.com/WesternRly

WESTERN RAILWAY-RATLAM DIVISION
EXPRESSION OF INTEREST (EOI)
1 EOI No. CA 11/NFR/Consultant Hiring/Group II/26-27 dtd. 27.05.2026 2. Name of the Work with its location: EXPRESSION OF INTEREST (EOI) For Engagement of Consultants for Optimum Commercial Utilization of Commercial Space/Asset and Vacant Railway Land At Railway station over Ratlam Division Western Railway Group-II: Ratlam Nagda and Ujjain Railway stations 3. Description of Work: The EOI is floated For Engagement of Consultants for Optimum Commercial Utilization of Commercial Space/Asset and Vacant Railway Land At Railway station over Ratlam Division Western Railway of Work Group-II: Ratlam Nagda and Ujjain Railway station 4. Period of Work: 6 Months 5 Date & Time for Submission of bid and opening of EOI: EOI Box will be kept on 12.06.2026 at 10:00 hrs EOI Box closing Time: 12.06.2026 at 11:00 Hrs. EOI Box opening Time: 12.06.2026 at 11:30 Hrs. at Office of the Divisional Railway Manager (Commercial) Western Railway Do Batti Ratlam (M.P.) 6. Website particulars & notice board location: EOI document can be downloaded from the western railway website www.wr.indianrailways.gov.in Whereas Notice board of DRM office and Ratlam station. V/087A
Like us on: facebook.com/WesternRly

# भाजपा जिलाध्यक्ष व आरडीए उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट

## रतलाम के विकास कार्यों और योजनाओं पर हुई चर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रतलाम विकास प्राधिकरण (आरडीए) के उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान रतलाम शहर के समग्र विकास, अधोसंरचना विस्तार और आरडीए द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

भेंट के दौरान आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि रतलाम के सुनियोजित विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए आरडीए निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी विकास की नई योजनाओं को गति दी जाएगी।

श्री सोनी ने मुख्यमंत्री को आरडीए द्वारा पूर्व में संचालित तथा वर्तमान में प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने शहर में आवासीय, व्यावसायिक एवं अधो संरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही रतलाम के भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी शहरों के संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी संगठन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से रतलाम के विकास को नई दिशा देने की बात कही।

## शुद्ध शाकाहार और संस्कार ही संस्कृति की पवित्रता के आधार- मुनिश्री प्रणम्य सागर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



अर्हं योग प्रणेता पूज्य मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज ने स्थानीय तारबंगला मंदिर परिसर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भिन्न-भिन्न परम्पराओं में विचार अलग हो सकते हैं, परन्तु धर्म का मुख्य उद्देश्य पवित्रता और शुद्धता ही है। शुद्ध आहार केवल शाकाहार ही है, यदि भक्ष्य-अभक्ष्य का ध्यान नहीं रखा गया तो व्यक्ति का ज्ञान मूर्छित अवस्था में है।

मुनिश्री ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लेकर भी यदि कोई मांसाहार करता है, तो उसका इस देश से कोई वास्ता नहीं हो सकता। बोतल बंद पानी और पेय पदार्थ अशुद्ध होते हैं, इसलिए बच्चों को शुद्ध-अशुद्ध का फर्क समझाएं।

धर्मसभा में उपस्थित सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि जैन जीवन पद्धति के परिवार उच्च आदर्शों वाले होते हैं। संतों का सानिध्य हमेशा ऊर्जा से भरा होता है। प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्वलन व पाद प्रक्षालन सांसद गुप्ता सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट का लाभ धर्मेन्द्र रेखा बड़जात्या, निर्मल प्रेमलता जैन जयपुर व प्रियंका जैन मेरठ को प्राप्त हुआ। मुनिवर को श्रीफल भेंट करने वालों में महावीर जैन दलौदा, कुशल डोसी, प्रो. अशोक अग्रवाल, राजेन्द्र कियावत, सुरेश जैन, दीपक भूता आदि शामिल थे।

प्रारंभ में मंगलाचरण भावना पाटनी व चेतना जैन ने किया। सांसद सुधीर गुप्ता का स्वागत प्रवास समिति अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्या, दिगम्बर समाज अध्यक्ष अनिल जैन, मुनि सेवा समिति अध्यक्ष अरविंद मेहता, शांतिलाल बड़जात्या, विजयेन्द्र कुमार सेठी, नरेश दोषी, नेमकुमार गांधी, राजकुमार पाटनी, मनीष सेठी, डॉ. राजकुमार अजय कुमार बाकलीवाल ने किया। संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

## 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ शारीरिक शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर के स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ शारीरिक शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर निवासी १४ वर्षीय नाबालिग बालिका ने स्टेशन रोड थाने पहुंचकर अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीती 7 जून की रात आरोपी परवेज यूसुफ खान दोस्ती होने के नाते उसे बहला-फुसलाकर अपने घर रहमत नगर ले गया था। वहां आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण (ज्यादती) किया।

**तबीयत बिगड़ने पर घर छोड़कर भागा**

अगले दिन जब पीड़िता की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी, तो आरोपी परवेज घबरा गया और उसे वापस उसके घर जवाहर नगर छोड़कर मौके से भाग निकला। इसके बाद पीड़ित बालिका ने हिम्मत जुटाकर पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी। बेटी के साथ हुई इस हैवानियत को सुनकर मां दंग रह गई और तुरंत उसे लेकर स्टेशन रोड थाने पहुंची।

**पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज**

स्टेशन रोड थाना पुलिस ने पीड़ित बालिका की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी परवेज यूसुफ खान के विरुद्ध भादंवि बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उर्वरक की सोसायटी में उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करें- कलेक्टरश्री चंद्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिले की सभी सोसायटी के गोदामों में डबल लाक केंद्रों से पर्याप्त उर्वरक का भण्डारण हो। सोसायटी में नियमित रूप से उर्वरक का अग्रिम भण्डारण एवं किसानों को उर्वरक का वितरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कृषि, सहकारिता एवं विपणन संघ अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने तीनों एसडीएम को उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि किसी भी सोसायटी में उर्वरक की कमी ना रहे। अग्रीम भण्डारण किया जाए।

बैठक में बताया, कि यूरिया की आधी रैंक और एनपीके की आधी रैंक एक दो दिन में लग रही है। नीमच पर्याप्त मात्रा में डलब लाक केंद्रों में उर्वरक उपलब्ध है।

बैठक में कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सड़क निर्माण के प्रगतिरत कार्य स्थल पर सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप साईनेज, रिप्लेक्टर एवं बेरियर संकेतक आदि अनिवार्य रूप से लगवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी प्रगतिरत कार्य पर सड़क सुरक्षा संबंधित साईनेज, संकेतक, बोर्ड नही पाए जाएंगे।

## मंदसौर में 171 करोड़ की सीवरेज परियोजना पर मंथन, बनेंगे 6 आधुनिक पंपिंग स्टेशन



**मंदसौर।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने मंदसौर शहर में भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की संयुक्त सहभागिता से लगभग 171 करोड़ रुपये की लागत से संचालित सीवरेज परियोजना के निर्माण कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी पीसी स्नेहल इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी, अहमदाबाद के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ परियोजना की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से मंथन किया गया। श्री सिसौदिया ने बताया कि शहर में सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 6 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) स्थापित किए जाएंगे, जो आधुनिक तकनीक से निर्मित होंगे। इनके माध्यम से सीवरेज जल को पाइपलाइन द्वारा अलावदाखेड़ी-शिवना क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। गांधीनगर, यशनगर एवं मेघदूत नगर क्षेत्र के लिए 1,1 एमएलडी क्षमता का आईपीएस ऑडिटोरियम के समीप बनेगा। निर्माण एजेंसी आगामी 10 वर्षों तक इसके रखरखाव एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। श्री सिसौदिया ने बताया कि यह परियोजना मंदसौर शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे भविष्य में स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को आधुनिक सीवरेज सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

## नीमच रेडीमेड गारमेंट्स की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नीमच रेडीमेड गारमेंट्स व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में पहली बार 6 एवं 7 जून को व्यापारी सदस्यों के लिए धार्मिक यात्रा निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य व्यापारी संगठन को मजबूती मिल पाय और सदस्यों को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो एवं वैश्विक ईंधन संकट में नीमच रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन एक ही बस में यात्रा कर ईंधन बचत का संदेश दे पाए।

जानकारी देते हुए अध्यक्ष संतोष प्रेमाणी सचिव मुकेश बाहेती यात्रा संयोजक विनोद होतवानी ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा पहली बार सभी सदस्यों के लिए दो दिवसीय यात्रा निकाली गई जो की नीमच से 6 जून को प्रातः 7.15 बजे बावड़ी वाले बालाजी मंदिर स्थित नीमच नरेश खाटू श्याम जी के यहां दो ध्वज निशान खाटू श्याम जी एवं सालासर बालाजी के ध्वज का ढोल नगाड़ों के साथ पूजा अर्चना कर बस द्वारा सभी यात्री सदस्य सांवलिया सेठ मंडफिया, खाटू श्याम जी रिंग्स, जीण माता, सालासर बालाजी, महालक्ष्मी मंदिर एवं अन्य मंदिरों के दर्शन करें। यात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने अच्छी बारिश हो ओर स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिले ताकि शहर की बेरोजगारी को कम कर पाए। यात्रा में राजेश गांधी, विनोद होतवानी, संतोष प्रेमाणी मुकेश बाहेती उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
बिजली विभाग (पॉवर)
ई–निविदा सूचना
संख्या : EL-2025-26-48R1 & 53R, दिनांक : 08/06/2026. मंडल रेल प्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्टपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेब–साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :
क्र. : 1, ई टेंडरिंग संख्या : EL-2025-26-48R1, कार्य का नाम : Ratlam Division - Electrical work in connection with Augmentation of water supply arrangement at various 12 stations in connection with Simhastha 2028, अनुमानित लागत : ₹ 12506359.92, बयाना राशि: ₹ 250100.00, निविदा खुलने की तिथि : 30/06/2026. क्र. : 2, ई टेंडरिंग संख्या : EL-2025-26-53R, कार्य का नाम : Ratlam Division - Electrical work in connection with provision of Replacement of Air Conditioners and water Coolers under passenger amenities at various stations/ locations.PH-53, अनुमानित लागत : ₹ 6691811.98, बयाना राशि: ₹ 133800.00, निविदा खुलने की तिथि : 30/06/2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्ते वेब–साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ADM/7/1/93
Follow us on: twitter.com/WesternRly

# अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में 7 जून से 9 जून तक अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता अभियान तथा 9 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकताओं को सुरक्षित आवागमन एवं रेल संरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क उपयोगकताओं में सुरक्षित व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जून माह में यह अभियान चलाया जाता है। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न समपार फाटकों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत पोस्टर, बैनर, पंपलेट, जनसंपर्क गतिविधियों एवं व्यक्ति गत संवाद के माध्यम से लोगों को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों एवं रेलवे कर्मचारियों ने आसपास के गांवों में जाकर स्थानीय नागरिकों, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को समपार फाटकों पर सुरक्षित व्यवहार के नियमों से अवगत कराया। विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी संरक्षा संदेश प्रसारित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय समपार सुरक्षा जागरूकता दिवस के अवसर पर ०९ जून २०२६ को सिविल डिफेंस एवं संरक्षा विभाग द्वारा रतलामझगोधरा खंड के समपार क्रमांक 80 पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान सड़क उपयोगकताओं को समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों, रेलवे संरक्षा नियमों तथा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में बंजलीझसेजावता बाइपास स्थित समपार संख्या 190 पर भी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) श्री के. एल. मीणा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री डी. एम. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने कहा कि समपार फाटकों पर अधिकांश दुर्घटनाएं मानवीय भूल एवं असावधानी के कारण होती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समपार फाटक बंद होने पर किसी भी प्रकार का जोखिम न लें, रेलवे संरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करें तथा च्दुर्घटना से देर भलीज् के सिद्धांत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा संरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु जनसहभागिता और जागरूकता के बिना दुर्घटना-मुक्त वातावरण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। रेलवे के अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा विभिन्न समपार फाटकों का निरीक्षण कर गेटमैन एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को ऊपरी 25 केवी विद्युत लाइन से संबंधित सावधानियों, समपार फाटक बंद रहने के दौरान किया।

## न्यूज कालम



### मादक पदार्थ तस्करों से 5 करोड़ की शासकीय भूमि मुक्त

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग और एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की है। तहसील गरोठ के ग्राम कुरलासी में उद्योग विभाग को आवंटित शासकीय भूमि सर्वे क्र. ४४४ एवं ४४९ कुल रकबा 6.96 हेक्टेयर पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। इस अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त आरोपी विक्रमसिंह उर्फ गुड्डुसिंह व कुशालसिंह द्वारा कब्जाई गई इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग ५ करोड़ रुपये है। राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से कार्रवाई करते हुए इस पूरी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम राहुल चौहान, एसडीओपी विजय कुमार यादव, तहसीलदार अर्जुन भदौरिया और थाना प्रभारी बलवीर यादव सहित संबंधित अधिकारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

### जग्गाखेड़ी में कमर्शियल प्लॉट्स की ई-बिडिंग शुरू, मंदसौर के औद्योगिक विकास को गति

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योगों और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंदसौर के जग्गाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) ने कमर्शियल भूखंडों की ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू की है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने बताया कि सरकार का उद्देश्य उद्योगों के साथ व्यापार और सेवाओं से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाना है। इन भूखंडों पर बैंक, होटल, रेस्टोरेंट, ऑफिस, वेयरहाउस और शोरूम जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान विकसित हो सकेंगे, जिससे उद्योगों और कर्मचारियों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं मिलेंगी। मंदसौर जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में अब तक 5900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश अनुमानित है, जिससे 15 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। जग्गाखेड़ी फेज-१ में ७८ फैक्ट्रियां संचालित हैं, वहीं फेज-२ निवेशकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनकर उभरा है, जहां करीब १२०० करोड़ के निवेश से 4500 से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

### कार मैकेनिक ने अज्ञात कारणों से जहर खाकर दी जान

**मन्दसौर।** स्थानीय सगोरिया रोड इलाके में रहने वाले एक कार मैकेनिक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, नवीन नामक मैकेनिक ने अपने घर पर ही जहरीला पदार्थ खाया था। तबीयत बिगड़ने पर परिवार के सदस्य उसे गंभीर हालत में शामगढ़ के स्थानीय शासकीय अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मंदसौर रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, मंदसौर पहुंचने से पहले ही रास्ते में नवीन ने दम तोड़ दिया। युवक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है और मौके से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भूतेश्वर मंदिर में होगा धार्मिक आयोजन

**नीमच ।** 10 जून को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में निरंतर सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करेंगे। यह अवसर प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता एवं राष्ट्रभक्त नागरिक के लिए गौरव, प्रेरणा और उत्सव का विषय है। जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह मीडिया प्रभारी शुभम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा के यशस्वी भविष्य की कामना हेतु भूतेश्वर महादेव मंदिर, नीमच में मंगलवार, 10 जून को प्रातः 10 बजे से भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक पूजन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा तथा भारत की उन्नति, समृद्धि एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, तथा पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा पदाधिकारियों ने सभी कार्यकताओं एवं श्रद्धालु नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### फोरलेन की सर्विस लाईन की दुर्दशा पर आंसू बहा रहे है राहगीर



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय डाक बंगले से पिपलिया पंथ तक फोरलेन सड़क के पूर्व दिशा की ओर बनी सर्विस लाईन की सड़क विगत समय से टूटी हुई है, जिससे टूविलर फोर व्हीलर वाहनों को गुजरना खतरनाक है। विशेष रूप रात के समय इससे गुजरना और दुर्घटनाओं को निमंत्रण देना। नागरिकों ने सड़क निमार्ता कंपनी से मांगकरी है कि तत्काल सर्विस लाइन की हालत सुधारी जाए।

### सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु शुरू किया जा रहा जीवन संजीवनी अभियान

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा जिले में हो रही सडक दुर्घटननाओं को कम करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में 20 अत्यधिक सडक दुर्घटना स्थल का चयन करने हेतु निर्देशित किया गया द्य जिसमें उन दुर्घटना स्थल पर आस पास रहने वाले 50-50 लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार हेतु देने के लिए निर्देशित किया है।




## जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा प्रथम मिलन समारोह आयोजित

**खाचरोद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री खाचरोद द्वारा वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सत्र का प्रथम मिलन समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।इस अवसर पर 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र, माला एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। कुल 28 होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रुप द्वारा इन सभी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजित करने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश रिजन के उपाध्यक्ष शरद जैन, मध्य प्रदेश रीजन के सह सचिव विजय बरड़िया एवं अवॉर्ड कन्वीनर मनीष चपलोद विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की मेधावी बच्चों को उनकी तरफ से भी गिफ्ट वेट किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संरक्षक चंद्र प्रकाश चोरड़िया विनोद जैन, राजेश वनवट तथा अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा सहित विनीत छाजेड़, अरुण लुणावत, राजेश चोपड़ा, संदीप जैन, अनिल लोढ़ा, आयुष बरड़िया, मोना चौरड़िया, अतुल चोरड़िया, अंजू नांदेचा, टीना बरखेड़ा वाला, सोनू गेलड़ा, दिव्या बुडावन वाला ममता चोपड़ा राखी जैन आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नामित वनवट ने दी

**सारंगपुर सिविल न्यायालय प्रांगण में किया गया पौधारोपण**

## जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं और वृक्ष बनने तक उसकी सुरक्षा का दिया संदेश



**सारंगपुर।** स्थानीय सिविल न्यायालय सारंगपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल भलावी एवं व्यवहार न्यायाधीश आकांक्षा कात्याल के कुशल नेतृत्व में संपन्ना हुआ। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पर्वत सिंह मंडलोई एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में न्यायालय परिसर में विभिन्ना प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान उपस्थित न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने समाज को प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि जब तक वह एक मजबूत वृक्ष न बन जाए, तब तक उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता डब्लयू. एम. मंसूरी, सेवानिवृत्त न्यायालय नाजिर व पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मी नारायण त्रिकार, अधिवक्ता आरसी शर्मा, जीपी सक्सेना, ओम प्रकाश राठौड, रामबाबू नारोलिया, रईस मंसूरी, लोकेश वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक और न्यायालय स्टाफ से संजीव गिरजे आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने रोपे गए पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया।

## रेलवे स्टेशन पर ट्रेनो में यात्रा कर रहे हैं यात्रियों के लिए नि:शुल्क जल सेवा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा-राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर ब्यावरा जागृति महिला मंडल रचनात्मक समाजसेवी संस्था एवं सभी समाजसेवियो के द्वारा विगत 9 वर्षों से ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं यात्रियों के लिए निःशुल्क जल सेवा की जाती है। भरी दुपहरी तपती गर्मी लू और लपट के बीच यात्रियों को शीतल जल से भरे करीब 80 से 100 कैंपर प्रतिदिन शीतल ठंडा जल पिलाया जा रहा है। अधिकमास के इस पावन पर्व पर कोसों दूर से आने वाले प्यासे यात्रियों के कंठ तर करने का इस पुनीत कार्य में सहभागिता के लिए कई समाजसेवियों के साथ-साथ महिलाओ, बच्चो और बुजुर्ग के हाथ श्रमदान की ओर बढ़ने लगे हैं। हर दिन सेवा देने वाले समाजसेवी में समाज सेविका सुश्री रचना भार्गव सचिव ब्यावरा जागृति महिला मंडल, अजय दीक्षित, इरशाद हैदर, संदीप पाराशर, इंदिरा कुशवाह, राजा राम शिवहरे, वेदांश पचौरी, मुकेश पालीवाल, श्रीमती सीमा शिवहरे, सुनील शिवहरे, विशाल साहू, मुख्तार भाई, जावेद भाई, हरिशंकर शर्मा, पूनम गुप्ता, पुरुषोत्तम साहू, अशोक खत्री, भारत कुशवाह, केशव दीक्षित आदि लोगों के द्वारा प्रतिदिन जल सेवा की जा रही है।

## अवैध रेत उत्खनन कर चोरी करते पकडे 4 ट्रेक्टर ट्राली करीब 24 लाख रुपए का माल जप्त

**ब्यावरा।** एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुठालिया(मऊ) उनि अनिल राहोरिया एवं उनकी टीम ने



कार्यवाही करते हुए थाना सुठालिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महाराजखेडा में पार्वती नदी किनारे दबिश दी, 04 ट्रेक्टरों के चालक पुलिस को देखकर मौके से भाग गये जो पार्वती नदी से अवैध रेत उत्खनन कर चोरी कर अबैध रुप से बिना रायल्टी के रेत भरकर परिवहन कर रहे थे। मौके से 04 ट्रेक्टर मय ट्राली रेत भरी को जप्त किये। कुल जप्त 04 ट्रेक्टर मय रेत भरी ट्राली कुल कीमत 24 लाख रुपए को जप्त कर थाना परिसर में खडा किया मौके से फरार ट्रेक्टर के अज्ञात चालको की तलाश जारी है।

मेधावियों को मिला मंच, संस्कार के रूप में भेंट की गई श्रीमद् भागवत गीता

# पाटीदार समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

### पाटीदार समाज सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित समारोह में शामिल हुए अतिथिगण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर पाटीदार समाज सेवा समिति द्वारा नगर के मास्टर माइंड स्कूल परिसर में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता का एक अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह में राजगढ, शाजापुर और आगर जिले से आए मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच पर लाकर उनका और उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभाओं को प्रशंसा पत्र, उपहार और विशेष रूप से श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**शिक्षा, एकता और सामाजिक विकास पर जोर**

समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी एआर पाटीदार ने समाज की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा



किसी भी समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव होती है। उन्होंने युवाओं से उच्च शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। साथ ही समाज में एकता, सहयोग और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

**समाज रत्न से सम्मानित**

कार्यक्रम में शासकीय कन्या हाई स्कूल पाडल्यामाता के प्राचार्य बद्री प्रसाद पाटीदार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सफलता दिलाती है, जबकि संस्कार उसे समाज में सम्मान दिलाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके लगातार छह वर्षों के उल्लेखनीय योगदान और निस्वार्थ समाज सेवा के लिए समिति द्वारा पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर आत्माराम पाटीदार एवं बद्री प्रसाद पाटीदार को समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

**दानदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार**

इस दौरान समाज के विभिन्ना क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले समाजसेवियों, दानदाताओं और सक्रिय कार्यकताओं का भी मंच से आभार व्यक्त किया गया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे गरिमामय अतिथि**

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर, एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, पाटीदार समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार पाटीदार तथा मास्टरमाइंड स्कूल के एमडी किशोर सिंह पाटीदार, समाजसेवी राजेश पाटीदार, सुभाष अंगर, अरुण पाटीदार, देव सिंह, मणिशंकर पाटीदार, राजेश पाटीदार, राजेंद्र, नंदकिशोर पाटीदार, अविनाश, राकेश पटेल, महेश पाटीदार, श्याम सिंह पाटीदार, सीपी पाटीदार, महेंद्र वर्मा, विनोद पाटीदार और संतोष पाटीदार सहित बडी संख्या में तीनों जिलों से आए समाजजन और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। स्वागत भाषण समिति के संयोजक नंदकिशोर पाटीदार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर इंदौर से पधारे वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पाटीदार ने समिति के सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों 5 लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यनारायण पाटीदार एवं विजय कुमार मंडलोई द्वारा किया गया।

महाराणा प्रताप जयंती पर

# शौर्य यात्रा के लिए राजपूत समाज ने सर्व समाज से किया आहवान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



राजपूत कल्याण समिति महिदपुर द्वारा सर्व समाज से आग्रह किया गया कि वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण श्रद्धेय श्री महाराणा प्रताप जयंती पर आप सर्व समाज पधार कर शौर्य यात्रा को संपन्न करें।

**कार्यक्रम को लेकर हुई विशेष बैठक**

इस आयोजन को लेकर 7 जून रविवार को राजपूत बोर्डिंग में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील से कई राजपूत सरदार उपस्थित रहे। राजपूत सरदारों से आग्रह किया गया कि शौर्य यात्रा में राजपूती वेश ,पोशाक,पहनकर पधारे और सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में शौर्य यात्रा में पधारने का आग्रह किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाराणा प्रताप जयंती पर महिदपुर शहर में 14 जून 2026 रविवार को एक विशाल शौर्य यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकलने जा रही हैं। यह शौर्य यात्रा ध्वज पूजा के साथ प्रातः 8.30 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहा, चौक बाजार, पुराने बस स्टैंड, बीनपुरा रोड होकर राजपूत बोर्डिंग पहुंचेगी। वहां पर राजपूत समाज का सम्मेलन आयोजन किया जाएगा, ।

**विशेष अतिथि होंगे उपस्थित**

कार्यक्रम को समाज के गौरव जयवर्धनसिंह बाबा साहब विधायक राघोगढ़, डॉक्टर तेज बहादुर सिंह विधायक खाचरोद, ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना परिवार ,ठाकुर राजेश सिंह कुशवाहा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा विंग एवं समाज के कई अतिथियों, विशिष्ट समाजसेवी, सलाहकार संबोधित करेंगे।

**10 लाख का होगा भूमिपूजन**

राजपूत बोर्डिंग महिदपुर में अतिथियों द्वारा 10 लाख रुपए की लागत के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन भी । इसके पश्चात स्नेह भोज आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा तहसिल अध्यक्ष अंतरसिंह राजपुत ठिकाना रोहिड़ा ने दी।

## बारिश से पहले मां चामुंडा टेकरी की व्यवस्थाएं दुरुस्त हों- शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

प्रदेशभर में आस्था का प्रमुख केंद्र मां चामुंडा-तुलजा भवानी टेकरी पर हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए शेडों की मरम्मत और पाथवे के रखरखाव की जरूरत महसूस की जा रही है। वर्तमान में कई स्थानों पर व्यवस्थाएं जर्जर स्थिति में हैं, जिससे दर्शनार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने चामुंडा प्रबंध संस्थान के अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मांग की है कि टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से विकसित किया गया पाथवे आज देखरेख के अभाव में अपनी चमक खोता जा रहा है। समय रहते इसकी मरम्मत और सौंदर्यीकरण कराया जाना आवश्यक है, वहीं पाथवे मार्ग पर भी बारिश से बचाव हेतु शेड निर्माण किया जाए। शर्मा ने बताया कि टेकरी पर बारिश से बचाव के लिए लगाए गए अधिकांश शेड क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्थिति यह है कि हल्की बारिश होने पर भी श्रद्धालुओं को पर्याप्त आश्रय नहीं मिल पाता और उन्हें भीगते हुए दर्शन करने पड़ते हैं। कई शेडों की छतों से पानी सीधे नीचे गिरता है, जिससे उनका उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया था, लेकिन अब तक प्रभावी सुधार नहीं हो सका है।

## बिजली के खंभों व पेडों पर लगा रहे अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

जैसे-जैसे नवीन शैक्षणिक सत्र करीब आ रहा हैं। वैसे-वैसे ही नगर में अवैध होर्डिग, बैनर, पोस्टर की भरमार हो रही है। शैक्षणिक संस्था के अतिरिक्त व्यापारिक प्रतिष्ठान, निजी अस्पताल, राजनीति हर क्षेत्र के सबसे अधिक होर्डिग बिजली के खंभों पर लगाए जा रहे हैं, जो बारिश के दिनों में तेज हवा आंधी के चलते हादसों का कारण बन सकते हैं। इनमें करंट फैलने का डर बना रहता है, इन्हें हटाने की जिम्मेदारी विद्युत वितरण कंपनी की है, जो परमिशन भी देती है लेकिन इसके जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई जगह बडे होर्डिंग आंधी चलने पर आमजन के लिए परेशानी बन सकते हैं। नियमानुसार बिजली के खंभों का उपयोग अनुमति लेने के बाद ही किया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान है। बावजूद इसके अवैध होर्डिग, बैनर, पोस्टर की बाढ सी आई हुई है।

देवास में सीसीटीवी की मदद से ई-रिक्शा लूटकांड का खुलासा

# तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी-मोबाइल समेत पूरा माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास की कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फरियादी से छीना गया मोबाइल फोन, 3,600 रुपए नकद, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, शिवपुरी निवासी आनंद रघुवंशी 4-5 जून की दरमियानी रात देवास बस स्टैंड पर मौजूद थे। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें लाल रंग के ई-रिक्शा में बैठाया और दुगार्पुरा सिया क्षेत्र में ले गए। वहां उन्होंने आनंद के साथ झूमा-झटकी कर उनके पर्स से नकदी, मोबाइल फोन और दस्तावेज छीन लिए और फरार हो गए।



फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त लाल रंग के ई-रिक्शा की पहचान हुई, जो आरोपियों तक पहुंचने का मुख्य सुराग बना।

**तीनों आरोपी गिरफ्तार, सामान जब्त**

पुलिस ने इसी सुराग के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद उनसे लूटा गया पूरा सामान बरामद कर जब्त कर लिया गया। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# माणा टोल कर्मचारी की अज्ञात कारणों से मौत, सड़क किनारे मिला शव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

क्षेत्र के ग्राम माणा निवासी एवं माणा टोल प्लाजा पर कार्यरत युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो जाने का मामला सामने आया है।रविवार-सोमवार की दरमियानी रात सड़क किनारे युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलते ही टोल प्लाजा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और युवक को तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र गुर्जर पिता प्रह्लाद गुर्जर 30 वर्ष निवासी माणा माणा टोल प्लाजा पर कार्यरत था। रविवार रात करीब 1:28 बजे वह किराना दुकान से सामान लेने के लिए गया था। इसी दौरान उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही टोल प्लाजा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सोमवार सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की असमय मृत्यु से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र में भी घटना को लेकर चचाओं का दौर जारी है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## नातरा-झगड़ा के नाम पर अवैध वसूली करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में नातरा झगड़ा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नातरा झगड़ा के नाम पर अवैध धनराशि की मांग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी कौशल्या बाई पति रोडमल तंवर 21 वर्ष निवासी ग्राम दलेलपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पूर्व पति राम भरोसे पिता घीसालाल तंवर निवासी ग्राम बानपुर एवं उसके परिवार जन फरियादिया के ससुर से झगड़े के 14 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। उक्त राशि को नहीं देने पर आरोपियों ने फरियादिया के गांव दलेलपुरा के ही रायसिंह तंवर के पिंडावडा एवं भूसे में आग लगाकर नुकसान किया एवं धमकी दी कि झगड़े की राशि नहीं देने पर वह ऐसे ही गांव में नुकसान करते रहेंगे व किसी को जान से मार देंगे। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजगढ़ में अपराध के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामभरोसे पिता घीसालाल, बबलू पिता घीसालाल, जगदीश पिता घीसालाल एवं घीसालाल तंवर ग्राम बानपुर थाना कोतवाली राजगढ़ को गिरफ्तार कर चारो आरोपियों को न्यायालय राजगढ़ में प्रस्तुत किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उन्हें जिला जेल राजगढ़ भेज दिया।

**महाराणा प्रताप सम्मान समारोह -2026**

## सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले राजावत महाराणा प्रताप सम्मान से अलंकृत

**बड़नगर।** समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे उल्लेखनीय एवं जनहितकारी



कार्यों के लिए लोटस ग्रुप के संचालक जितेंद्रसिंह राजावत को इंदौर में आयोजित प्रतिष्ठित ₹महाराणा प्रताप सम्मान समारोह-2026₹ में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से समाजहित में किए जा रहे समर्पित प्रयासों एवं प्रेरणादायी कार्यों की गौरवपूर्ण स्वीकृति है। सामाजिक क्षेत्र में भी राजावत की पहल सदैव चर्चा का विषय रही हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता तथा सकारात्मक परिवर्तन के लिए उनके प्रयास अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जयपालसिंह चावड़ा प्रदेश अध्यक्ष, किसान मोर्चा, केशवसिंह भदौरिया अध्यक्ष, मध्यप्रदेश महाराणा प्रताप बोर्ड, राजनारायणसिंह पूर्णी, श्रवणसिंह चावड़ा, राजपालसिंह सिसौदिया, दुलेसिंह राठौर, दिलीप सिंह पंवार एवं कमलेश्वरसिंह सिसौदिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा-पुंज होते हैं, जो अपने कार्यों से सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं। महाराणा प्रताप सम्मान से अलंकृत होना न केवल राजावत की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समूचे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है । शिक्षाविदों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने जितेंद्रसिंह राजावत को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की है।

## जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर योजना प्रभारी श्रीमती शर्मा का सम्मान

**खाचरौद।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर



पालिका परिषद द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए लगातार दूसरे वर्ष उज्जैन जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बताया कि भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण जनहितैषी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए उज्जैन जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में हितग्राहियों को व्यापार करने हेतु शासन द्वारा ऋण प्रदान किया जाता हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में 15 हजार, उसके बाद 25 हजार और उसके उपरांत 50 हजार तक का ऋण व्यापार करने हेतु हितग्राहियों को प्रदान किया जाता हैं। नगर पालिका द्वारा लगातार योजना में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नगर पालिका अध्यक्ष भरावा द्वारा योजना प्रभारी श्रीमती रंजना शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया तथा इसी प्रकार भविष्य में भी लगन, मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पार्षद दशरथ वाकतरिया, प्रकाश डाबी, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, राजेन्द्र बबलू पंड्या, पूर्व नपा उपाध्यक्ष नारायण संगीतला, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि शंकरलाल राठौड़, कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी, नपा अधिकारी कर्मचारी योगेन्द्रसिंह तोमर, हिमांशु पिसाल, असद उल्ला खान, योगेश शर्मा, महेन्द्र गोहर, रुकमणी परमार, रीना चौहान, आकांक्षा माथुर, बबिता राठौड़, मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।



# ओल्ड ऐज में ऐसे दिखें ब्यूटीफुल

बौलीवुड ऐक्ट्रैस जैसे नीतू कपूर, नीना गुप्ता और रेखा जैसी एवरग्रीन ऐक्ट्रैस भी 60 से ऊपर की हैं और कमाल की ड्रैसिंग स्टाइल करती हैं. इन से इंस्पायर हो कर आप भी बढ़ती उम्र में बोल्ड और स्टाइलिश दिख सकती हैं.

सजनासंवरना, तो हर किसी को पसंद है लेकिन कई बार बढ़ती उम्र इस के आड़े आ जाती है और 60+ लोग चाहते हुए भी अपनेआप को फैशनेबल बनाने से हिचकने लगती है क्योंकि उन्हें लगता है कि लोग उन का मजाक बनाएंगे और कहेंगे कि देख क्या ह्यबूढ़ी घोड़ी लाल लगामह्व बन कर चली है।

कुछ महिलाओं को लगता है कि बढ़ती उम्र में अगर वे ज्यादा स्टाइलिश दिखेंगी तो समाज उन के बारे में क्या सोचेगा? लोग कहेंगे कि बुढ़ापे में जवानी चढ़ रही है! जबकि कुछ महिलाओं को लगता है कि 60 साल की उम्र में अगर वे ट्रेंडी कपड़े पहनेंगी या लड़कियों की तरह खुद को मैनटेन रखेंगी, तो लोग उन का मजाक उड़ाएंगे।

यही वजह है कि वे नए फैशन और स्टाइल को फौलो करना छोड़ देती हैं। लेकिन यह गलत सोच है। ऐसा नहीं है कि उम्रदराज लोग फैशन नहीं कर सकते। बिलकुल कर सकते हैं। दरअसल, ऐज सिर्फ एक नंबर होती है। अगर बढ़ती उम्र में भी आप को नए ट्रेंड को फौलो करने का मन करता है या खुद को स्टाइलिश दिखाने का मन करता है तो आप को लोगों की परवाह करने के बजाय अपने मन की सुननी चाहिए।

लेकिन आप को पता होना चहिए इस उम्र में आप पर क्या अच्छा लगेगा और उम्र के हिसाब से कौन सा फैशन सूट करेगा। बौलीवुड ऐक्ट्रैस जैसे नीतू कपूर, नीना गुप्ता और रेखा जैसी एवरग्रीन ऐक्ट्रैस भी 60 से ऊपर की हैं और कमाल की ड्रैसिंग स्टाइल करती हैं। इन से इंस्पायर हो कर आप भी बढ़ती उम्र में बोल्ड और स्टाइलिश दिख सकती हैं। आप को कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि लोग क्या सोचेंगे बल्कि जो आप का मन कहे वही करें। हां, कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें :

## हेयरस्टाइल का भी ध्यान रखें

अगर आप के बाल सफेद हो गए हैं और मेहंदी लगाने में भी आप को दिक्कत होतो है तो हेयर कलर करवाने में कोई बुराई नहीं है। बल्कि यह आप को यंग दिखाएगा। साथ ही आप बालों में कटिंग भी करवाती रहें। इस से बाल अच्छे देखेंगे। छोटे और लेयर्ड हेयरकट से आप ज्यादा फ्रेश दिख सकती हैं। इसलिए एक ट्रेंडी लौंग वेव्स, शोल्डर लेंथ हेयरकट या सौफ्ट लेयर्स आप ट्राई कर सकती हैं। साथ ही अपने बालों में वौल्यूम बनाए रखने के लिए अच्छे हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। अगर बाल काफी कम हो गए हैं तो विग लगाने में कोई परेशानी नहीं है बल्कि ऐसा करना अच्छा ही रहेगा।

## कंफर्ट पहले देखें

फैशन का मतलब सिर्फ ट्रेंड को फौलो करना नहीं है, बल्कि इस में आराम भी उतना ही जरूरी है। 60 के बाद आप को ऐसे कपड़े चुनने चाहिए जो न केवल दिखने में स्मार्ट हो, बल्कि पहनने में भी आरामदायक हों। ज्यादा टाइट ड्रैस, बहुत भारी फैब्रिक या असहज करने वाले ट्रेंड्स से बचना ही सही है।



## टाइट फिटिंग वाले कपड़े पहनने से बचें

बहुत ज्यादा लूज और बहुत फिटेड कपड़ें न पहनें। अपने साइज के कपड़े पहनें ताकि वे आप पर पहने हुए अच्छे लगें। कपड़ों की सही फिटिंग आप के आत्मविश्वास को बढ़ा देती है।

## अपनी फिगर और शारीरिक बनावट के अनुसार कपड़े पहनें

अगर हाइट कम है, तो बहुत लंबी ड्रैस न पहनें। इसी तरह अगर आप का पेट निकला हुआ है, तो पेट पर से थोड़ा लूज ही पहनें। इस के लिए छोटे प्रिंट पहनें।

## कलर भी सोच समझ कर चुनें

ऐक्सपर्ट्स का मानना है कि 40 की उम्र में बहुत ज्यादा नियौन या चमकीले रंगों से बचना चाहिए। इस के बजाय पेस्टल शेड्स, बेज, औफव्हाइट, पाउडर ब्लू, लैवेंडर और मस्टर्ड जैसे रंग आप की पर्सनैलिटी पर ज्यादा अच्छे लगेंगे। ये रंग चेहरे की नैचुरल ग्लो को भी उभारते हैं और लुक को रिच बनाते हैं।

इस के अलावा पिंक, ब्लैक, औलिव ग्रीन जैसे रंग आप को फ्रैश और यंग लुक देते हैं। इस के साथ ही मोनोक्रोम लुक यानी एक ही रंग के अलगअलग शेड्स ट्राई करें, जो आप को लंबा और स्लिम लुक देने में मदद करते हैं।

## मेकअप उम्र के हिसाब से होना चाहिए

अपने चेहरे के आकार और उम्र के हिसाब से मेकअप करें। मेकअप ऐसा हो जो बढ़ती उम्र के निशान छिपा सकें। झुर्रियों वाली जगह पर हाई लाइटर लगाने से बचें। ब्लशर को चीक बोन से ललाट तक ले जाएं और कंटोर से चहेरे को लिफ्ट करें। आंखों पर ज्यादा मेकअप न करें क्योंकि वहां की स्किन ढीली पड़ने लगती है। इसलिए आईशैडो चुनते समय सावधानी बरतें और लगा कर देख लें कि जो सूट कर रहा हो वही लगाएं। वैसे लाइट कलर ज्यादा अच्छे लगेंगे।

# क्या विन्यास योग करने से वजन घटता है?



आज के समय में ज्यादातर लोग मोटापे की समस्या से परेशान रहते हैं। वजन बढ़ने के कारण लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को योग, एक्सरसाइज और बैलेंस डाइट लेने की सलाह दी जाती है। हेल्दी डाइट लेने और योग करने से शरीर का बीमारियों से बचाव करने, शरीर में ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर करने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है। ऐसे में वजन कम करने के लिए विन्यास को भी किया जा सकता है।

वजन करने के लिए विन्यास योग को करना फायदेमंद होता है। इसके साथ-साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करना भी जरूरी है। वजन कम करने के लिए विन्यास योग को करने के साथ-साथ फिजिकल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने, बैलेंस डाइट लेने, भरपूर पानी पीने, स्ट्रेस को कम करने और भरपूर नींद लेना भी शामिल है।

विन्यास योग को करने से शरीर को एक्टिव करने, शरीर की फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देने, ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर करने, फैट को बर्न करने और वजन कम करने में मदद मिलती है।




भारत के चार बॉलर्स को 2-2 विकेट

# इंडिया-ए ने श्रीलंका-ए को ट्राई सीरीज का पहला वनडे हराया, गायकवाड का शतक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इंडिया-ए ने ट्राई सीरीज के पहले वनडे में श्रीलंका-ए को 8 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम 48.5 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई।

दांबुला स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 60 रन का योगदान दिया। क्ख्छ-2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी 14 रन ही बना सके। श्रीलंकाई टीम की ओर से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट झटके।

47.2 ओवर में अंशुल कंबोज ने भारत को 7वां विकेट दिलाया। उन्होंने शानदार यॉर्कर डालकर सेट बल्लेबाज सहान अराचिगे की बेहतरीन पारी का अंत कर दिया। अरच्चिगे ने गेंद को निकालने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का निचला किनारा लगने के बाद गेंद सीधे स्टंप्स से जा टकराई। श्रीलंका का यह सातवां विकेट था और टीम को अब जीत के लिए 16 गेंदों में 16 रन की जरूरत थी। अराचिगे 72 गेंदों में 74 रन बनाकर आउट हुए। उनकी शानदार पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

35.2 ओवर में अनुकूल रॉय ने एक और विकेट झटकते हुए श्रीलंका को बड़ा झटका दिया। रविंदु फर्नांडो अपनी पारी में कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके और सिर्फ 5 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हो गए। अनुकूल ने उन्हें फ्लाइटेड गेंद फेंकी, जिस पर रविंदु ने लेग साइड में शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और सीधे गेंदबाज की ओर हवा में चली गई। अनुकूल रॉय ने आसान कैच लपकते हुए अपना दूसरा विकेट पूरा किया।

# रोहित-हार्दिक ने फिटनेस टेस्ट पास किया, कोहली पहले ही बाहर हो चुके



रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। दोनों जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे। आईपीएल 2026 के दौरान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे थे। वहीं हार्दिक पांड्या बैक स्पाज्म की वजह से परेशान थे। दोनों मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए चोटिल हुए थे।

रोहित-हार्दिक को वनडे सीरीज के लिए सब्जेक्ट टू फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया था। अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने दोनों को फिटनेस क्लियरेंस दे दी है।

विराट कोहली हैमस्ट्रिंग की वजह से टीम से बाहर हो चुके हैं। आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था। स्क्वाड अनाउंस के समय बीसीसीआई चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने बताया कि कोहली की रिकवरी का सही समय अभी तय नहीं है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड वनडे सीरीज तक वह फिट हो सकते हैं, लेकिन यह पक्का नहीं है। कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को अफगानिस्तान सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज 13 जून से धर्मशाला में शुरू होगी। दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा।

**भारत की वनडे टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर ब्रार, हर्ष दुबे।


**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### मुराई मोहल्ला में नगर निगम की टीम ने तीन जर्जर मकानों को तोड़ा



**इंदौर।** बारिश के पहले इंदौर में नगर निगम की टीम जर्जर मकानों पर रिमूवल की कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को भी नगर निगम की टीम ने जर्जर मकानों पर कार्रवाई की। मुराई मोहल्ला में नगर निगम की टीम ने तीन जर्जर मकानों को तोड़ा, हालांकि इन जर्जर मकानों के पीछे बने मकान भी काफी पुराने होने की वजह से टीम को काफी सावधानी से ये कार्रवाई करना पड़ी। नगर निगम के जोन क्रमांक 11 के भवन अधिकारी व रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि मंगलवार को नगर निगम की टीम ने नगर निगम कमिश्नर के निर्देश पर मुराई मोहल्ला, छावनी में तीन जर्जर मकानों पर रिमूवल की कार्रवाई की है। तीनों ही मकान जर्जर हालत में थे। आगे भी जो चिन्हित मकान हैं, उन्हें भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से की। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन से ही मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की है, लेकिन इन जर्जर मकानों के पीछे जो मकान थे, वह भी काफी पुराने थे। इसलिए नगर निगम की टीम ने सुरक्षा को देखते हुए काफी सावधानी से और आराम से काम करना पड़ा, ताकि पीछे के मकानों को कोई नुकसान ना हो। बताया जा रहा है कि इस काम में नगर निगम की टीम को थोड़ा समय लगा। निगम अधिकारी का कहना है कि बारिश के पहले जो चिन्हित जर्जर मकान है उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान
### लसूडिया और जूनी इंदौर क्षेत्र की घटनाएं

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के राहुल गांधी नगर में रहने वाले विजय रावत (36) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विजय पेशे से ड्राइवर था और पत्नी व तीन साल के बेटे के साथ रहता था। घटना के समय पत्नी काम पर गई हुई थी, जबकि बेटा अपनी नानी के घर था। पुलिस को सूचना मृतक के भाई आकाश ने दी। उसने बताया कि परिवार में तीन भाई हैं और सभी अलग-अलग रहते हैं। माता-पिता का निधन हो चुका है। शाम को जब पत्नी घर लौटी तो विजय को फंदे पर लटका पाया। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया होगा। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय पीयूष खटीक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीयूष चंद्रभागा क्षेत्र का रहने वाला था और अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ ससुराल में रहता था। पुलिस के अनुसार, देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद होने की आवाज किराएदारों ने सुनी थी। रात करीब 2 बजे पत्नी ने पीयूष को फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि पीयूष ने प्रेम विवाह किया था और नौकरी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और अन्य लोगों के बयान लिए जा रहे हैं।

### दो भाइयों पर छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत एफआईआर

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में दो भाइयों के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती विवाद इलाके में पानी भरने को लेकर हुआ था, लेकिन जांच के दौरान 12 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत के आरोप भी सामने आए हैं। पुलिस ने बताया कि रामानंद नगर निवासी दीपक कुमावत और रोशन कुमावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता के अनुसार सोमवार को वह इलाके में पानी भर रही थी, तभी आरोपी रोशन ने उसके साथ अभद्र भाषा में बात की। घर पहुंचने पर उसने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता जब आरोपियों के घर बात करने पहुंचे तो वहां भी विवाद हो गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दीपक उस पर बुरी नजर रखता था और आने-जाने के दौरान उसका पीछा करता था। उसने यह भी आरोप लगाया कि नौकरी के दौरान आरोपी कई बार उससे बात करने का दबाव बना चुका है। जांच के दौरान पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपियों के यहां रहने वाले किरायेदार की 12 साल की बेटी के साथ भी दीपक ने अकेले में अश्लील हरकत और गलत तरीके से छूने जैसी घटनाएं की थीं। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को थाने बुलाकर पूछताछ की। पुलिस ने मामले में दीपक कुमावत के खिलाफ पॉस्को एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, जबकि रोशन कुमावत पर अभद्रता और विवाद करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है।

### हाथ धोते समय खाने के सामान पर छींटे पड़ने पर दो पक्षों में विवाद

**इंदौर।** सराफा चौपाटी पर सोमवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद की वजह हाथ धोने के दौरान पानी के छींटे खाने के सामान पर पड़ना बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि सोमवार रात कुछ युवक सराफा चौपाटी घूमने पहुंचे थे। इस दौरान वे एक दुकान पर रुके और हाथ धोने लगे। हाथ झटकने के दौरान पानी के छींटे दुकानदार के खाने के सामान पर जा गिरे। इसी बात को लेकर युवकों और दुकानदार पक्ष के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई होने लगी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ता गया। हंगामे की सूचना मिलने पर सराफा पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे लोगों को थाने ले गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### संघ पदाधिकारी व भाजपा नेता के बीच विवाद में 7 पर एफआईआर लेकिन गिरफ्तारी नहीं

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र में संघ पदाधिकारी व भाजपा नेता के बीच हुए विवाद में आरोपी बने भाजपा नेता वीरेंद्र शेंडगे व विधायक मालिनी गौड़ के पीए प्रणय चित्तौड़ा सहित सातों आरोपियों में से एक की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं शेंडगे व शानू दिघे के घरों व गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वालों की तो पहचान तक नहीं हो सकी है। शेंडगे की ओर से दिए गए आवेदन को लेकर पुलिस का कहना है जांच जारी है। शनिवार देर रात से रविवार शाम तक चले इस घटनाक्रम को लेकर सोमवार को भी राजनीतिक गहमा-गहमी रही। पता चला है कि कुत्तों को भोजन देने को लेकर शेंडगे व साथियों का जिनसे विवाद हुआ था, उनमें आरएसएस की शाखा के शारीरिक प्रमुख चेतन पाटिल भी शामिल थे। लेकिन, जिस तरह उनके व साथियों के परिवार की महिलाओं साथ मारपीट और अभद्रता की गई, उसे लेकर स्वयंसेवकों में भारी आक्रोश था। शनिवार देर रात के घटनाक्रम की पूरी जानकारी सोशल मीडिया के जरिये स्वयंसेवकों तक पहुंची थी। संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने सुबह ही भाजपा प्रदेश संगठन को मामले की जानकारी दी। तत्काल उचित कदम उठाने के लिए भी कहा गया था। उसके बाद ताबड़तोड़ प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर नगर संगठन ने शेंडगे को पद से हटाकर शोकाज नोटिस जारी कर दिया। कहा जा रहा है कि शेंडगे विधायक गौड़ के करीबी हैं। इसके बावजूद उनकी तरफ से दी गई शिकायत पर एफआईआर नहीं हो सकी।

पीटीसी इंदौर की दीक्षांत परेड में 984 नव आरक्षक शामिल

# डीजीपी बोले-वर्दी अधिकार नहीं, बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक

## डीजीपी मकवाना ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) इंदौर में मंगलवार को 78वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के समापन पर दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीजीपी कैलाश मकवाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। लगभग एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद 984 नव आरक्षकों, जिनमें 788 महिला प्रशिक्षु शामिल हैं, ने शानदार परेड का प्रदर्शन कर पुलिस सेवा में प्रवेश किया।

डीजीपी मकवाना ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी वाहनी सिंह ने सभी नव आरक्षकों को कर्तव्य, अनुशासन और सेवा की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि पुलिस की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है, जिसे संवेदनशील व्यवहार और ईमानदार कार्यशैली से अर्जित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में साइबर अपराध और नशे की समस्या बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है, जिनसे निपटने के लिए तकनीकी रूप से दक्ष और नैतिक रूप से मजबूत पुलिस बल की आवश्यकता है।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु हुए सम्मानित

समारोह के दौरान प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीजीपी ने पीटीसी इंदौर की कार्यप्रणाली और प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह और उनकी टीम की प्रशंसा की।

### आरोहण कार्यक्रम में दिखाया साहस और कौशल

दीक्षांत परेड के बाद प्रशिक्षुओं ने आरोहण कार्यक्रम के तहत टीम भावना, शारीरिक दक्षता और साहसिक करतबों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं के अनुशासन और कौशल ने उपस्थित अतिथियों एवं परिजनों को प्रभावित किया। समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) रवि कुमार गुप्ता, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग, चंद्रशेखर सोलंकी, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, डीआईजी मनीष कुमार अग्रवाल, इंदौर ग्रामीण एसपी राजेंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) रचना भदौरिया ने आभार व्यक्त किया।

### पुलिसकर्मी को उसके व्यवहार और चरित्र से पहचानता है समाज

उन्होंने नव आरक्षकों से कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। समाज पुलिसकर्मी को उसके व्यवहार और चरित्र से पहचानता है। उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस को देश की सबसे आधुनिक, संवेदनशील और विश्वसनीय पुलिस बनाने के संकल्प को दोहराया।

# खजराना मंदिर पुजारियों को हटाने की मांग

## बहू ने लगाए दहेज प्रताड़ना के आरोप, कहा- शादी के बाद ही करने लगे परेशान

### पुजारियों को जांच पूरी होने तक गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में खजराना गणेश मंदिर से जुड़े पुजारी परिवार के खिलाफ दर्ज दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा के मामले को लेकर मंगलवार को पीड़िता डॉ. इंद्रा भट्ट कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंची। उन्होंने मंदिर के पुजारियों को जांच पूरी होने तक पूजा कार्य से अलग करने और गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है।

डॉ. इंद्रा भट्ट ने शिकायत में बताया कि उनका विवाह मई 2025 में पुजारी पुनित भट्ट से हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की गई। मामले में महिला थाना इंदौर में पुनित भट्ट सहित परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज है।

वहीं, पीड़िता ने मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। प्रशासन ने मामले में जांच का भरोसा दिलाया है। शिकायत के अनुसार महिला थाना इंदौर ने अप्रैल 2026 में पुनित भट्ट, प्रतिमा नागर, नवीन नागर, उदित भट्ट, कुमकुम भट्ट, सुमित भट्ट और विनित भट्ट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया था। इसके साथ ही घरेलू हिंसा से संबंधित प्रकरण भी कोर्ट में लंबित बताया गया है। पीड़िता के एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे ने बताया कि मंदिर अधिनियम के प्रावधानों के तहत यदि किसी पुजारी के आचरण से मंदिर की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, तो प्रशासक या कलेक्टर जांच लंबित रहने तक उसे पद से हटाने या निलंबित करने पर विचार कर सकते हैं।



**मंदिर अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग-** पीड़िता ने शिकायत में कहा कि खजराना गणेश मंदिर का संचालन मध्य प्रदेश श्री गणपति मंदिर खजराना (इंदौर) अधिनियम, 2003 के तहत होता है। ऐसे में जिन पुजारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें जांच लंबित रहने तक पूजा कार्य और गर्भगृह से दूर रखा जाना चाहिए।
**दक्षिणा के उपयोग में गंभीर अनियमितताओं का आरोप-** उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में पुजारियों द्वारा अमर्यादित आचरण किया गया और श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दक्षिणा के उपयोग को लेकर भी गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। इन आरोपों के समर्थन में वीडियो और अन्य दस्तावेज होने का दावा भी किया गया है।

# मक्का बनी इंदौर संभाग की नई ताकत

## 7 प्रमुख फसलों में राज्य, देश के औसत से बेहतर पैदावार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महू**

ब्रिक्स कृषि कार्य समूह (एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप) सम्मेलन की मेजबानी से ठीक पहले सामने आए खरीफ-2026 के कृषि आंकड़ों में इंदौर संभाग में खेती का नया ट्रेंड सामने आया है। कभी सोयाबीन आधारित कृषि क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाला इंदौर संभाग अब मक्का उत्पादन का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। दूसरी ओर संभाग की 10 प्रमुख फसलों में से 7 फसलों की उत्पादकता प्रदेश और राष्ट्रीय औसत से अधिक दर्ज की गई है।

संभाग में इस साल प्रमुख खरीफ फसलों का कुल रकबा 21.93 लाख हेक्टेयर है, जहां से 47.79 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। क्षेत्रफल के लिहाज से सोयाबीन सबसे बड़ी फसल बनी हुई है, लेकिन उत्पादन के मामले में मक्का ने सभी फसलों को पीछे छोड़ दिया है। मक्का का कुल उत्पादन 20.11 लाख मीट्रिक टन आंका गया है, जो सोयाबीन (14.40 लाख मीट्रिक टन) और कपास (11.69 लाख मीट्रिक टन) से काफी अधिक है। इसकी औसत उत्पादकता 3728 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि प्रदेश का औसत 3340 किलोग्राम और राष्ट्रीय औसत 2932 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। संभाग की उत्पादकता राज्य से करीब 12 प्रतिशत और राष्ट्रीय औसत से 27 प्रतिशत अधिक है।

संभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि दलहन फसलों में दिखाई देती है। अरहर की उत्पादकता 1464 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, जो मध्यप्रदेश के औसत 842 किलोग्राम और राष्ट्रीय औसत 836 किलोग्राम से 75 प्रतिशत अधिक है।

एमजीएम परिसर में

## 20 पेड़ों को हटाने के लिए 16 लाख जमा कराने का नोटिस



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहे नए अस्पताल भवन के लिए प्रस्तावित 20 बड़े पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया अब भी अटकी हुई है। नगर निगम ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज प्रशासन को दोबारा नोटिस जारी कर पेड़ों के ट्रांसप्लांटेशन के लिए निर्धारित 16 लाख रुपए जमा कराने को कहा है।

निगम अधिकारियों के अनुसार मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने निर्माण कार्य के लिए 20 पेड़ों को हटाने की अनुमति मांगी थी। प्रस्ताव के तहत कुछ पेड़ों को काटना और बाकी को ट्रांसप्लांट करना है। करीब दो महीने पहले निगम ने पेड़ों के ट्रांसप्लांटेशन शुल्क के रूप में 16 लाख रुपए जमा कराने संबंधी पत्र जारी किया था, लेकिन अब तक राशि जमा नहीं कराई गई। इस कारण निगम की ओर से पेड़ हटाने की अनुमति जारी नहीं की गई है। इसी के चलते सोमवार को फिर से कॉलेज प्रशासन को पत्र भेजा गया।

इंदौर की भूरी टेकरी की मल्टी में विवाद

## युवक से मिलने फ्लैट पहुंची युवती, परिवार में हंगामा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित भूरी टेकरी की एक मल्टी में युवक से मिलने पहुंची युवती के कारण शनिवार देर रात हाईवोल्टेज ड्रामा हो गया। आरोप है कि युवती ने घर में मौजूद महिला के साथ मारपीट की, अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद वह खुद को बेडरूम में बंद कर बैठ गई। मामले में कनाड़िया पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवती के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अरावली परिसर, भूरी टेकरी निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि शनिवार रात वह अपने पिता के साथ बाजार गई हुई थीं। इसी दौरान उसके भाई मोहनीश का फोन आया और उसने उन्हें तुरंत घर आने के लिए कहा। घर पहुंचने पर पता चला कि अजमेर (राजस्थान) निवासी खुशी उर्फ शाइना खान फ्लैट पर आई हुई थी। आरोप है कि उसने घर में मौजूद युवती की मां को कमरे में बंद कर दिया था। अंदर से रोने की आवाजें आ रही थीं। परिजनों का आरोप है कि जब उनकी मां ने बाहर वालों से बात करने की कोशिश की तो युवती ने उनका मुंह दबा दिया और उनके साथ मारपीट की। परिजनों के मुताबिक जब खुशी से घर छोड़ने के लिए कहा गया तो उसने मना कर दिया। इसके बाद वह बेडरूम में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर बैठ गई। उसने कथित तौर पर कहा कि वह मोहनीश को नहीं छोड़ेगी और उसे परिवार के लोगों से भी नहीं मिलने देगी।

शिकायत में कहा गया है कि युवती लगातार मोहनीश के साथ रहने की बात कह रही थी। उसने कथित तौर पर यह भी कहा कि यदि मोहनीश उसके साथ नहीं रहा तो वह आत्महत्या कर लेगी। मामला बढ़ने पर युवती ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और खुशी को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह कमरे से बाहर नहीं निकली। काफी देर बाद जब मोहनीश फ्लैट से चला गया, तब वह बाहर आई।

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com